हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शनिवार • 22.02.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 211 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

# विकसित भारत के लिए हर क्षेत्र में सर्वोत्तम नेतृत्व जरूरी : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि 21वीं सदी के 'विकसित भारत' के लिए देश के हर सेक्टर में, हर वर्टिकल में, जीवन के हर पहलू में दिन-रात काम करने उत्तम से उत्तम नेतृत्व की जरूरत है जो वैश्विक सोच और स्थानीय विकास के विचार पर चले।

श्री मोदी ने शुक्रवार को यहां भारत मंडपम में स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप (सोल) लीडरशिप कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का उद्घाटन किया। उनके साथ भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे भी मौजूद थे।

श्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा, कुछ आयोजन ऐसे होते हैं, तो हृदय के बहुत करीब होते हैं और आज का ये कार्यक्रम सोल लीडरशिप कॉन्क्लेव भी ऐसा ही आयोजन है। राष्ट्र निर्माण के लिए नागरिकों का विकास जरूरी है, व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण।

उन्होंने कहा कि यदि जन से जगत तक किसी भी ऊंचाई को प्राप्त करना है, तो आरंभ जन से ही शुरू होता है। हर क्षेत्र में बेहतरीन लीडर्स का विकास बहुत जरूरी है और समय की मांग है। इसलिए सोल की स्थापना 'विकसित भारत' की विकास यात्रा में एक बहुत महत्वपूर्ण और बड़ा कदम है।

उन्होंने कहा, स्वामी विवेकानंद भारत को गुलामी से बाहर निकालकर भारत को परिवर्तित करना चाहते थे और उनका विश्वास था कि अगर सौ लीडर उनके पास हों, तो वह भारत को आजादी ही नहीं, बल्कि दुनिया का नंबर वन देश बना सकते हैं। इसी मंत्र को लेकर हम सबको आगे बढ़ना है। आज हर भारतीय, 21वीं सदी के 'विकसित भारत' के लिए दिन-रात काम कर रहा है। ऐसे में 140 करोड़ के देश में भी हर सेक्टर में, हर वर्टिकल में, जीवन के हर पहलू में हमें उत्तम से उत्तम लीडरशिप की जरूरत है।

उन्होंने कहा, स्वतंत्रता के लिए हमारी लड़ाई से बेहतर साझा उद्देश्य का कोई उदाहरण नहीं हो सकता... आज, हमें स्वतंत्रता की भावना को पुनर्जीवित करना होगा और इससे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना होगा... यदि आप स्वयं को विकसित करते हैं, तो आप व्यक्तिगत सफलता का अनुभव कर सकते हैं। यदि आप एक टीम विकसित करते हैं, तो आपका संगठन विकास का अनुभव कर सकता है; और यदि आप नेताओं को विकसित करते हैं, तो आपका संगठन बहुत तेजगति से प्रभावी विकास कर सकता है।



उन्होंने कहा, हमें अपने शासन और नीति-निर्माण को विश्वस्तरीय बनाना होगा। यह तभी संभव होगा जब हमारे नीति-निर्माता, नौकरशाह, उद्यमी वैश्विक आधार प्रणाली से जुड़कर अपनी नीतियां बनाएंगे... अगर हमें 'विकसित भारत' बनाना है, तो हमें सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ना होगा... हमें न केवल उत्कृष्टता की आकांक्षा करनी होगी बल्कि उसे हासिल भी करना होगा।

श्री मोदी ने कहा कि प्रगति का लक्ष्य रखने वाले किसी भी देश को न केवल प्राकृतिक संसाधनों बल्कि मानव संसाधनों की भी आवश्यकता होती है। 21वीं सदी में, हमें ऐसे संसाधनों की आवश्यकता है जो नवाचार और कौशल को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ा सकें। हर क्षेत्र में कौशल की आवश्यकता होती है, और नेतृत्व विकास कोई अपवाद नहीं है - यह नई क्षमताओं की मांग करता है। हमें वैज्ञानिक रूप से नेतृत्व विकास में तेजी लानी चाहिए और सोल, इस परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है और यह गति हर क्षेत्र में तेज हो रही है। इस विकास को बनाए रखने और बढ़ाने के लिए, हमें विश्व स्तरीय नेताओं की आवश्यकता है। सोल संस्थान इस परिवर्तन में गेम-चेंजर हो सकते हैं। इस तरह के अंतर्राष्ट्रीय संस्थान सिर्फ एक विकल्प नहीं बल्कि एक आवश्यकता हैं। आने वाले समय में जब हम कूटनीति से प्रौद्योगिकी नवान्वेषण तक एक नई लीडरशिप को आगे बढ़ाएंगे तो सारे क्षेत्रों में भारत का प्रभाव कई गुना बढ़ेगा। यानी एक तरह से भारत का पूरा विजन और भविष्य नयी पीढ़ी की एक मजबूत लीडरशिप पर निर्भर होगा, इसलिए हमें वैश्विक सोच और स्थानीय विकास के साथ आगे बढ़ना है।

श्री मोदी ने कहा कि हमें ऐसे व्यक्तियों को तैयार करने की जरूरत है जो भारतीय मानसिकता के साथ अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य को समझते हों। इन नेताओं को रणनीतिक निर्णय लेने, संकट प्रबंधन और भविष्यवादी सोच में उत्कृष्टता प्राप्त करनी चाहिए। वैश्विक बाजार और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए, हमें ऐसे नेताओं की आवश्यकता है जो वैश्विक व्यापार की गतिशीलता को समझते हों। यह सोल का कार्य है।

प्रधानमंत्री ने कहा, आज भूटान के राजा का जन्मदिन है और हमने स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप के पहले संस्करण का उद्घाटन किया है, यह एक बहुत अच्छा संयोग है... मैं सोल जैसी संस्था के लिए बहुत उज्ज्वल भविष्य देखता हूं, क्योंकि ऐसे महान नेताओं ने इसकी नींव रखी है... मुझे युवाओं से बहुत उम्मीदें हैं और मैं हमेशा उनके लिए कुछ करने के तरीकों की तलाश में रहता हूं।

इससे पहले भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने अपने संबोधन में कहा, प्रधानमंत्री। मेरे बड़े भाई, जब भी मुझे आपसे मिलने का अवसर मिलता है तो मैं खुशी से झूम उठता हूं... मेरे गुरु, जब भी मैं आपसे मिलता हूं, मैं एक लोक सेवक के रूप में और भी अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित होता हूं... स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिमाग की उपज है और यह प्रामाणिक नेताओं को पोषित करने और उन्हें भारत के महान गणराज्य की सेवा करने के लिए सशक्त बनाने की प्रधानमंत्री की अटूट प्रतिबद्धता का एक और प्रमाण है।

### हेमन्त सोरेन से वर्ल्डबीइंग के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी ने की मुलाकात

# आदिवासी युवा पीढ़ी को हर लिहाज से सशक्त बनाने के लिए सरकार वचनबद्ध : मुख्यमंत्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से शुक्रवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में अंतरराष्ट्रीय संस्था वर्ल्डबीइंग के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी स्टीव लेवेन्थल (यूएसए) ने मुलाकात कर वर्ल्डबीइंग इंडिया फाउंडेशन की ओर से आरोहण कार्यक्रम के माध्यम से आदिवासी युवाओं को सशक्त और मजबूत बनाने के साथ उनके कल्याण की दिशा में किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया। उन्होंने इस कार्यक्रम के जरिए आश्रम आवासीय विद्यालयों में शिक्षकों और विद्यार्थियों में आए सकारात्मक बदलावों को भी मुख्यमंत्री के साथ साझा किया। मुख्यमंत्री ने इस अंतरराष्ट्रीय संस्था द्वारा इस राज्य के आदिवासी समाज के उत्थान और विकास के लिए किए जा रहे कार्यों को विस्तार से जाना और उसकी सराहना की।इस मौके पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार भी मौजूद थे।



- वर्ल्डबीइंग इंडिया फाउंडेशन द्वारा झारखंड में आदिवासी युवाओं को सशक्त बनाने हेतु किए जा रहे कार्यों से कराया अवगत।
- मुख्यमंत्री बोले- आदिवासी युवा पीढ़ी मानसिक रूप से मजबूत हों, इसके लिए सभी का सकारात्मक सहयोग जरूरी।
- आदिवासी युवा पीढ़ी को आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक समेत हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए उठा रहे हैं ठोस कदम।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड एक आदिवासी बाहुल्य राज्य है। इस राज्य की आदिवासी युवा पीढ़ी को आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक सहित अन्य सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ाने की दिशा में हमारी सरकार लगातार ठोस कदम उठा रही है उन्होंने कहा कि इसमें विभिन्न संस्थाओं का सहयोग काफी कारगर साबित हो सकता है। सरकार सभी के सकारात्मक सहयोग से इस राज्य को मजबूत और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

**युवाओं को मानसिक रूप से मजबूत बनाने की जरूरत**

वर्ल्डबीइंग इंडिया फाउंडेशन की झारखंड प्रभारी सुनीता मुंडा ने इस संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी देने के क्रम में कहा कि यहां के आदिवासी युवाओं में सामर्थ्य की कोई कमी नहीं है। विपरीत परिस्थितियों से भी वे लड़ने की पूरी क्षमता रखते हैं। लेकिन, मानसिक रूप से उन्हें थोड़ा मजबूत बनाने की जरूरत है। ऐसे में यह संस्था अपने आरोहन कार्यक्रम के माध्यम से आदिवासी युवाओं को मानसिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने भी कहा कि आदिवासी युवा मानसिक रूप से कैसे मजबूत हों, इसमें सरकार आपके द्वारा किए गए कार्यों का गहराई से आकलन कर आगे बढ़ेगी।

**आरोहण को शिक्षा के मुख्य प्रणाली से जोड़ने की जरूरत**

वर्ल्डबीइंग इंडिया फाउंडेशन ने मुख्यमंत्री को बताया कि यह संस्था आरोहण के जरिए बिहार की शिक्षा व्यवस्था के साथ जुड़कर काम कर रही है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में भी आरोहण को शिक्षा के मुख्य प्रणाली मैं कैसे शामिल किया जाए, इसके लिए सरकार गंभीरता से विचार करेगी। इस दिशा में झारखंड के शिक्षकों एवं अधिकारियों की टीम को बिहार में आपके द्वारा किए गए कार्यों को देखने के लिए भेजा जाएगा।

# झारखंड विधानसभा बजट सत्र से पहले हुई सर्वदलीय बैठक, भाजपा-आजसू अनुपस्थित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** बजट सत्र को लेकर स्पीकर द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक से भाजपा और आजसू ने अपने को अलग रखा। वहीं बैठक में वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, विधायक प्रदीप यादव, लोजपा विधायक जनार्दन पासवान, राजद विधायक सुरेश पासवान और जदयू विधायक सरयू राय शामिल हुए।



**नेता प्रतिपक्ष नहीं होने से सदन के संचालन में होती है तकलीफ : रविंद्र नाथ**

बैठक में के बाद स्पीकर रविंद्र नाथ महतो ने कहा कि विपक्ष से सहयोग की अपेक्षा है। सदन बेहतर तरीके से चलाने के लिए नेता प्रतिपक्ष जरूरी है। नेता प्रतिपक्ष के नहीं होने से आसन को कष्ट होता है। सदन के संचालन में तकलीफ होती है। नेता प्रतिपक्ष की आवश्यकता शत प्रतिशत है। हमने आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि गाड़ी के दो पहिया में से एक नहीं रहेगा, तो तकलीफ होगी ही। स्पीकर ने कहा कि भाजपा को बैठक के लिए पत्र भेजा गया था। बताते चलें कि स्पीकर ने रांची के विधायक सीपी को न्योता भी भेजा था। लेकिन पार्टी की तरफ से इसपर सहमति नहीं बनी।

बैठक के बाद मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बीजेपी विधायक दल के नेता के सवाल पर कहा कि भाजपा वाले भी विधायी प्रक्रिया अच्छे से जानते हैं। इसपर आपलोग मुझसे क्या सुनना चाहते हैं। इसपर मैं क्या बोलूं। फिर कहा कि ये सत्र चलेगा। सभी सदस्यों से उम्मीद है कि सभी अपने क्षेत्र और राज्य के विषयों को सदन में रखेंगे। स्पीकर ने कहा कि मूल बजट पर दो दिनों तक चर्चा होगी। तीन मार्च को सदन में बजट पेश किया जायेगा।

## दो दिवसीय मीडिया एंड एंटरटेनमेंट बिजनेस कॉनक्लेव में झारखंड ने लिया भाग



**चेन्नई/रांची :** फिक्की द्वारा 21 और 22 फरवरी को चेन्नई में आयोजित मीडिया एंड एंटरटेनमेंट बिजनेस कॉनक्लेव में झारखंड फिल्म डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड ने भी भाग लिया है। इस कॉनक्लेव में झारखंड, महाराष्ट्र और गुजरात पार्टनर स्टेट की भूमिका में हैं। कॉनक्लेव का उद्घाटन तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन द्वारा किया गया। कॉनक्लेव में झारखंड की ओर से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक बीरू कुशवाहा और जेएफडीसीएल के सहायक कंपनी सचिव अमन कुमार ने भाग लिया। बीरू कुशवाहा ने बताया कि नॉलेज सीरीज सेशन के दौरान उपस्थित सभी फि ल्मकारों को झारखंड में फि ल्म की शूटिंग के लिए आमंत्रित किया गया। बताया गया कि झारखंड में फि ल्म की शूटिंग करने का काफी अनुकूल माहौल है। झारखंड की खूबसूरत वादियां और कई मनमोहक पर्यटक स्थल है जो फि ल्म की शूटिंग के लिए बेहतरीन हैं। इस दौरान झारखंड के पर्यटक स्थल, कला संस्कृति, माइंस सहित झारखंड की विशेषताओं पर आधारित एक वीडियो डाक्यूमेंट्री भी दिखाई गई। श्री कुशवाहा ने बताया कि मीडिया एंड एंटरटेनमेंट बिजनेस कॉनक्लेव में उपस्थित फि ल्मकारों को जेएफडीसीएल द्वारा फि ल्मकारों को दिए जाने वाले अनुदान के संबंध में जानकारी दी गई।

**एक नजर**

## बस और ट्रक की टक्कर, 7 की मौत

**कच्छ :** गुजरात के कच्छ जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है, जिसमें 7 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा कच्छ के केरा मुंद्रा रोड पर हुआ, जहां एक निजी बस और ट्रक के बीच टक्कर हो गई। बस में करीब 40 लोग सवार थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि 7 लोग मौके पर ही अपनी जान गंवा बैठे। हादसे के बाद राहत और बचाव कार्य जारी है। स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि गंभीर रूप से घायल लोगों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कच्छ में हुए सड़क हादसे के बाद घटनास्थल की डरावनी तस्वीरें सामने आई हैं। हादसे में मृतकों के शव सड़क पर पड़े हुए हैं, जबकि घायल यात्री दर्द से कराहते हुए सड़क पर पड़े हैं। टक्कर इतनी भयंकर थी कि बस पूरी तरह से ध्वस्त हो गई और कबाड़ में बदल गई। इस हादसे के बाद मौके पर राहत और बचाव कार्य तेजी से चल रहा है।

### मुख्य सचिव ने की पोस्ते की खेती पर रोकथाम के लिए अबतक हुई कार्रवाई की समीक्षा

# पोस्ते की फसल पूर्णतः नष्ट करें : अलका तिवारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा है कि पोस्ते की खेती के खिलाफ अभियान का सकारात्मक परिणाम दिख रहा है, लेकिन पोस्ते की फसल की सौ फीसदी विनष्टीकरण सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अभियान से जुड़े अधिकारी आपसी समन्वय को और मजबूत तथा कारगर करें। जितने कांड दर्ज हुए हैं, उससे कम गिरफ्तारी को इंगित करते हुए उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा गिरफ्तारी और उन्हें सजा दिलाने पर फोकस करें। उन्होंने विनष्टीकरण की प्रक्रिया में जरूरी संसाधनों का वास्तविक आकलन करने पर बल देते हुए कहा कि जरूरी संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। कुछ जगहों पर अभी भी पोस्ते की फसल लगी होने की सूचना पर उन्होंने पोस्ते की खेती के खिलाफ अभियान को 15 मार्च तक जारी रखने का निर्देश दिया। वह शुक्रवार को पोस्ते की खेती के खिलाफ दो माह पहले अपनी अध्यक्षता में हुई बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा कर रही थीं।



**19 हजार एकड़ से अधिक भूमि पर लगी पोस्ते की फसल की गई नष्ट**

समीक्षा के दौरान बताया गया कि पोस्ते की खेती के खिलाफ अभियान के दौरान कुल 19,086 एकड़ में लगी फसल को नष्ट किया गया है, जो पिछले कुछ वर्षों से चार गुणा अधिक है। सबसे अधिक खूंटी में 10,520 एकड़ में लगी पोस्ते की फसल को नष्ट किया गया है। दूसरे स्थान पर रांची जिला है, जहां 4624 एकड़ में लगी पोस्ते की फसल नष्ट की गई है। सबसे कम पलामू में 396 एकड़ में लगे पोस्ते के पौधे को नष्ट किया गया है। बताया गया कि कुछ जगहों पर अभी भी पोस्ते की फसल को नष्ट करना बाकी है, जहां स्पेशल ड्राइव चलाकर कार्रवाई चल रही है।

गौरतलब है कि पोस्ते की खेती से झारखंड के कुल आठ जिले चतरा, खूंटी, लातेहार, रांची, पलामू, चाईबासा, सरायकेला, और हजारीबाग प्रभावित हैं।

**243 कांड किये गये दर्ज 190 की हुई गिरफ्तारी**

समीक्षा के दौरान बताया गया कि पोस्ते की फसल के विनष्टीकरण के दौरान कुल 283 कांड और 958 सनहा दर्ज किये गये है। इस संदर्भ में कुल 190 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान पुलिस प्रमुख अनुराग गुप्ता ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे वन विभाग द्वारा पोस्ते की खेती को लेकर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट को आधार बना कर संबंधित लोगों पर एफआइआर दर्ज करें। उन्होंने कहा कि ऐसे मामले में वन विभाग कानूनन सिर्फ अतिक्रमण का मामला दर्ज करता है, जो पोस्ते की खेती की गंभीरता को देखते हुए कमतर कार्रवाई होती है।

इस दौरान मुख्य सचिव ने एक बार फिर पोस्ते की खेती के खिलाफ जनजागरूकता पर बल दिया। उन्होंने पोस्ते की खेती को हतोत्साहित करने के लिए लोगों को फसल के अन्य विकल्पों से जोड़ने को जरूरी बताया। कहा, कुछ जगहों पर वैकल्पिक खेती से जोड़े गये लोगों द्वारा उत्साहजनक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने पोस्ते की खेती का भौतिक सत्यापन के साथ सेटेलाइट की सहायता से भी प्रभावित क्षेत्र को चिह्नित करने का निर्देश दिया।

समीक्षा के दौरान गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना डाडेल, कृषि सचिव अबु बक्कर सिद्धीक, पंचायती राज विभाग के सचिव विनय कुमार चौबे समेत संबंधित प्रमंडलों के आइजी, संबंधित जिलों के एसपी और डीसी समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# पूजा सिंघल को विभाग नहीं देने की मांग वाली ईडी की याचिका खारिज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने ईडी की ओर से दाखिल उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें ईडी ने कोर्ट से यह आग्रह किया था कि पूजा सिंघल को कोई विभाग ना दिया जाये। इस आदेश से पूजा सिंघल को बड़ी राहत मिली है। ईडी और पूजा सिंघल की ओर से बहस पूरी करने के बाद कोर्ट ने शुक्रवार को अपना फैसला सुनाया है।

ईडी ने कोर्ट में याचिका दाखिल कर यह कहा कि अगर पूजा सिंघल को राज्य सरकार किसी विभाग की जिम्मेदारी देती है तो वह अपने पद का दुरुपयोग कर केस को प्रभावित कर सकती हैं, लेकिन कोर्ट ने यह माना है कि पूजा सिंघल को पोस्टिंग देने का अधिकार राज्य सरकार को है और कोर्ट इसमें हस्तक्षेप नहीं करेगा।

कोर्ट ने जो शर्तें लगाई थीं, वे पहले ही काफी हैं और कोर्ट को और शर्तें जोड़ने की जरूरत महसूस नहीं होती। उल्लेखनीय है कि मनरेगा घोटाला की आरोपित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने 11 मई 2022 को गिरफ्तार किया था। इससे पहले पांच मई 2022 को ईडी ने पूजा सिंघल के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस छापेमारी में ईडी को बेहिसाब पैसे और अन्य जगहों पर इन्वेस्टमेंट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी। ईडी की छापेमारी के दौरान पूजा सिंघल के सीए सुमन सिंह के आवास और कार्यालय से 19.31 करोड़ रुपये नकद बरामद हुई थी।

पूजा सिंघल को दिसंबर महीने की 7 तारीख को बीएनएस कानून के तहत जेल से रिहा किया गया है। हालांकि वह अब भी मनी लॉन्ड्रिंग केस में अभियुक्त हैं, लेकिन कानूनी प्रावधानों के अनुसार, जेल से बाहर रहने के दौरान उनका सस्पेंशन खत्म किया जा चुका है। फिलहाल सरकार ने पूजा सिंघल को सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस विभाग की सचिव बनाया है।

## एक नजर

### टमाटर के दाम हुए धड़ाम, 2 रुपये किलो भी नहीं बिक रहा



**हजारीबाग :** हजारीबाग में टमाटर की खेती करने वाले किसान खून के आंसू रो रहे हैं। खेत में हजारों किलो टमाटर तैयार है लेकिन कोई खरीदार नहीं पहुंच रहा है। टमाटर का रंग भले ही लाल हो गया हो लेकिन किसान 2 रुपया किलो के लिए भी तरस रहे हैं। स्थिति यह हो गई है कि एक-एक किसान को 8 से 10 लाख रुपए का नुकसान झेलना पड़ रहा है। हजारीबाग में सैकड़ो किसान है जो लिज में जमीन लेकर खेती करते हैं। हजारीबाग के कटकमसांडी क्षेत्र में 100 से अधिक किसान होंगे जो टमाटर की खेती कर रहे हैं। आज सभी की स्थिति बेहद खराब हो रही है। किसान अब आगे खेती कैसे करें इसे लेकर चिंतित है। झारखंड का हजारीबाग जिला अपने टमाटर की खेती के लिए पूरे देश भर में जाना जाता ह। यहां का टमाटर दिल्ली से लेकर चेन्नई तक पहुंचता है। यही नहीं कोलकाता और मुंबई के बाजार में भी यहां का टमाटर स्वाद बिखर रहा है। हजारीबाग में बात की जाए तो हर साल करोड़ों रुपए का टमाटर का खेती होता है।

### मां शबरी सेना ने दो दिवसीय जयंती का किया आयोजन

**बड़कागांव :** मोरांगी नयाटांड़ में मां शबरी सेना के द्वारा माता शबरी जयंती प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया गया जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष निर्मल राम एवं संचालन जिला अध्यक्ष विजय राम ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड भुइयां विकास समिति के प्रदेश अध्यक्ष बासुदेव राम के द्वारा किया गया वहीं पर साथ ही साथ सभी अतिथियों को अंग वस्त्र एवं बैच लगाकर के भव्य रूप से सभी को स्वागत किया गया एवं सांस्कृतिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थानीय बच्चों के द्वारा किया गया वहीं पर संबोधित करते हुए सबरी सेना संस्थापक रोहित राम ने कहा हम लोग सबरी जयंती प्रत्येक वर्ष धूमधाम से यहां पर मानते हैं और अपने समाज के लोगों को शिक्षित होने एवं संगठित होने के साथ-साथ शारीरिक विकास कैसे हो समय में पढ़ाई लिखाई करने से क्या क्या लाभ होता है। उसका भी इस मंच के माध्यम से संबोधित किया जाता है मां शबरी सेना संस्थापक रोहित राम प्रदेश अध्यक्ष निर्मल राम उपाध्यक्ष मुकेश भुईयां महासचिव प्रमोद राम कोषाध्यक्ष दिनेश भुईयां जिला अध्यक्ष विजय राम सचिव मनोज राम भगवान राम सुदामा राम राजेश राम पंकज राम कजरू राम सिंटू भुइयां इत्यादि सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित हैं।

### ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल की टक्कर में तीन घायल एक की हालत गंभीर

**बड़कागांव :** बड़कागांव टीपी 5 घाटी के समीप तीखी मोड़ के पास शुक्रवार सुबह सब्जी ले जा रहा पिकवैन ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल में टक्कर हो गई। जिसके कारण दुर्घटना में तकरीबन तीन लोग घायल हो गए। मौके पर घटना स्थल पर उपस्थित ग्रामीण ने बताया कि पिकअप वैन चालक, ट्रैक्टर चालक और मोटरसाइकिल चालक को चोट लगी है, घटना में सबसे अधिक ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। बताया जाता है कि ट्रैक्टर चालक को हजारीबाग सदर अस्पताल में इलाज के पश्चात रांची रिम्स रेफर कर दिया गया था। जिनकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। बताते चलें की तीखी मोड़ के पास हमेशा वाहनों की दुर्घटना हो रही है। जिसमें कई लोग घायल हो रहे हैं तो कई लोगों की जान भी गई है। प्रशासन को इस ओर विशेष ध्यान देने की जरूरत है, ताकि बार-बार हो रही सड़क दुर्घटना को रोका जा सके।

# धार्मिक आयोजनों से समाज में बढ़ती है सकारात्मक ऊर्जा : मनीष जायसवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** बरहीडीह के प्राचीन छठ घाट स्थित सूर्य मंदिर में महायज्ञ महोत्सव और बरसोत में नौ दिवसीय श्री श्री 1008 शिव परिवार एवं हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह श्री राम चरित मानस परायण महायज्ञ में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल और बरही विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए। इस दौरान दोनों पूजा कमिटियों के पदाधिकारियों ने सांसद और विधायक को पट्टा पहनाकर सम्मानित किया। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल और विधायक मनोज कुमार यादव ने विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज को एकजुट करने और सकारात्मक ऊर्जा बढ़ाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि महायज्ञ जैसे आयोजन धार्मिक आस्था को मजबूत करने के साथ-साथ सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं। क्षेत्रवासियों की आस्था को नमन करते हुए उन्होंने भगवान सूर्य और भगवान शिव से सभी के सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि हमारी संस्कृति और परंपराएँ हमारी धरोहर हैं, जिन्हें संरक्षित करना हमारा कर्तव्य है। महायज्ञ और धार्मिक अनुष्ठान न केवल आध्यात्मिक शांति प्रदान करते हैं, बल्कि समाज को एकजुट करने का भी कार्य करते हैं। उन्होंने आयोजकों और श्रद्धालुओं को बधाई देते हुए क्षेत्र के विकास और खुशहाली की कामना की। मौके पर जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, पूजा समिति अध्यक्ष राजसिंह चौहान, सचिव राजवंशी सिंह, कोषाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, मुखिया समशेर आलम, मोतीलाल चौधरी, राजकुमार केशरी, युवा नेता आकाश जायसवाल, कृपाल राणा, सोनू केशरवानी, पप्पू पाण्डेय समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## चार दिनों से लापता महिला का शव कुएं से पुलिस ने किया बरामद

प्रत्युष नवबिहार बड़कागांव

**बड़कागांव :** बड़कागांव थाना अंतर्गत नयाटांड़ पंचायत के ग्राम विश्रामपुर की रहने वाली 18 वर्षीय विवाहित महिला की लाश को आखिरकार चार दिनों के बाद पुलिस ने कुएं से बरामद किया। इधर महिला के ससुराल वालों ने कुछ दिन पूर्व महिला की गुमशुदगी को लेकर थाना में आवेदन दिया था। लड़की की मां सोनिया देवी पति कैलाश महतो के द्वारा दिए गए आवेदन में आरोप लगाते हुए लिखा है कि मेरी बेटी को दहेज को लेकर प्रताड़ित करने एवं जान से मार देने की आशंका है। आगे लिखा गया है कि मैं सोनिया देवी पति कैलाश महतो ग्राम विश्रामपुर निवासी कहना है कि मेरे बेटी सविता कुमारी उम्र 18 वर्ष की मैं शादी 13 मार्च 2024 को मेजर कुमार पिता ईश्वर दयाल महतो साकिन होरलंगबागी बड़कागांव के साथ किया था। शादी के पश्चात मेरी बेटी एक महीने तक ससुराल में ठीक-ठाक रही उसके बाद मेरे घर के बगल में रहने वाले अनिल प्रजापति पिता फागु प्रजापति ग्राम विश्रामपुर निवासी मेरी बेटी सविता कुमारी को शादी के नियत से बहला फुसलाकर कर उसके ससुराल बड़कागांव से भगाकर ले गया और लड़की से मंदिर में विवाह कर लिया। शादी के बाद लड़का 7 लाख रुपया और एक अपाची मोटरसाइकिल दहेज के रूप में मांग करने लगा।और इस बीच हमलोगों का संबंध मेरी बेटी से टूट गया। इसलिए हम लोग दहेज मांगने की तरफ ध्यान नहीं दिए। वहीं दिनांक 16 फरवरी 2025 को हम लोग आखरी बार अपने बेटी को देखा था। उसके बाद से मेरी बेटी अपने ससुराल से गायब है। मुझे आशंका है कि मेरी बेटी सविता कुमारी को उसके ससुराल वाले अनिल प्रजापति, सीताराम राणा पिता हेंदलाल राणा सभी मिलकर मेरी बेटी सविता कुमारी को दहेज को लेकर जान से मार कर शव को छुपा देने की आशंका है।

## आईसेक्ट विश्वविद्यालय में पांच दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आगाज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता की शुरूआत शुक्रवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो पीके नायक व कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद के हाथों मशाल प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा सहित कई प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं की भी मौजूदगी रही। बता दें कि यह प्रतियोगिता आगामी 25 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। इस बीच क्रिकेट, फुटबॉल, शतरंज, वॉलीबॉल, 100 मीटर दौड़, गोला फेंक, कैरम, बैडमिंटन, टेबल टेनिस सहित अन्य खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। शुक्रवार को खेल शुरू होने से पूर्व कला विभाग के दो खिलाड़ी सोनू कुमार वर्मा व तुषार कुमार ने मशाल लेकर खेल मैदान का भ्रमण किया तो पूरा परिसर जोश और उत्साह से लबरेज हो गया। पहले दिन हुए फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला इंजिनियरिंग और कला विभाग के बीच खेला गया। खेले गए बेहद रोमांचक मुकाबले में पहले हाफ तक दोनों टीम बराबरी पर थी, पर दूसरे हाफ में कला विभाग ने आक्रामक खेल का मुजाहिरा करते हुए कमाल का डिफेंस और शानदार पासिंग के बलबूते राहुल के दागे दो गोल और हिमांशु के किए एक गोल से कला विभाग ने इंजिनियरिंग विभाग को 3-1 से शिकस्त देकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। वहीं 100 मीटर दौड़ के पुरुष वर्ग में बीसीए सेमेस्टर पांच के छात्र हरभजन कुमार, इंजिनियरिंग विभाग के अमित कुमार और बीसीए के राज सौरभ क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे जबकि महिला वर्ग में बीए भूगोल विभाग की छात्रा डॉली कुमारी ने बाजी मारी, वहीं बीए अंग्रेजी विभाग की छात्रा रिया व बीए भूगोल विभाग की छात्रा प्रियंका कुमारी क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। शतरंज खेल में विजेता का खिताब एमएससी मैथ्स के छात्र आकाश कुमार के नाम रहा, वहीं बीएससी मैथ्स के छात्र चिरंजीवी उपविजेता बने।

## अफीम की खेती में संलिप्त पांच लोगों को चौपारण पुलिस ने किया गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार

**चौपारण :** अफीम खेती के विरुद्ध लगातार कार्रवाई से साल 2025 नशेड़ियों के लिए काल बनाता जा रहा है। वही नशा के सौदागारो में हलचल मच गई है। चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने बताया कि पुलिस अधीक्षक महोदय हजारीबाग के निर्देश पर चौपारण थाना अन्तर्गत जंगली क्षेत्र में वन भूमि पर लगे अवैध अफीम/पोस्ता खेती के विरुद्ध अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महोदय बरही के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी/कर्मी एवं वन विभाग के कर्मी के साथ लगातार करीब दो माह से छापामारी एवं विनष्टि की जा रही है। इस संदर्भ में कुल 09 कांड दर्ज किया गया है। दर्ज कांडों के आलोक में वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुधार अभियुक्तो के विरुद्ध बीती रात्री छापामारी की गयी। जिसमें चौपारण थाना कांड सं0-40/25 के अभियुक्त कारू सिंह उर्फ रामखेलावन सिंह, महेश बिरहोर, भोलु यादव तथा चौपारण थाना कांड सं0-46/25 के अभियुक्त सोहर गंझू एवं चौपारण थाना कांड सं0-48/25 के अभियुक्त उमेश गजु को गिरफ्तार किया गया। जिसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया तथा उक्त सभी कांडो में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध छापामारी किया जा रहा है।

## पंचायत भवन में डेंटल कॉलेज एवं मिशन होस्पिटल ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल एवं संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में दिन शुक्रवार को सदर प्रखण्ड के बैहरी पंचायत भवन पंचायत भवन में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें जरूरमंद ग्रामीणों को चिकित्सकों द्वारा दांत एवं स्वास्थ्य का जांच कर उचित परामर्श दिया गया। शिविर में 52 जरूरतमंद का जांच किया गया। उपचार के साथ चिकित्सकों के द्वारा उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श दिया गया। निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में बी पी ब्लड प्रेशर, ब्लड सुगर, दांत एंव आरबीएस सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधित जांच मुफ्त हुआ। मुफ्त दवाई भी उपलब्ध कराया गया। मुफ्त मेडिकल कैंप से इलाज करवाकर मरीजों ने संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल एवं हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल का धन्यवाद व साधुवाद ज्ञापित किया। शिविर के आयोजन में स्थानीय लोगों ने सरहानीय योगदान दिया। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष एंव डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य हर जरूरतमंद को उत्तम स्वास्थ्य का लाभ पहुंचाना है। शिविर में बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है। वर्तमान दौर में स्वास्थ्य के क्षेत्र में मरीजों की परेशानीयों को कम करने के उद्देश्य से हर जगह निशुल्क शिविर लगाया जा रहा है। इस विशेष पहल से कई जरूरतमंदों को अनुभवी चिकित्सकों से उपचार कर उत्तम स्वास्थ्य का लाभ मिल रहा है। अस्पताल एवं कॉलेज परिवार की आगे भी कोशिश रहेगा की यह मुफ्त शिविर जगह- जगह पर जारी रहे और जरूरतमंद शिविर से लाभान्वित हो।

# रक्तदान केवल दान नहीं, यह जीवन बचाने की सबसे पवित्र सेवा है : हर्ष अजमेरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** समाज सेवा और मानवता की मिसाल पेश करते हुए आयकर विभाग, हजारीबाग ने शुक्रवार को आयकर भवन, रविंद्र पथ में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस महत्वपूर्ण पहल में आरोग्यम अस्पताल ब्लड बैंक का विशेष सहयोग रहा। शिविर में विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिसमें कुल 17 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शिविर का उद्घाटन तुषार धवल सिंह, प्रधान आयकर आयुक्त (नि.इ.)- एक, हजारीबाग द्वारा किया गया। उनके साथ आयकर अधिकारी (मुख्य) शशि भूषण प्रसाद एवं अन्य अधिकारियों ने भी रक्तदान कर इस महान कार्य में सहभागिता निभाई। इस अवसर पर तुषार धवल सिंह ने रक्तदान के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा की नियमित रक्तदान न केवल जरूरतमंदों की जान बचाने में मदद करता है, बल्कि यह रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक होता है। इससे शरीर का मेटाबॉलिज्म संतुलित रहता है और रक्त का पुनर्निर्माण होता रहता है। रक्तदान करने वालों में प्रमुख रूप से शशि भूषण प्रसाद,आनंद कुमार चौधरी, दीपक कुमार, चंदन कुमार गुप्ता, अमित कुमार, लवकेश कुमार सिंह, आदित्य कुमार, प्रवेश कुमार, राजेश कुमार पांडे, पवन कुमार वर्मा, सुशांत किस्पोट्टा, विशाल कुमार गुप्ता, शिवम कुमार, मनीष कुमार सिंह, रिक्की कुमार, अनमोल कुमार चौधरी एवं रवि कुमार शामिल रहे। आरोग्यम अस्पताल के निर्देशक हर्ष अजमेरा ने रक्तदान शिविर की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा की रक्तदान केवल एक दान नहीं, बल्कि यह जीवन बचाने का सबसे पवित्र कार्य है। हमें गर्व है कि आरोग्यम अस्पताल ब्लड बैंक इस नेक पहल का हिस्सा बना और आयकर विभाग, हजारीबाग के साथ मिलकर जरूरतमंदों के लिए रक्तदान अभियान को सफलतापूर्वक संचालित कर सका। उन्होंने आगे कहा की हमारा उद्देश्य सिर्फ रक्तदान का आयोजन करना नहीं, बल्कि समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना है, ताकि कोई भी व्यक्ति रक्त की कमी के कारण अपने जीवन से न हारे। मैं इस शिविर में भाग लेने वाले सभी रक्तदाताओं, आयकर विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और हमारी ब्लड बैंक टीम को धन्यवाद देता हूँ, जिनके सहयोग से यह अभियान सफल हो पाया।

## संक्षिप्त खबरें

### सांसद मनीष जायसवाल ने बरही विधानसभा क्षेत्र का किया दौरा, सुनीं समस्याएं



**बरही :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने अपने बरही विधानसभा क्षेत्र भ्रमण के दौरान स्थानीय विधायक मनोज यादव के आवास पर पहुंचकर क्षेत्र की समस्याओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बरही विधानसभा क्षेत्र की देवतुल्य जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान का भरोसा दिलाया। संवाद के दौरान विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं की कमी, सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रहीं। स्थानीय लोगों ने सांसद के समक्ष अपनी परेशानियां रखते हुए समाधान की मांग की। सांसद मनीष जायसवाल ने जनता की बातों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्रशासन को निर्देशित किया कि क्षेत्र में जनता की बुनियादी जरूरतों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए और समस्याओं का जल्द से जल्द निवारण किया जाए। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर ने भी अपने विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को सांसद के समक्ष रखा और उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनता को बेहतर सुविधाएं देने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर कुछ बाधाओं के कारण कार्यों में देरी हो रही है। इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधि, स्थानीय नेता, अधिकारी और आमजन उपस्थित रहे। सांसद मनीष जायसवाल ने आश्वासन दिया कि क्षेत्र के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

### विद्यार्थी देश के भविष्य हैं, शिक्षा के साथ संस्कार और आत्मविश्वास भी जरूरी है : प्रदीप प्रसाद



**हजारीबाग :** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने शुक्रवार को बॉन सेकोर्स स्कूल में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। विद्यालय परिवार ने उनका आत्मीय स्वागत किया और विशेष सम्मान प्रदान किया, जिसके लिए विधायक प्रदीप प्रसाद ने सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों और प्रबंधन समिति का आभार व्यक्त किया। इस भव्य कार्यक्रम में छात्रों ने नृत्य, संगीत, नाट्य, भाषण और लोक संस्कृति से जुड़ी अनेक रंगारंग प्रस्तुतियां दीं, जो सभी के लिए आनंददायक और प्रेरणादायक रहीं। बच्चों की अद्भुत प्रतिभा और आत्मविश्वास देखकर विधायक ने उनकी सराहना की और कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य हैं, और इस प्रकार के कार्यक्रम उनके सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यालय परिवार को इस आयोजन के लिए हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियां बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास में सहायक होती हैं। उन्होंने विद्यालय के शैक्षणिक और सांस्कृतिक उत्कृष्टता की प्रशंसा करते हुए विद्यालय परिवार को हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।

### सड़क दुर्घटना में तीन की हालत नाजुक, एक की मौत



**साहिबगंज :** बोरियो थाना क्षेत्र में शुक्रवार की देरशाम दो अलग अलग भीषण सड़क हादसा में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां 108 एंबुलेंस से सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां जांच के दौरान डॉक्टर मुकेश कुमार ने बोरियो मरचो के रहने वाले सुमेसर उर्फ सुमेश्वर सिंह उम्र 35 वर्ष को मृत घोषित कर दिया है। जबकि बाइक चालक पाकुड़ के मेहदी शेख उम्र 25 वर्ष, धुर्वा रकसो के छोटेलाल ठाकुर उम्र 35 वर्ष व बोरियो के रंजीत ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार इसमे मरचो में सुमेसर उर्फ सुमेश्वर सिंह पैदल घर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार से आते बाइक ने जोरदार धक्का मार दिया। इसमे बाइक सवार समेत दोनो घायल हो गया। जहां अस्पताल जाने के दौरान रास्ते मे ही सुमेसर उर्फ सुमेश्वर सिंह ने दम तोड़ दिया है। वही दूसरा घटना में रंजीत कुमार व छोटेलाल बढ़ी के काम कर के लौट रहा था। इसी दौरान सवैया में बाइक असंतुलित होकर किसी पोल से टकरा गया। सुमेसर उर्फ सुमेश्वर की मौत पर परिजनों का रो-रो बुरा हाल है। संबंधित थाना पुलिस को सूचना दे दी गई थी।

### पूर्व विधायक अनंत को मिली जान से मारने की धमकी बंग्लादेश घुसपैठ का मामला उठाने पर मिली धमकी



**साहिबगंज:** बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा उठाने पर पूर्व विधायक राजमहल अनंत ओझा को तरह-तरह की धमकियां मिली है। पूर्व विधायक ने नगर थाना में आवेदन दिया है। जिक्र है कि उनके मोबाइल पर जान से मारने की धमकी मिली है। उन्होंने नगर थाना में शिकायत दर्ज करायी है। बताया कि 16 फरवरी की शाम को मोबाइल पर अज्ञात नंबर 8645327148 से कॉल आया। मिस्ड कॉल देखकर वापस फोन किया,तो दूसरी तरफ से गाली-गलौज शुरू हो गई। बताया कि कॉल करने वाला बार-बार कह रहा था कि वह बांग्लादेशी मुद्दे पर आवाज उठाना बंद करें, नहीं तो जान से मार दिया जायेगा। उन्होंने घटना की सूचना नगर थाना प्रभारी और पुलिस अधीक्षक को दी। मामले की उच्च स्तरीय जांच और अपने परिवार की सुरक्षा की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री, गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक, उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक को भी जानकारी दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि आवेदन मिला है, जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

## एक नजर

### सूर्यकांत त्रिपाठी की जयंती पर बाबूलाल ने किया नमन

**रांची :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कवि और उपन्यासकार सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की जयंती पर उन्हें नमन किया है। मरांडी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि हिंदी कविता के छायावादी युग के प्रमुख स्तंभ, सुप्रसिद्ध कवि और उपन्यासकार सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की जयंती पर उन्हें सादर नमन किया है।

### फायरिंग के दौरान नाबालिग वेटर की गोली लगने से मौत

**रांची :** रांची के इटकी के तिलकासुती गांव में एक शादी समारोह में हर्ष फायरिंग के दौरान एक 15 साल के नाबालिग वेटर की मौत हो गयी। घटना गुरुवार की रात हुई थी। पुलिस ने हर्ष फायरिंग करने वाले युवक को हिरासत में ले लिया है। मृतक की पहचान रविंद्र के रूप में हुई है। वह करमटोली ठाकुरगांव का रहने वाला था। घटना के बाद मृतक के गांव के लोग शादी समारोह स्थल पर पहुंचे और हंगामा करने लगे। इसके बाद रात से ही गांव में पुलिस बल तैनत कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार, रविंद्र का आज रिम्स में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### डीजीपी ने की सहारा ग्रुप से संबंधित दर्ज कांडों की समीक्षा

**रांची :** डीजीपी अनुराग गुप्ता ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय में सहारा ग्रुप से संबंधित दर्ज कांडो की समीक्षा की। डीजीपी ने एडीजी सुमन गुप्ता, आईजी असीम विक्रांत मिंज समेत अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में अपराध अनुसंधान विभाग के जरिये सहारा ग्रुप से संबंधित कांडों का किये जा रहे अनुसंधान के मद्देनजर व्यापक रूप से समीक्षा बैठक की। समीक्षा के क्रम में डीजीपी द्वारा सहारा ग्रुप से संबंधित लंबित कांडों में त्वरित गति से अनुसंधान करते हुए पीड़ितों को न्याय दिलाने का सार्थक प्रयास करने, अनुसंधान के क्रम में अनुसंधानकर्ता को आधुनिक तकनीक और डेटा विश्लेषण उपकरणों का प्रयोग करने, काण्डों के पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराये गये साक्ष्य का गहराई से विश्लेषण कर दोषियों पर यथाशीघ्र कार्रवाई करने और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### उग्रवाद उन्मूलन की दिशा में झारखंड जगुआर ने बनाई अलग पहचानः डीजीपी

**रांची :** रांची के टेंडर ग्राम स्थित कैंप में झारखंड जगुआर का 17वां स्थापना दिवस शुक्रवार को मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर डीजीपी अनुराग गुप्ता शामिल हुए। इस मौके पर डीजीपी गुप्ता ने कहा कि एसटीएफ ने राज्य में उग्रवाद उन्मूलन की दिशा में सफलतापूर्वक कार्रवाई करते हुए पिछले 17 साल में एक नई बुलंदी हासिल की है। इन 17 वर्षों के सफर में कई वीर जवानों को खोया है। उन्होंने राज्य में शांति और उन्नति के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर बलिदानी जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में आईजी अनुप बिरथरे ने कहा कि झारखंड जगुआर के विगत 17 सालों में उग्रवाद उन्मूलन की दिशा में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। चाहे पारसनाथ की ऊंची पहाड़ियां हो या सारंडा के घने जंगल, चाहे बूढ़ा पहाड़ का दुरूह इलाका हो अथवा पारसनाथ पहाड़ का दुर्गम क्षेत्र, झारखंड जगुआर ने अपनी शौर्यपूर्ण उपस्थिति सभी जगह दर्ज कराई है। पिछले 17 वर्षों में इस बल ने अनेक अभियानों में सफलता हासिल की है। इसमें झारखंड जगुआर के विभिन्न वर्गों द्वारा 297 नक्सलियों की गिरफ्तारी की गई है और विभिन्न अभियानों के दौरान 34 दुर्दान्त उग्रवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया है।

# सचिव ने दिया पथ निर्माण मार्गों पर रोड मार्किंग साइनेज और संकेतक लगाने का निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव ने विभागीय अभियंताओं को निर्देश दिया है कि राज्य में पथ प्रमंडलों एवं राष्ट्रीय उच्च पथ की सड़कों पर जहां-जहां भी आवश्यकता हो मरम्मत करा कर सरफेश को समतल बना कर सुलभ यातातात उपलब्ध कराया जाए। श्री कुमार ने शुक्रवार को प्रोजेक्ट भवन के सभागार में आयोजित पथ निर्माण विभाग की योजनाओं की समीक्षा के क्रम में यह निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि उन्नत और यातायात के लिए सुचारू सड़कें ही राज्य की गरिमा बढायेंगी। लोगों के मन में अच्छी धारणा बनेगी। इसके लिए हर संभव उपाय किए जाएं।

**सड़क पर सभी आवश्यक संकेतक और साइनेज लगाये जायें**

प्रधान सचिव ने कहा कि यातायात संचालन एवं वाहन चालकों की सुविधा के लिए सड़क पर सभी आवश्यक संकेतक और साइनेज लगाये जायें। जिससे दुर्घटना की संभावना नहीं रहे। इसके अलावा सड़कों पर जेब्रा निशान व अन्य सभी जरूरी मार्किंग करायी जाये। रोड स्टैंड ( कैट आईज )से संबंधित कार्य जल्द से जल्द कराएं जाएं। साथ ही जहां भी डिवाइडर पर पेंटिंग की जरूरत हो उसे अवश्य कराएं। श्री कुमार ने निर्देश दिया कि अगर किसी सड़क पर अधिक लंबाई तक मरम्मत की जरूरत हो तो उसके लिए विभाग के पास प्रस्ताव भेजा जाए। विभाग राशि उपलब्ध करायेगा। श्री कुमार ने साफ तौर पर निर्देश दिया कि योजनाओं के लिए आवंटित राशि का हरहाल में उपयोग किया जाए। राशि किसी भी हालत में लैप्स नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विभाग में चल रही जो भी योजनाएं अधूरी हैं या पूरा होने के करीब हैं, उन्हें शीघ्र पूरा किया जाए।

साथ ही सड़क निर्माण से संबंधित भूमि अधिग्रहण के मामलों का निष्पादन जल्द करा का कार्य आरंभ किया जाये। इसके अलावा पथों के निर्माण के लिए वांछित वन भूमि अपयोजन के मामलों का निपटारा भी किया जाए।

प्रधान सचिव ने रांची सड़कों पर विशेष ध्यान रखने का भी निर्देश दिया। राजधानी की सड़कें हर हाल में सुदृढ होनी चाहिए। बैठक में सभी पथ प्रमंडलों एवं राष्ट्रीय उच्च पथ के कार्यपालक अभियंताए सभी अंचलों के अधीक्षण अभियंता उपस्थित थे। इसके अलावा पथ निर्माण विभाग के अभियंता प्रमुख संजय कुजूर, विशेष सचिव शशांक सिन्हा, मुख्य अभियंता राष्ट्रीय उच्च पथ अभिनेंद्र कुमार और मुख्य अभियंता यातायात मनोहर कुमार और प्रधान सचिव के ओएसडी विजय कुमार उपस्थित थे।

## रांची और धनबाद में आज लगेगा रोजगार मेला, 22 कंपनियां होंगी शामिल




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के 2 जिलों रांची और धनबाद में 22 फरवरी को रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में कई बड़ी कंपनियां आने वाली हैं। मेले का आयोजन श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण और कौशल विकास विभाग द्वारा किया जा रहा है। सैलरी योग्यता, अनुभव और पद के अनुसार मिलेगी। न्यूनतम वेतनमान 7 हजार रुपये प्रति माह और अधिकतम वेतनमान 45 हजार है।

रोजगार मेले में भाग लेने के लिए बायोडाटा की 2 प्रतियों के साथ साथ अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साइज फोटो, नियोजनालय निबंधन कार्ड और स्थानीय प्रमाण पत्र लेकर जाना अनिवार्य है। रांची में रोजगार मेले का आयोजन सर्कुलर रोड स्थित नियोजनालय परिसर में किया गया है। मेला सुबह 10:30 बजे से शुरू होकर शाम तक चलेगा। इसमें तकरीबन 22 कंपनियां शिरकत करेंगी।

इन कंपनियों में रानी हॉस्पिटल, द वसपोल इंडस्ट्रीस एलटीडी, प्रेमसंस मोटर्स उद्योग पीवीटी, हातमा रांची, टेली कॉलर, शिवा प्रोटेक्शन फोर्स प्राइवेट लिमिटेड, आरोहण रांची फाइनेंसियल सर्विसेज लिमिटेड, रांची पेशेंट केयर सर्विसेज बरियातू रांची और उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक रांची शामिल हैं।

# अमन श्रीवास्तव की जमानत याचिका हाई कोर्ट ने की खारिज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में हजारीबाग के गिद्दी थाने में दर्ज आर्म्स एक्ट मामले में आरापी अमन श्रीवास्तव की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट के आदेश के तहत हजारीबाग एसपी सशरीर उपस्थित हुए। अदालत को बताया गया कि मामले में अनुसंधानकर्ता की गवाही पूरी कर ली गई है। गवाही के दौरान कई तारीखों पर उनकी अनुपस्थिति को लेकर स्पष्टीकरण मांगा गया था।

याचिकाकर्ता की ओर से जमानत याचिका वापस लेने का अनुरोध किया गया, जिसे हाई कोर्ट ने स्वीकार करते हुए याचिका खारिज कर दी। इस मामले में कोर्ट के निर्देश पर हजारीबाग के सब डिविजनल पुलिस ऑफिसर (एसडीपीओ) ने जवाब दाखिल किया था, लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज करते हुए नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा कि कि हजारीबाग एसपी को मामले मे शपथ पत्र दाखिल कर बताना था कि गवाही में अनुपस्थित रहने वाले अनुसंधानकर्ता के खिलाफ क्या एक्शन लिया गया है।

गौरतलब है कि मामले में सिर्फ अनुसंधानकर्ता की ही गवाही बची थी। नवंबर 2024 से उनकी गवाही नहीं हो पा रही है, जिससे ट्रायल पूरा नहीं हो सका है। पूर्व की सुनवाई में हाई कोर्ट ने हजारीबाग एसपी से स्पष्टीकरण मांगा था कि दो माह से अधिक समय बीतने के बाद भी अनुसंधानकर्ता गवाही के लिए उपस्थित क्यों नहीं हो रहे हैं। ऐसे में अनुसंधानकर्ता पर क्या कार्रवाई की गई है। इस पर हजारीबाग एसपी ने जवाब दिया कि अनुसन्धानकर्ता की तबीयत खराब थी, जिसके कारण अनुसंधानकर्ता गवाही देने नहीं जा सके थे। हालांकि, अगली तिथि में वे गवाही देने जाएंगे।

इस मामले में अमन श्रीवास्तव सहित आठ आरोपितों के खिलाफ आर्म्स एक्ट में गिद्दी थाना में कांड संख्या 9/ 2021 दर्ज की गई थी। मामले में अमन श्रीवास्तव को छोड़कर अन्य आरोपित को जमानत मिल चुकी है। मामले में संजय नामक एक व्यक्ति के पास से पुलिस ने ऑटोमेटिक पिस्टल बरामद किया था। उसने अमन श्रीवास्तव गैंग के लिए इस ऑटोमेटिक पिस्टल को रखने की बात कही थी।

# सेवा सदन रोड पर नगर निगम ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची को जाम मुक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन अतिक्रमण हटाओ अभियान चला रहा है। मेन रोड, कचहरी रोड, रातु रोड, अपर बाजार के बाद आज शुक्रवार को सेवा सदन रोड में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान नगम निगम ने फुटपाथ पर लगी दुकानों के सामान जब्त कर लिये। नगर निगम की टीम ने जेसीबी की मदद से सामान को उठवाकर ट्रैक्टर में लोड किया और सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। प्रशासन की टीम ने दुकानदारों को कड़ी हिदायत दी कि दोबारा सड़कों के फुटपाथ का अतिक्रमण होने पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

बता दें कि दुकानदार फुटपाथ पर अवैध रूप से कब्जा कर लेते हैं। इससे राहगीरों को काफी परेशानी होती है। अतिक्रमण की वजह से मुख्य मार्गों पर अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। कोर्ट ने भी शहर को जाम मुक्त बनाने के आदेश दिये हैं। इसके बाद से नगर निगम शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चला रही है। ताकि सड़कों को जाम मुक्त किया जा सके।

## सड़क पर उतरे सिविल कोर्ट के अधिवक्ता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक 2025 का विरोध रांची सिविल कोर्ट के वकीलों ने सड़क पर उतर कर किया। शुक्रवार को रांची जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शंभु अग्रवाल और महासचिव संजय विद्रोही के नेतृत्व में नए बार भवन परिसर से अल्बर्ट एक्का चौक तक वकीलों में शांतिपूर्ण मार्च किया और अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान बार के महासचिव संजय विद्रोही ने बिंदुवार यह जानकारी दी कि नए विधेयक की किन-किन बातों पर वकीलों को आपत्ति है।

बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) और राज्य बार काउंसिल का पुनर्गठन, राज्य बार काउंसिल की चुनाव प्रक्रिया में बदलाव, हड़ताल और न्यायालय बहिष्कार पर पूर्ण प्रतिबंध (नियम तोड़ने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रावधान), अधिवक्ता द्वारा किसी भी लापरवाही या कदाचार के कारण मुवक्किल को हुए नुकसान की भरपाई का प्रावधान, अधिवक्ताओं के लिए पेशेवर विकास शुल्क अनिवार्य किया गया, गलत कानूनी सलाह या वकालत के दुरुपयोग पर होगा मुवक्किल को हजार्ने का अधिकार, प्रत्येक 5 साल में अधिवक्ताओं के सत्यापन की प्रक्रिया लागू होगी, विदेशी कानून फर्मों के लिए पंजीकरण और विनियमन का प्रावधान, आपराधिक मामलों में दोषी अधिवक्ताओं को चुनाव लड़ने से रोकने का प्रावधान, जो अधिवक्ता सक्रिय रूप से वकालत नहीं कर रहे हैं, उनके मतदान अधिकार समाप्त किए जा सकते हैं। केंद्र सरकार को बीसीआई को निर्देश देने का अधिकार।

# रघुवर दास ने सीएम हेमन्त सोरेन को लिखा पत्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने कहा है कि जमशेदपुर देश का एक प्रमुख औद्योगिक शहर है। आर्थिक गतिविधियां, भारी वाहनों आदि के परिचालन एवं अन्य व्यवसायिक गतिविधियों के कारण शहर की आम जनता को जाम एवं यातायात असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही आये दिन बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं से बहुमूल्य जान-माल की क्षति हो रही है, जो अत्यंत चिन्ताजनक विषय है।

जमशेदपुर शहर में यातायात के दबाव कम कर जनता को राहत देने के लिए पूर्व में सरकार द्वारा निम्नांकित आधारभूत संरचना विकास योनजाएं स्वीकृत की गयी थी। दुर्भाग्यवश इन योजनाओं के लंबित होने से स्थिति और गंभीर हो गयी है।

जमशेदपुर में गोविंदपुर उपरी पथ एवं बाईपास निर्माण इस परियोजना की निविदा 138.74 करोड़ रुपये की लागत से निष्पादित हो चुकी थी, किंतु निर्माण कार्य लंबित है। लिट्टी चौक से स्वर्णरेखा नदी तक एनएच-33 को जोड़ने वाले पुल एवं पथ का निर्माण इस योजना का शिलान्यास भी हो गया था, परंतु आगे की कार्रवाई लंबित है। जनहित में टाटा मोटर्स से थीम पार्क होते हुए लिट्टी चौक के लिए एनएच-33 तक पथ एवं पुल का निर्माण कार्य शीघ्र कराने का आवश्यकता है।

मानगो में एनएच-33 पर नया इंटर स्टेट बस टर्मिनल निर्माण मानगो पुल के पास स्थित बस स्टैंड को स्थानांतरित करने के निमित एनएच-33 पर नया इंटर स्टेट बस टर्मिनल निर्माण योजना की स्वीकृति दी गयी थी। इस योजना के अंतर्गत केवल बाउंड्री वाल का निर्माण हुआ है, शेष कार्य अभी भी लंबित है, इसे शीघ्र पूरा कराया जाना आवश्यक है।

उपर्युक्त परियोजनाओं का क्रियान्वयन समय पर पूर्ण होने से जमशेदपुर की जनता को बड़ी राहत मिलेगी और यातायात व्यवस्था में काफी सुधार होगी। यह न केवल राज्य के औद्योगिक विकास को गति देगा, बल्कि नागरिकों की सुरक्षा एवं सुविधा को भी सुनिश्चित करेगा। अतः आपसे निवेदन है कि इन योजनाओं का कार्यान्वयन ससमय करवाया जाय, ताकि जमशेदपुर के नागरिकों को यातायात, जाम और अन्य समस्याओं से शीघ्र मुक्ति मिल सके। जमशेदपुर शहर में यातायात के दबाव कम कर जनता को राहत देने के लिए पूर्व में सरकार द्वारा निम्नांकित आधारभूत संरचना विकास योनजाएं स्वीकृत की गयी थी।

## संक्षिप्त खबरें

### दक्षिणी, मध्यवर्ती जिलों में आज बारिश और ओलावृष्टि की संभावना



**रांची :** राज्य के कई जिलों में शनिवार को भी मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। राज्य के जिन इलाकों में शनिवार को हल्की बारिश और ओलावृष्टि की सम्भावना है उनमें राज्य के दक्षिणी जिले पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां शामिल है। साथ इन जिलों से सटे मध्यवर्ती जिलों रांची, खूंटी और गुमला में भी हल्की बारिश और वज्रपात होने की सम्भावना है। वहीं शुक्रवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा और तेज धूप खिली रही। इससे दोपहर में थोड़ी गर्मी का भी एहसाह हुआ। हालांकि गुरुवार हुई हल्की बारिश से वातावरण में नमी देखा गया। इससे सुबह में ठंड महसूस हुई। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि शनिवार को मौसम गुरुवार की तुलना में कुछ ठीक रहेगा। लेकिन हल्की बारिश और वज्रपात की सम्भावना है। वहीं रांची में शुक्रवार को अधिकम तापमान 26.6, जमशेदपुर में 27, डालटेनगंज में 32.4 डिग्री और बोकारो में अधिकतम तापमान 30.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

### विपिन उरांव के वेतन वृद्धि पर रोक

**रांची :** झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी विपिन उरांव पर विकास योजनाओं में लापरवाही बरतने, इंदिरा आवास योजना के मासिक योजना रिपोर्ट देने में लापरवाही बरतने और बैंक खातों को बंद करने में देरी करने का आरोप लगा है। इन आरोपों के कारण उनकी असंचयात्मक प्रभाव से एक वेतन वृद्धि पर रोक का दंड अधिरोपित किया गया है। कार्मिक विभाग ने इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की है, जिसमें विपिन उरांव के खिलाफ की गई कार्रवाई की जानकारी दी गई है। अधिसूचना में कहा गया है कि विपिन उरांव को प्रखंड विकास पदाधिकारी पोटका पूर्वी सिंहभूम में पदस्थापन के अवधि में कई आरोप लगे हैं। पूर्वी सिंहभूम के डीसी ने विपिन उरांव के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा की थी, जिसकी जांच के बाद उन्हें दंडित किया गया है। डीसी की अनुशंसा के आधार पर कार्मिक विभाग ने विपिन उरांव के खिलाफ कार्रवाई की है।

### बाइक सवारों ने महिला से छीने डेढ़ लाख रुपये

**रांची :** धुर्वा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक महिला से डेढ़ लाख रुपये की छीन लेने की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस बदमाशों को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है। जानकारी के अनुसार महिला बिन्दु देवी अपने देवर के साथ धुर्वा स्थित एसबीआई बैंक गयी थी। उसे अपनी बेटी का नर्सिंग में एडमिशन करवाने के लिए पैसे निकालने थे। बैंक से डेढ़ लाख रुपये निकालने के बाद वह घर जा रही थी, इसी दौरान पहले से घात लगाये पल्सर बाइकसवार अपराधियों ने बिंदु देवी के पैसे झपट्टा मारकर छीन लिये और फरार हो गये। थाना प्रभारी ने बताया कि अपराधियों की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### 10वीं परीक्षा पेपर लीक पर जैक कार्यालय घेराव करने पहुंचे एबीवीपी के कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने भांजी लाठियां, दो गिरफ्तार




**रांची :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ता 10वीं बोर्ड की परीक्षा में हिंदी और विज्ञान के पेपर लीक मामले पर निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर जैक कार्यालय पहुंचे थे। इस दौरान पुलिस ने उन पर लाठीचार्ज किया और संगठन के मंत्री ऋतुराज सहदेव और सौरभ यादव को गिरफ्तार कर लिया। एबीवीपी के कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि वे शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों को लेकर जैक अध्यक्ष से मिल रहे थे, लेकिन प्रशासन ने सरकार के दबाव में आकर उनकी आवाज को दबाने की कोशिश की। संगठन की केंद्रीय कार्य समिति की सदस्य दिशा दित्या ने कहा कि उनका संगठन हमेशा छात्रों की आवाज उठाता है, और सरकार लाठीचार्ज या गिरफ्तारियों के जरिए इसे नहीं दबा सकती। रांची जिला संयोजक पवन नाग ने कहा कि झारखंड सरकार पूरी तरह से गैर-लोकतांत्रिक तरीके से काम कर रही है। छात्रों की आवाज को दबाने के लिए प्रशासन का गलत तरीके से उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि एबीवीपी के कार्यकर्ता इस मुद्दे पर सरकार के खिलाफ संघर्ष के लिए तैयार हैं और झारखंड के छात्रों का नेतृत्व हर परिस्थिति में करेंगे।

### उर्दू किसी एक धर्म या जाति की भाषा नहीं है, बल्कि यह एक सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर है : इरफान अंसारी



**रांची :** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उर्दू भाषा पर दिए गए विवादित बयान की कड़ी निंदा की है। उन्होंने योगी आदित्यनाथ को चेतावनी देते हुए कहा कि उन्हें अपनी भाषा पर संयम रखना चाहिए और भड़काऊ बयानबाजी से बचना चाहिए। मंत्री ने योगी को यह कहते हुए चेतावनी दी कि अगर वे इस तरह की बयानबाजी जारी रखते हैं तो उन्हें रांची लाकर कांके मानसिक स्वास्थ्य संस्थान में भर्ती कराना पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि उर्दू किसी एक धर्म या जाति की भाषा नहीं है, बल्कि यह एक सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर है जो समाज को जोड़ने का काम करती है। उन्होंने योगी आदित्यनाथ से अपील की कि वे अपनी भाषा से समुदायों के बीच विद्वेष फैलाने से बचें और किसी विशेष समुदाय को बार-बार निशाना बनाने की बजाय समाज की एकता को बढ़ावा दें। इरफान अंसारी ने यह भी कहा कि योगी आदित्यनाथ का मानसिक संतुलन ठीक नहीं लगता। जिसके कारण वे अक्सर ऐसी भड़काऊ और विभाजनकारी बातें करते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि कैसे ऐसे व्यक्ति को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया गया जो समाज को तोड़ने की राजनीति करता है। डॉ. अंसारी ने साफ किया कि अगर भविष्य में योगी ने ऐसे गैर-जिम्मेदार बयान दिए, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी दोहराया कि ऐसी विचारधारा रखने वाले लोगों की राजनीति में कोई जगह नहीं होनी चाहिए। यह बयान उस समय आया जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में उर्दू भाषा पर अवांछित और आपत्तिजनक टिप्पणी की थी जिस पर विभिन्न बुद्धिजीवियों और भाषा प्रेमियों ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। मंत्री ने इस बयान की निंदा करते हुए उर्दू भाषा को समृद्ध और सांस्कृतिक धरोहर के रूप में प्रस्तुत किया।

# आदिवासी सेंगेल ने निकाली बाइक रैली





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** आदिवासी सेंगेल अभियान के तहत यूनेस्को द्वारा घोषित अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के शुभ अवसर में झारखंड में संताली भाषा को प्रथम राजभाषा की मांग को लेकर जैना मोड़ स्थित तिलका मुर्मू चौक से नयामोड़, स्थित बिरसा मुंडा चौक होकर उपायुक्त कार्यालय तक संकल्प के साथ संताली प्रथम राजभाषा बाईक रैली प्रदर्शन किया गया। जिसका नेतृत्व सेंगेल बोकारो जिला अध्यक्ष सह बोकारो जोनल हेड सुखदेव मुर्मू ने किया। इससे पहले सभी सेंगेल के नेतागण ने शहीद तिलका मुर्मू चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित किया। वहां से बाईक रैली रवाना करते हुए शहीद बिरसा मुंडा चौक पर भी उनके चित्र में भी माल्यार्पण कर उपायुक्त कार्यालय तक बाईक रैली किया। तत्पाश्चत सेंगेल के सात प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम उपायुक्त जाधव विजया नारायण राव के मार्फत ज्ञापन पत्र सौंपा। अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस है। जिसे 21 फरवरी 1952 को बंगला भाषा के लिए आंदोलनरत विधार्थियों को ढाका विश्वविद्यालय,तब पूर्वी पाकिस्तान में पुलिस प्रशासन द्वारा गोलियों से भून दिया गया था और अनेक भाषा प्रेमी आंदोलनकारी विधार्थी शहीद हो गये थे। जो उर्दू की जगह बंगला भाषा की मान्यता के लिए संघर्षरत थे। उन्हीं की स्मृति में यूनस्को ने 1999 में यह प्रस्ताव पारित किया कि 21 फरवरी की तारीख को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के रुप में मनाया जाए। तत्पाश्चत संयुक्त राष्ट्र ने इसको मान्यता प्रदान किया। अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के पालने की परंपरा अब सर्वत्र हो रहा है। आज दुनिया की लगभग 7000 भाषाओं में से 40% भाषाएं विलुप्ति की कगार पर खड़ी हैं जिसमें आदिवासी भाषाएं खतरे की जोन में पंहुच चुके हैं। चूंकि इनको भारत देश और राज्यों में कोई विशेष तवज्जो नहीं दी गई है। सर्वाधिक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति आदिवासी प्रदेश झारखंड की जहां सर्वाधिक संताली भाषा बोली जाती है,बावजूद संताली भाषा को झारखंड प्रदेश में राजभाषा का दर्जा प्रदान नहीं किया है। आदिवासी सेंगेल अभियान की मांग है कि सर्वाधिक बड़ी और राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त आदिवासी भाषा- संताली को अनुच्छेद-345 के तहत झारखंड की प्रथम राजभाषा का दर्जा दिया जाए तथा बाकि झारखंडी आदिवासी भाषाओं समृद्ध,संवर्द्धन और संरक्षण किया जाए। दूसरी तरफ आदिवासी समाज को भी खुद अपनी भाषाओं को बचाने,बढाने और समृद्ध करने के सभी उपायों को सार्थक बनाना होगा। चूंकि,आदिवासी के लिए उनकी हासा और भाषा ही लाइफ लाईन है। आदिवासी समाज को विदेशी भाषा,संस्कृति और धर्मों से सावधान होने की जरुरत है। संताली भाषा को 22 दिसंबर 2003 को आठवीं अनूसूचि में शामिल करने के महान उपलब्धि में संताली भाषा मोर्चा का योगदान ऐतिहासिक रहा है। जिसका नेतृत्व सेंगेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद सालखन मुर्मू ने किया था,आज भी निरंतर उन्हीं के नेतृत्व में सरना धर्म कोड और संताली राजभाषा की आंदोलन जारी है। तभी वीर शहीद सिदो मुर्मू और बिरसा मुंडा के सपनों को आबुआ दिशोम आबुआ राज की परिकल्पना स्थापित हो सकता है।


## एक नजर

### ऑपरेशन 'नन्हे फरिस्ते' के तहत आरपीएफ ने नाबालिक लड़के का किया रेस्क्यू



**बोकारो :** रेलवे स्टेशन प्लेट फॉर्म संख्या एक पर रात्रि पाली ड्यूटी के वक़्त एसआई अरुणा उरांव, स्टेशन पेट्रोलिंग स्टाफ और मेरी सहेली टीम एलसी मनीषा कुमारी और एलसी रुनू मंडल ने करीब रात के 11:45 मे एक नाबालिक लड़के जिसकी उम्र लगभग 17 वर्ष है चाइल्ड हेल्प डेस्क के पास प्लेट फॉर्म नंबर 1 पर अकेले संकट की स्थिति में बैठा था। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम अंकित, उम्र 17 वर्ष गांव-मिर्जापुर, पोस्ट-दिनारा, पी.एस.-दिनारा, जिला-रोहतास, का रहने वाला बताया और कहा कि वह अपने घर से बिना बताए भाग गया और उसी क्रम में वह बोकारो रेलवे स्टेशन पहुंच गया । जांच करने के बाद ना ही उसके पास यात्रा करने का कोई अधिकृत यात्रा टिकट मिला। बोकारो आरपीएफ द्वारा उक्त बचाए गए नाबालिग लड़के को उसकी सुरक्षित अभिरक्षा और आगे की आवश्यक कानूनी कार्रवाई के लिए बोकारो स्टील सिटी रेलवे स्टेशन के चाइल्ड हेल्प डेस्क को सौंप दिया गया।

### चास थाना क्षेत्र में चलाया गया छापेमारी अभियान



**बोकारो :** डॉ अभय भूषण प्रसाद सिविल सर्जन बोकारो के निर्देशन एवं चास थाना प्रभारी खुर्शीद आलम के सहयोग से तम्बाकू उत्पाद अधिनियम-2003 की धारा 4 व 6ए, 6बी के तहत विशेष जांच अभियान के तहत जिला छापामारी दल के सदस्य मो0 असलम के द्वारा चास थाना क्षेत्र के धर्मशाला मोड, महावीर चौक, जोधाडीह रोड, आई0टी0आई0 मोड एवं चास चेकपोस्ट के कुल 93 दुकानों की जांच की गई जिसमें 16 दुकानों/व्यक्तियों द्वारा कोटपा कानून उल्लघंग करते हुये पाया गया जिनसे अर्थदण्ड के रूप में कुल 2750 रुपए की वसूली की गई। सिविल सर्जन बोकारो डा0 अभय भूषण प्रसाद ने बताया कि कोटपा के विभिन्न धाराओं के अनुपालन हेतु लगातार नियमित रूप से अभियान जारी रहेगा। इससे सम्बन्धित अर्थदण्ड की रसीद सभी थाना स्तर पर उपलब्ध कराया जा चुका है।

### सखी बहिनपा मैथिलानी समूह ने मनाया पिकनिक सह होली मिलन



**बोकारो :** सखी बहिनपा मैथिलानी समूह, बोकारो का पिकनिक सह होली मिलन सेक्टर वन सी में मनाया गया। सखी बहिनपा मैथिलानी समूह, बोकारो इकाई की प्रभारी अमिता झा व महासचिव उषा झा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में समूह की सदस्याओं ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। गेम, हौजी, गीत-नृत्य के बाद पूल लंच में विभिन्न तरह के स्वादिष्ट पकवानों का आनंद लिया। कार्यक्रम की शुरूआत महाकवि विद्यापति रचित भगवती वंदना जय जय भैरवि असुर भयाउनि...के समवेत गायन से हुई। इसके बाद होली गीतों हमिथिला में राम खेले होली मिथिला में..., होली कनक भवन में खेलथि सिया रघुवीर..., आज बिरज में हौरी रे रसिया..., बाबा हरिहर नाथ सोनपुर में हो रंग खेले... सहित अन्य गीतों की सुमधुर प्रस्तुति से समां बांध दिया। सभी ने अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। आगामी कार्यक्रमों पर भी चर्चा हुई।

## युवाओं के हक व अधिकार के लिए कुछ भी करने को तैयार युवा लायंस फोर्स : देव शर्मा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** युवा लायंस फोर्स का सदस्यता अभियान के दौरान इलेक्ट्रोस्टील फोरलेन पे स्थित मुंधनीय पंचायत के चिटाहीटाड पहुँचे फोर्स के केंद्रीय अध्यक्ष सह युवा काँग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष देव शर्मा, श्री शर्मा ने वहां के युवाओं को खेल सामग्री देते हुए कहा कि हमारे चास चंदनकियारी के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं हैं , कमी हैं तो सिर्फ। इन्हें तराशने की जो हम सभी नेता, समाजसेवी तथा वेदांता प्रबंधन का भी काम हैं। आज कहीं ना कहीं हमारे हजारों युवा जो सिर्फ. सही मार्गदर्शन ना मिलने के कारण मजबूरन अपने हुनर को छोड़ अपने परिवार के भरण पोषण के लिए या तो कोई छोटी मोटी नौकरी या तो दूसरे राज्य में पलायन कर जाते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा राज्य में काँग्रेस और झामुमो के गांव की सरकार हैं, हम उन तमाम युवाओं से अनुरोध करते हैं की आप जिस छेत्र अच्छा कर सकते हैं। उसी छेत्र में लगातार मेहनत करते रहे। हम आपके साथ हैं आप युवाओं के लिए मुझे जो करना होगा हम करने में पीछे नहीं हटेंगे। हम आपको विश्वास दिलाते हैं की मैं कल भी आपका भाई और दोस्त बन कर अपलोगों के साथ था और आगे भी रहूँगा, वहीं काँग्रेस नेता देव ने वेदांता प्रबंधन को भी तलगड़िया रोड और अपने अगल बगल के गांवों के युवाओ को ज्यादा से ज्यादा नियोजन और ध्यान देने की माँग की जिससे लोगो का प्रबंधन के प्रति सकारात्मक रवैया बना रहेगा।

## शिल्प प्रदर्शन एवं जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गोविंदपुर (धनबाद):** वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार अन्तर्गत विकास आयुक्त हस्तशिल्प कार्यालय देवघर द्वारा एकलव्य माध्यमिक विद्यालय, सहराज, गोविंदपुर में तीन दिवसीय शिल्प प्रदर्शन एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रथम दिवस आयोजन का उद्घाटन मुख्य अतिथि सहायक निदेशक हस्तशिल्प भुवन भास्कर, चेतना महाविद्यालय के संरक्षक शैलेंद्र एवं अन्य द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए सहायक निदेशक हस्तशिल्प भुवन भास्कर ने कहा कि हस्तशिल्प संस्कृति की पहचान है और ऐसे कार्यक्रम के आयोजन से निश्चित ही बच्चों के बीच झारखंड के सभ्यता और संस्कृति के प्रति रुझान बढ़ेगा। आधुनिकीकरण के दौर में भी हस्तशिल्प एवं हथकरघा के उत्पादों के प्रति बढ़ते रुझान से पता चलता है कि संस्कृति हमारी जीवन का अभिन्न अंग है। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत हस्तशिल्प की विधा को शामिल करना है ताकि बच्चों में क्षेत्रीय हस्तशिल्प एवं अन्य संस्कृति गतिविधि की जानकारी मिल सके। निश्चित ही यह तीन दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम बच्चों के लिए लाभदायक सिद्ध होगा और अपने उद्देश्य में सफल होगा। साथ ही, विभाग द्वारा हस्तशिल्प के क्षेत्र में किए जा रहे योजनाएं की जानकारी साझा किया। चेतना महाविद्यालय के संरक्षक शैलेंद्र ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यालय में प्रति वर्ष आयोजित किए जाने चाहिए ताकि हमारे बच्चें में कला और संस्कृति कि सही समझ हो सके। ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए ऐसे कार्यक्रम स्वरोजगार के भी अवसर उपलब्ध कराने में सहायक होंगे। शिल्प प्रदर्शन एवं जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य है कि विद्यालय में अध्ययनरत वर्ग 4 से 9 तक के सभी छात्र छात्रा झारखण्ड के चार हस्तशिल्प यथा बांस शिल्प, टेराकोटा, सोहराय लोकचित्रकला, और डॉल एवं टॉयज के हस्तशिल्पियों द्वारा बारीकी को समझे एवं भारत के समृद्ध हस्तशिल्प विरासत के प्रति जागरूक हो।


## समय से बच्चों को एमडीएम उपलब्ध हो रही है या नही, इसकी निरंतर जांच करें : उपायुक्त



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** शुक्रवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में एमडीएम स्टीयरिंग-सह-मॉनिटरिंग कमिटी की बैठक समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई। इस दौरान पी.एम. पोषण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पर विचार विमर्श कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसके अलावा पी.एम. पोषण योजनान्तर्गत कार्यरत रसोईया का मानदेय भुगतान, स्कूल स्टेप डिलीवरी के तहत विद्यालय तक खाद्यान्न का उठाव, वित्तीय वर्ष 2024-25 में विद्यालय में उपलब्ध कुकिंग कॉस्ट मद राशि का आय-व्यय, वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिला/विद्यालय में उपलब्ध फल/अण्डा मद राशि का आय-व्यय, वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिला / विद्यालय में उपलब्ध रागी (मडुआ) मद राशि का आय-व्यय एवं पी.एम. पोषण योजनान्तर्गत विद्यालय द्वारा भेजें जा रहे रटर की समीक्षा की गई। उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने एमडीएम की औचक निरीक्षण करने हेतु जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि समय-समय पर विद्यालयों में मिल रहे एमडीएम का औचक जांच कर यह सुनिश्चित करें कि तय मानकों के अनुरूप बच्चों को एमडीएम मिले। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि तय समय पर सभी प्रखंडो में एमडीएम की राशन पहुँचे और वहां से सभी स्कूलों में समय पर राशन उपलब्ध कराएं। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर, जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी साधना कुमारी, स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी समेत अन्य मौजूद रहें।

## आठ दिवसीय 108 राधाकृष्ण तृतीय महायज्ञ महोत्सव शुरू, श्रदालुओं की उमड़ी भीड़



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चास :** प्रखण्ड पंचायत चंदाहा के चंदाहा गांव मे श्री श्री राधाकृष्ण हरिमंदिर प्रागंण में आठ दिवसीय श्री श्री 108 राधाकृष्ण तृतीय महायज्ञ महोत्सव के तीसरे दिन गुरु वार को श्रदालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रदालुओं ने पुजा अर्चना कर यज्ञ मंडप की परिक्रमा किया। पंडित नित्य पुजारी बबलु राय यज्ञ आचार्य जगन्नाथ ओझा पंडित मिहिर चंद्र ओझा सवानंद तिवारी बनारस ,निमाई शंकर ओझा, मुख्य व्रती यजमान शंभु मोदक, सजना देवी ने श्रदालुओं को संकल्पित कराकर पुजा अर्चना कराया। यज्ञ समिति ने महाप्रसाद का वितरण किया। प्रतिदिन भंडारा का आयोजन किया गया है। चंदाहा, सियालजोरी, बाबु ग्राम, बुढिबिनोर, बाटबिनोर,छाताटांड व आसपास के दर्जनों गांव श्रदालुओं यज्ञ स्थल पर पहुँच रहे हैं। यज्ञ समिति द्वारा प्रसाद का वितरण किया गया। यज्ञ समिति के अध्यक्ष गणेश बाउरी ने बताया कि इस अवसर पर प्रतिदिन भागवत कथा, रामायण प्रवचन आचार्य संदीप शास्त्री, फुल कुमारी जी द्वारा कथावाचन हो रही है।। 22 फरवरी को हेमंत दुबे द्वारा कथा वचन व भक्ति जागरण किया जायेगा। 23 फरवरी को तृप्ति कुमारी व धिरज तिवारी द्वारा भक्ति जागरण होगी। 24 व 25 फरवरी को मोनिका दास वैष्णव द्वारा श्री श्री राधा कृष्ण पाला हरिनाम संकीर्तन की प्रस्तुत किया जायेगा। तथा कलश विसर्जन व मनमोहक आतिशबाजी के साथ समापन होगा।

## बैंक कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन, सरकार से बहाली और मांगों के समर्थन में उठाई आवाज




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस, जिसमें बैंकों में कार्यरत सभी यूनियनों यथा एआईबीए, एआईबीओसी, एनसीबीए, बीईएफआई एएबीओए, एएनबीईएफआई, एनबीओसी, एनओबीयू, एनओबीओ संगठन शामिल हैं, के बैनर तले आज चास-बोकारो के सभी बैंक कर्मचारी एवं अधिकारियों ने सैकड़ो की संख्या में उपस्थित होकर स्थानीय बैंक ऑफ इंडिया बोकारो स्टील सिटी शाखा सेक्टर 4 सिटी सेंटर के सामने विशाल प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन आगामी 24 फरवरी एवं 25 फरवरी को घोषित दो दिवसीय अखिल भारतीय बैंक हड़ताल के आलोक में आंदोलनात्मक कार्यक्रमों की कड़ी में पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों के तहत किया गया। इस प्रदर्शन के माध्यम से बैंक कर्मियों ने भारत सरकार से इंडियन बैंक एसोसिएशन के माध्यम से यह मांग की बैंक में ग्राहक सेवा में निरंतर हो रहे ह्रास एवं ग्राहकों को हो रही अत्यधिक परेशानी से बचने के लिए अविलंब सभी बैंकों में सभी संवर्गो में समुचित बहाली की जाए। साथ ही इंडियन बैंक एसोसिएशन से यह भी मांग की गई की यूएफबीयू के साथ हुई वाताओं में लंबित मुद्दों को अभिलंब सुलझाने की जो बात कही गई थी उन सभी लंबित मुद्दों का सकारात्मक पहल किया जाए। 5 दिवसीय बैंकिंग को भी अविलंब बैंकों में लागू किया जाए। इन्हीं मांगों से संदर्भित नारों के साथ बैंक कर्मियों ने अपनी आवाज को बुलंद किया। प्रदर्शन में महिला बैंक कर्मियों की उपस्थिति भी सराहनीय रही। इस अवसर पर यूएफयू के बोकारो जिला उपसंयोजक राघव कुमार सिंह ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए सरकार को यह चेताया कि यदि हमारे उपरोक्त मांगों पर जल्द से जल्द ध्यान नहीं दिया गया तथा साथ ही डीएफएस के द्वारा बैंकों में अनावश्य हस्तक्षेप को बंद नहीं किया गया एवं द्विपक्षीय समझौता का उल्लंघन करना बंद नहीं किया गया तो 24 एवं 25 मार्च 2025 को दो दिवसीय हड़ताल तो होगी ही। इसके बावजूद भी यदि सरकार नहीं चेतती है तो हम अपने बैंकों एवं अपने अस्तित्व की रक्षा हेतु संघर्ष को और भी तीव्रतर करेंगे एवं लक्ष्य प्राप्ति के लिए अंतिम दम तक संघर्ष करेंगे। अन्य नेतृत्वकर्ता वक्ताओं ने सभा को संबोधित करते हुए अपनी मांगों के समर्थन में भारत सरकार को स्पष्ट रूप से चेतावनी देते हुए कहा कि आज हम सभी बैंक कर्मी दो तरफ की मार को झेल रहे हैं एक तरफ काम के अत्याधिक बोझ से जहां तनावग्रस्त एवं अवसाद से ग्रसित होते जा रहे हैं वहीं ग्राहकों की असंतुष्टि दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### शक्ति मार्केट भूली में विष्णुप्रिया वैरायटी नामक प्रतिष्ठान खुला



**धनबाद :** शक्ति मार्केट भूली में समाजसेवी उपेन्द्र नाथ सिंह ने विष्णुप्रिया वेरायटी नामक प्रतिष्ठान का फीता काटकर उद्घाटन किया। उक्त प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर नीरज कुमार सिंह ने कहा कि श्रृंगार, गिफ्ट, कॉस्मेटिक, लेडीज वेयर सहित अन्य सामग्री का उचित मूल्य पर उपलब्ध है। मौके पर आर एस एस के सह कार्यवाह पंकज सिंह,पार्षद अशोक उड़व, उमेश सिंह,तेजनारायण मिश्रा, मनीष सिंह,नीरज सिंह, नित्यम सिंह,प्रणव सिंह, मीनू मिश्रा, सरोज सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### ईसीआरकेयू ने मनाया अखिल भारतीय मांग दिवस



**धनबाद :** ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के आह्वान और ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के दिशा निर्देश पर ईस्ट सेंटर रेलवे कर्मचारी यूनियन धनबाद लाइन शाखा द्वारा अखिल भारतीय मांग दिवस मनाया इसके तहत धनबाद के कैरेज एंड वैगन डिपो के मैंने गेट पर सुबह 10:00 बजे से एक गेट मीटिंग आयोजन किया गया इसमें बारी-बारी से सभी वक्ताओं ने अपना वक्तव्य रखें। इस मांग दिवस का मुख्य मांगे रेलवे के खाली पदों को अभिलंब भर जाए,रेलवे में निजीकरण निगम कारण एवं आउटसोर्सिंग पर रोक लगाया जाए,रेलवे में जर्जर कॉलोनी की जगह पर नया आवास का निर्माण एवं रेलवे कॉलोनी में सुविधा का व्यवस्था किया जाए,यूपीएस का कर्मियों को अभिलंब सुधार आ जाए सभी रेल कर्मचारियों को 8 घंटा से ज्यादा काम ना लिया जाए आदि शामिल है और सभा का अंत में डिपो इंचार्ज अभय मेहता को मांग पत्र सोपा गया। आज का इस अखिल भारतीय मांग दिवस में नेताजी सुभाष,जितेंद्र कुमार साब,एन के खवास,प्रशांत बनर्जी,विमान मंडल,सुरेंद्र चौहान, दिलीप कुमार, संतोष कुमार गोंड, एनसी राय,गुलाबचंद पंडित,विकास गोराई, दउदअंसारी, सौरभ कुमार, सीडी हजम,रुचि कुमारी, बिंदु देवी, बबीता कुमारी, प्रीति देवी, लक्ष्मी एवं अन्य रेलकर्मी साथी उपस्थित रहे।

### विधायक राज सिन्हा से मिला भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी का प्रतिनिधिमंडल



**धनबाद :** शुक्रवार को भारतीय रेडक्रास सोसाइटी धनबाद के चेयरमैन कौशलेंद्र कुमार सिंह के साथ वाईस चेयरमैन धनेश्वर महतो, संयुक्त सचिव दिलीप सिंह, कार्यकारिणी सदस्य सह चेयरमैन सलाहकार कुमार मधुरेन्द्र सिंह एवं आजीवन सदस्य ज्ञानचंद, पिंटू ,राजा तिवारी, टिंकु साव, दीपक ढककर, प्रकाश शर्मा,मानस प्रसुन्न एवं अन्य ने धनबाद विधायक राज सिन्हा से उनके आवासीय कार्यालय में मिलकर दस बेड डायलिसिस युनिट प्रदान करने का आग्रह किया। जिसे विधायक ने स्वीकार करते हुए धनबाद उपायुक्त को कल के बैठक में प्रस्तुत करने हेतु पत्राचार किया है।

### बाहरी भीतरी का हवा फैलाने वालों को कर्मचारी दे रहे मुंहतोड़ जबाब : बिके चौधरी



**बोकारो :** झारखंड मुक्ति मोर्चा का राष्ट्रीय स्तर पर 19 जनबरी 25 से चलाए जा रहे सदस्यता अभियान कार्यक्रम के तहत बोकारो जिला मे चल रहे कार्यक्रम मे हजारों-हजार आम नागरिक बड़े हर्षोल्लास के साथ झामुमो का सदस्य बन रहा जो पार्टी के लिए बड़े हीं खुशी की बात है ।उसी कड़ी मे झारखंड मुक्ति मोर्चा केन्द्रीय सदस्य सह जय झारखंड मजदूर समाज के महामंत्री बि के चौधरी के नेतृत्व मे 21 जनबरी से बोकारो स्टील प्लांट मे कार्यरत इस्पातकर्मी और ठेकाकमीर्यो के हर बिभाग मे चलाए जा रहे सदस्यता अभियान का 17 वें दिन कोल्ड रोलिंग मिल के दिलीप केन्टीन मे चलाया गया जहां हर सेक्सन से कमीर्यो ने स्वेच्छापूर्वक सदस्यता ग्रहण कर फार्म मे पूरा डाटा भरते हुए हस्ताक्षर करता रहा। बिपक्षीयों द्वारा फैलाये गये कि झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी बाहरी भीतरी का फिलिंग रखता है को पूरे प्लांट के मजदूरों ने उनका हवा निकालने का काम कर रहा है क्योंकि देश के सभी राज्यों से आकर काम कर रहे कर्मचारीयों मे झामुमो का सदस्यता लेने को एक होड सा दिख रहा है। अपने संक्षिप्त सम्बोधन मे बि के चौधरी ने कहा कि झारखंड राज्य अलग हुए 24 बर्ष हो गया जिसमे 19 बर्ष भारतीय जनता पार्टी की सरकार रही और उनके कार्यकाल मे बिकाश के जगह सिर्फ अपने उद्योगपतियों के द्वारा राज्य को लूटने खसोटने का काम किया लेकिन इन 6 बर्षो मे हेमन्त सोरेन जी के नेतृत्व मे राज्य का चहुंओर बिकाश दिखाई दे रहा है चाहे रोजगार सृजन होया सड़क पूल पुलीया या गरीब असहाय जरूरतमंद माताऐं बहनो के लिये चलाए जा रहे म?ईया सम्मान योजना सहित लगभग 86 योजना जो जनता को समर्पित किये गये से लाखो जरूरत मन्दो को सहारा हो जिसके कारण हेमन्त सोरेन जी के कार्यक्रम के चलते जहां भी सदस्यता अभियान कार्यक्रम हो रहा है लोग बढ़चढ़कर सदस्यता ग्रहण कर रहा है ।आज के कार्यक्रम मे युनियन के संयुक्त महामंत्री एन के सिंह, आई अहमद, राजेन्द्र प्रसाद, मानिक चन्द्र साह, देवेन्द्र गोराई, ओ पी चौहान, एन के सिंह, सहित दर्जनो बिभागीय युनियन नेताओ ने सदस्य बनाने मे अहम भूमिका निभाया ।यह कार्यक्रम और बचे हुए कुछ बिभागों मे चलाया जायगा जिसे सदस्यता अभियान के अन्तिम तारीख 28 फरबरी तक चलेगा।

## एक नजर

### आपसी विवाद में हुई मारपीट में सात लोग घायल

**साहिबगंज** : राधानगर थाना क्षेत्र के प्राणपुर गांव में आपसी विवाद में हुई मारपीट में सात लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार शमसुद्दीन शेख 21 वर्षीय, रकीब शेख 32 वर्षीय, अब्दुल हकीम 33 वर्षीय, हुमायूं शेख 40 वर्षीय, जैनुल बीबी 60 वर्षीय, जेसी खातून 17 वर्षीय, व एजुल हक 62 वर्षीय का पड़ोसी के साथ किसी बात को लेकर बात विवाद होते-होते मामला मारपीट तक पहुंच गया। घायलों को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल राजमहल लाया गया। घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई थी। इधर राधानगर थाना क्षेत्र के बेगमगंज गांव में आपसी विवाद में हुई मारपीट में मिनोती बेवा 50 वर्षीय नामक महिला घायल हो गई। उन्होंने बताया कि पड़ोसी के साथ किसी बात को लेकर विवाद में मारपीट हुई है।

# आईसीएसई बोर्ड की परीक्षा अपने स्कूल से लिख सकेंगे विद्यार्थी : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा** : हॉली स्पीरिट स्कूल सामटोली, सिमडेगा को सीआईएससीई बोर्ड नई दिल्ली से प्रस्वीकृति प्राप्त होने पर स्कूल परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में सिमडेगा उपायुक्त अजय कुमार सिंह, बिशप -सह- स्कूल के चेयररमैन बिंसेंट बरवा उपस्थित रहे। इसके अलावा अतिथि के रुप में कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। इस मौके पर उपायुक्त सहित अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम शुभारंभ के पश्चात स्कूली बच्चों द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत



नृत्य प्रस्तुत कर स्वागत किया गया। फा शैलेश ने बताया कि स्कूल की स्थापना सन 2008 ई को स्व फा फीटर पौल सोरेंग ने काफी संघर्षों के बीच किया था। स्कूल की पहली प्रधानाध्यापिका सिस्टर हेलेन लुगून थी। उस समय हॉली स्पीरिट स्कूल शहर का पहला इंग्लिश मीडियम स्कूल था। उन्होंने बताया कि स्कूल को सीआईएससीई बोर्ड नई दिल्ली से प्रस्वीकृति दिलाने को लेकर स्कूल पंबंधक द्वारा काफी लंबे समय से प्रयास किया जा रहा था। जो लंबे समय बाद इस पर सफलता मिली है। इस कार्यक्रम के मौके पर मुख्य अतिथि सिमडेगा उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने संबोधित करते हुए उपस्थित विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य एवं छात्रों को शिक्षा के मूल उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा का मूल उद्देश्य तीन चीज हैं जिसके लिए आप सभी बच्चें यहां बैठे हैं इस विद्यालय में अध्यनरत हैं। पहला ये कि शिक्षा नॉलेज को एक पाठ करता है, नॉलेज प्रदान करता है यह ज्ञान देते है। दूसरा स्कील,कौशल हुनर प्रदान करना और तीसरा उद्देश्य है चरित्र का निर्माण करना। ये तीन उद्देश्य पर ही आधारित प्राचीनकाल से शिक्षा की व्यवस्था रही है। स्ट्रक्चर व्यवस्था है जहां विद्यार्थी, शिक्षक होते है। ज्ञान प्रदान किया जाता है। कौशल विकास के बारे में उन्होंने कहा कि 6 से 8 क्लास के बच्चों का अभी से ही कौशल विकास करें जिससे कि सिमडेगा जिले का स्मार्ट बच्चा बन सके। इसके अलावा उन्होंने बच्चों में बेहतर चरित्र निर्माण करने की बात कही। उन्होंने सभी शिक्षकों को एवं अभिभावकों को बच्चों में किस तरह के भाव डेवलपमेंट करनी चाहिए उसके बारे भी बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह के विद्यालय जिसमें सबसे पहले प्रार्थना होता है। जहां पर बाईबल की बातें बताई जाती है, भगवत-गीता, वेद- कुरान की बातें बताई जाती है। ऐसे माहौल में अगर बच्चा पड़ता है।

## संक्षिप्त खबरें

### शिक्षक सह छात्र सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**सिल्ली** : राजकीय मध्य विद्यालय ग्राम विकास सिल्ली में शिक्षक सह छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संचालन उपेन्द्र लाल महतो एवं बसंत कुमार संयुक्त रूप से की। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी बादल राज को प्रधानाचार्य सुधांशु रंजन प्रमाणिक ने बुके देकर सम्मानित किया वहीं जिला परिषद वीणा देवी को कस्तुरबा आवासीय विद्यालय सिल्ली के प्रधानाचार्य चंद्रिका, मुखिया सीमा गंझु को शिक्षक अर्चना चौधरी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को बुके देकर सम्मानित किया। अवकाश प्राप्त शिक्षक राजकीय मध्य विद्यालय माया राम जराडीह मनोज कुमार सिन्हा, राजकीय मध्य विद्यालय करेयाडीह के रामचरण महली, राजकीय मध्य विद्यालय दोवाडु के सहदेव उरांव और बड़ा चागडु के थानेशवर उरांव को सम्मानित किया गया। प्रखंड स्तरीय उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों में राजकीय मध्य विद्यालय डोमन डीह के रोहित एक्का, राजकीय मध्य विद्यालय पिस्का के बसंत कुमार दास और राजकीय मध्य विद्यालय पतराहातु के शैलेन्द्र शर्मा को सम्मानित किया गया। इसके अलावा आठवीं बोर्ड में प्रखंड स्तरीय प्रथम स्थान बनुवाडीह राजकीय मध्य विद्यालय के प्रियंका कुमारी, द्वितीय स्थान पतराहातु राजकीय मध्य विद्यालय के प्रतिमा कुमारी, तृतीय स्थान लोटा राजकीय मध्य विद्यालय के अजय गोराई और असुकोडा राजकीय मध्य विद्यालय के श्रुति कुमारी को सम्मानित किया गया। वहीं ग्राम विकास राजकीय मध्य विद्यालय सिल्ली से आठवीं बोर्ड में प्रथम मनीष प्रसाद कोइरी, द्वितीय दिलीप कुमार और तृतीय रवि चौधरी को सम्मानित किया गया।

### कलश यात्रा के साथ नवान्ह पारायण महायज्ञ शुरु



**सरायकेला** : कुकडू प्रखंड के पारगामा में स्थित प्राचीनकालीन शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित होने वाले श्री श्री राम चरितमानस पाठ एवं नवान्ह परायण महायज्ञ की शुरूआत कलश स्थापना के साथ बुधवार को हो गई। इससे पहले धार्मिक परिधानों से सुसज्जित महिलाएं व युवतियां सिर पर कलश रखकर किसुनडीह स्थित नहर पहुंची। इसके बाद वहां से जलभर सभी महायज्ञ स्थल पहुंची, फिर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश स्थापना कराई गई। इस भव्य कलश यात्रा में कई स्थानीय जनप्रतिनिधि समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। इस दौरान जय श्री राम, हर हर महादेव एवं अन्य भक्ति गीतों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। बता दे कि यह नवान्ह परायण महायज्ञ कुकडू प्रखंड के पारगामा में स्थित प्राचीनकालीन शिव मंदिर प्रांगण में 19 फरवरी से 28 फरवरी 2025 तक आयोजित होगा। इस महायज्ञ के व्यासपीठ में मंचासीन है परम पूजनीय संजय कुमार पाण्डेय तथा इस महायज्ञ में झारखंड, पश्चिम बंगाल के कई नामी-गिरामी पंडित व प्रवचनकर्ता कार्यक्रम में शामिल होंगे ओर लोगों रामचरित मानस का प्रवचन सुमधुर भाव से सुनाएंगे।

### महिला की मौत, जांच में जुटी पुलिस



**बरहरवा** : थाना क्षेत्र के भवानंदपुर गांव स्थित एक घर से पुलिस ने शुक्रवार की सुबह एक महिला का शव बरामद किया है। मृतका के पति करीम शेख ने बताया कि उसकी पत्नी शेफाली बीबी 40 वर्षीय की तबीयत बीते गुरुवार की रात करीब 10 :00 बजे अचानक बहुत ज्यादा बिगड़ गई। गांव के ही एक आरएमपी डॉक्टर को बुलाकर उनका इलाज कराया। इलाज के दौरान आरएमपी डॉक्टर ने बताया की तबीयत बहुत ज्यादा खराब है। इसको किसी अच्छे डॉक्टर के पास ले जाओ। आरएमपी डॉक्टर ने कुछ दवा भी दी। इससे पत्नी को थोड़ा अच्छा लगने लगा, तभी रात में ही पश्चिम बंगाल के धुलियान स्थित एक निजी नर्सिंग होम में बात कर पत्नी का इलाज करने के लिए नाम दर्ज कराया। पति के मुताबिक इसी क्रम में रात को ही कुछ देर बाद अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और उनकी मौत हो गई।

## कुलपति ने अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रज्ञा केंद्र का किया उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चैनपुर** : छतरपुर में एनएसएस विशेष शिविर का उद्घाटन समारोह बड़े उत्साह और भागीदारी के साथ आयोजित किया गया। रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि एनएसएस समन्वयक डॉ. ब्रजेश कुमार और कोऑपरेटिव बैंक के शाखा प्रबंधक राहुल रंजन गुप्ता विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद एनएसएस स्वयंसेवकों ने 'एनएसएस लक्ष्य गीत' गाया। इस अवसर पर प्राचार्य फा. अगस्तुस एक्का ने अतिथियों को स्वागत स्वरूप पौधा और स्मृति चिन्ह भेंट किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार ने सात दिवसीय शिविर के उद्देश्यों और



कार्य योजनाओं की जानकारी दी। कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने युवा स्वयंसेवकों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह एनएसएस विशेष शिविर एक आदर्श उदाहरण बनेगा। जिला परिषद् मेरी लकड़ा और बेंदोरा पंचायत के मुख्य सुशील दीपक मिंज ने भी एनएसएस के साथ जुड़कर छतरपुर गांव को आगे बढ़ाने और समाज के विकास में योगदान देने की बात कही। कुलपति ने अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और प्रज्ञा केंद्र का उद्घाटन एवं वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर पी वी ई एम कॉलेज के सभी स्टॉफ, एनएसएस के सभी स्वयंसेवक और छतरपुर ग्रामवासी मौजूद रहे। मंच संचालन सहायक प्राध्यापक एवं एनएसएस पीओ, अंजना कुजूर ने किया। परमवीर अलवरट एकका मेमोरियल कॉलेज चैनपुर के एन.एस.एस. विंग का छतरपुर गांव में सात दिवसीय विशेष शिविर का रांची विशवविदयालय रांची के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिंहा ने किया उदघाटन।

### ढुलाई के दौरान सड़क पर गिर रहे स्टोन चिप्स, ग्रामीण परेशान



साहिबगंज/पतनाः बरहरवा बरहेट पथ पर मोदीकोला के पास मोड़ पर ओवरलोड ट्रकों व हाइवा से स्टोन चिप्स व डस्ट गिरने से आगमन में लोगों को परेशानी हो रही है। मोदीकोला चौक मोदी पंप के पास मोड़ पर व बोरना पहाड़ के ढलान मोड़ पर अधिक मात्रा में स्टोन चिप्स व डस्ट गिर रहा है। इधर आसपास में रहने वाले ग्रामीण सड़क पर गिरे स्टोन चिप्स व डस्ट को एक जगह जमा कर उठा लेते हैं। इससे सड़क पर आवागमन करने वाले लोगों को थोड़ी राहत होती है। कई बार ग्रामीणों के द्वारा सड़क पर गिरे स्टोन चिप्स व डस्ट नहीं उठाने से वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है।

## वरदान हॉस्पिटल ने बघचट्टा गांव में फ्री मेडिकल कैंप का किया आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा** : वरदान हॉस्पिटल ने शुक्रवार को बघचट्टा गांव में एक मुफ्त मेडिकल कैंप का आयोजन किया। इस कैंप में हड्डी के विशेषज्ञ डॉ. विशाल कुजूर एवं जनरल मेडिसिन के विशेषज्ञ डॉ. फरहान खान ने गांव वालों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस कैंप के माध्यम से गांव के लोगों को चिकित्सा सेवाओं का लाभ मिला, जिससे वे काफी खुश नजर आए। स्थानीय निवासियों ने हॉस्पिटल के इस प्रयास की सराहना की और चिकित्सकों को धन्यवाद किया। बघचट्टा गांव के निवासियों के लिए यह कैंप एक महत्वपूर्ण अवसर था, जहां उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सा सलाह और उपचार प्राप्त हुआ। वरदान हॉस्पिटल का यह कदम ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने में सहायता करेगा और समुदाय में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाएगा। इसी तरह के और अभियानों की उम्मीद करते हुए, गांव के लोगों ने हॉस्पिटल के प्रति अपनी आभार व्यक्त किया और भविष्य में ऐसे और कैंप करवाने की मांग की।

## सीएम के नाम डीसी को सौंपा ज्ञापन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा** : शहीद स्मारक समिति, झारखंड भाषा संघर्ष मंच, बोधि सोसायटी, झारखंड लोक कला साहित्य संगीत अकादमी, झारखंड कौमी एकता मंच, मुक्त मंच एंव एन. वाई. एस. टी ने संयुक्त तत्वावधान से विश्व मातृ भाषा दिवस के अवसर पर झाड़खंड सरकार को ज्ञापन सौंपा गया कि हमारे राज्य में भी अन्य राज्यों जैसे कला परिषद की गठन किया जाये। जिसमें ललित कला अकादमी, लोकसाहित्य अकादमी, एवं लोकसंगीत नाटक अकादमी होंगे। ज्ञातव्य है कि झाड़खंड एक आदिवासी बहुल, बहुभाषी राज्य है जैसे संताली, मुंडारी, हो, कुड़ुख, खाड़िया, कुड़मालि, नागपुरी, खोरठा, पंचपरगनिया आदि मातृ भाषाओं को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। यहाँ की जनजातिओं के कला लोक साहित्य, संगीत एवं इन भाषाओं में आदिम संस्कृति की मौलिक उपादान आज भी संचित है। इसके संरक्षण एवं विकास सिर्फ राज्य के ही नहीं देश के धरोहर को भी लाभ पहुंचा सकता है। ये अमुल्य सम्पदा और सम्भावना नष्ट हो जाने के पहले ही इसका संरक्षण और विकास के लिए अकादमी स्थापित कराने को लेकर आज उपायुक्त के माध्यम से राज्य के मुख्यमंत्री ज्ञापन सौंपा गया है।मौके पर विश्वनाथ महतो, गौतम कुमार बोस, सुनील विमल, अनिमा बोस, हाराधन प्रामाणिक, देवाशीष मुखर्जी, नासिर खान, प्रणब नाहा आदि शामिल थे।

# आधार अपडेट करने के नाम पर लिए गए पैसे को बीडीओ ने कराया वापस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : छोटी भगियामारी सकरीगली की पालिया देवी नामक एक महिला से आधार कार्ड अपडेट करने के नाम पर एक कंप्यूटर ऑपरेटर ने कथित रूप से सात सौ रुपए वसूल लिया। जब कई दिनों तक चक्कर काटने के बावजूद महिला का नाम नहीं हुआ तो उसने शुक्रवार को इसकी शिकायत यहां प्रखंड कार्यालय में बीडियो से मिलकर कर दी। बीडियो ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत उक्त कंप्यूटर ऑपरेटर को महिला



के सामने ही अपने कक्ष में बुलाया और फटकार लगाते हुए पूरा रुपए वापस लौटवाया। बीडियो ने साफ शब्दों में कहा कि अगर ऐसी शिकायत दोबारा मिली तो प्रज्ञा केंद्र का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया जाएगा। बीडियो के मुताबिक महिला पालिया देवी का आरोप था कि वह अपनी पुत्री व पुत्र का आधार कार्ड अपडेट करने के लिए सकरीगली स्थित एक प्रज्ञा केंद्र में सात सौ रुपए लिया गया है। उक्त प्रज्ञा केंद्र का संचालन यहां बीआरसी के एक ऑपरेटर का भाई करता है। इसी ऑपरेटर ने आधार अपडेट करने के नाम पर महिला से सात सौ रुपए लिया था। हालांकि अब तक आधार कार्ड अपडेट नहीं होने से परेशानी हो रही है। इसके लिए महिला ने सीओ सह बीडियो का आभार जताया।

### अनियंत्रित होकर गिरने से दो घायल

**साहिबगंज/राजमहल** : बेगमगंज उधवा मुख्य मार्ग पर मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर उसपर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक उधवा के बेगमगंज गांव के सुजीत मंडल 19 वर्षीय व विक्की मंडल 18 वर्षीय एक मोटरसाइकिल से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान यह घटना हुई। जहां परिजनों की मदद से दोनों घायल को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से ट्यूशन पढ़ने जा रही छात्रा की मौत



**बरहरवा** : थाना क्षेत्र के फूटानी मोड़ स्थित चेक नाका के पास शुक्रवार को दिन के करीब 3 :30 बजे के आसपास ट्यूशन पढ़ने जा रहे शाहिना खातून उम्र करीब 10 वर्षीय नाम के एक स्कूल छात्रा की ट्रैक्टर के चपेट में आने से घटनास्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार शाहिना खातून साइकिल से फूटानी मोड ट्यूशन पढ़ने जा रही थी इसी क्रम में ट्रैक्टर संख्या जेएच 18एन/6109 ईंट लोड करके अब्राटोला गांव के तरफ जा रहा था इसी क्रम में शाहिना खातून ट्रैक्टर के चपेट में आ गई एवं उसका घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। इधर कुछ लोगों का कहना है कि चेक पोस्ट के पास डीटीओ की गाड़ी ट्रैक्टर पकड़ रहा था एक ट्रैक्टर को पड़कर चेक पोस्ट के पास खड़ाकर दिया था,तथा जिस ट्रैक्टर से घटना हुई उसका पीछा कर रहे थे।


**उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग**

(जिला योजना)

e-Mail:- dpohazaribagh@gmail.com

**पुनः अति अल्पकालीन ईच्छा की अभिव्यक्तिद्य**

जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, हजारीबाग अन्तर्गत शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल हजारीबाग में Fire Fighting System को चालू करने एवं AMC कार्य का सम्पादन करने हेतु विभिन्न शर्तों के साथ पुनः अति अल्पकालीन ईच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। इच्छुक संस्थान/फर्म दिनांक–28.02.2025 के अपराह्न 12:00 बजे तक निम्नांकित शर्तों के अनुरुप अपना मुहरबंद निविदा एवं विस्तृत विवरणी जिला योजना कार्यालय, हजारीबाग, समाहरणालय भवन, द्वितीय तल्ल में जमा किया जाना है एवं दिनांक–28.02.2025 के अपराह्न 02:00 बजे प्राप्त निविदाओं को समिति के समक्ष खोला जायेगा। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् जमा किये जाने वाले निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

निविदा के नियम एवं शर्तें, संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों की विवरणी, Scope of Work (Annexure-I) आदि समाहरणालय, हजारीबाग के वेबसाईट https://www.hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त
हजारीबाग।

PR 346907 Planning and Development (24-25)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, लातेहार**

**अति–अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा सूचना सं0– DWSD/LTR/ITDA/DT-14 दिनांक 21.02.2024

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | विभाग का नाम | | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड। |
| 02 | परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि | – | 27.02.2025 अपराह्न 03.00 बजे तक। |
| 03 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | – | 28.02.2025 अपराह्न 03.00 बजे तक। |
| 04 | निविदा जमा करने का स्थान | – | 1. कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार। 2. सहायक अभियंता के कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल लातेहार। |
| 05 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | – | 28.02.2025 अपराह्न 04.00 बजे। |
| 06 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | | ह0 दीपक कुमार महतो कार्य0 अभियंता, पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| 07 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का फोन न0 | – | 9193154542 – 8201242133 |

**Detail of work:-**

| Sl No | Name of work | No of Scheme | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Deep T/W of 200/165 mm Dia, 158 mtr deep Drilled T/Well with Complete set of Hand Pump India Mark-II for ANUSUCHIT JANJATI AWASIYA BOYS MIDDLE SCHOOL DOMAKHAR. | 01 | 248531.00 | 5000.000 | 500 | 07 Days |

1. Estimated Cost & EMD cost may Be Changed
2. Further details can be seen on notice board of Office
3. Only Registerd Contractor in this Department in (Appropritate Class) Participate in said Tender.

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल लातेहार

PR 346931 Drinking Water and Sanitation(24-25).D


# प्रदूषण के खिलाफ ग्रामीणों ने प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, केंद्रीय मंत्री, विधायक व डीसी को सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चांडिल** : थाना क्षेत्र के लाखा स्थित बिहार स्पंज आयरन लिमिटेड कंपनी के प्रदूषण से परेशान ग्रामीण कंपनी प्रबंधन के खिलाफ सक्रिय हो गए हैं। विगत दिनों हारुडीह गांव में बृहद बैठक के बाद अब ग्रामीणों ने प्रदूषण नियंत्रण पर्षद समेत केंद्रीय मंत्री, विधायक समेत अन्य अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा है और सात दिन में प्रदूषण नियंत्रण करने की मांग की है। यदि प्रदूषण पर नियंत्रण नहीं होता है तो उग्र आंदोलन करने की बात कही है। ग्रामीणों ने शुक्रवार को आदित्यपुर स्थित झारखंड



प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के क्षेत्रीय पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बीएसआईएल/बनराज प्रबंधन के ऊपर कानूनी कार्रवाई करने तथा प्रदूषण नियंत्रण करने की मांग की है। तत्पश्चात ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय में आयोजित दिशा की बैठक में केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ तथा ईचागढ़ विधायक सबिता महतो से मुलाकात की तथा उन्हें भी ज्ञापन सौंपकर प्रदूषण की समस्या से अवगत कराया। इसके अलावा ग्रामीणों ने सरायकेला खरसावां उपायुक्त, चांडिल अनुमंडल पदाधिकारी व चांडिल थाना प्रभारी को भी ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने बताया एक दो दिन के भीतर राज्यपाल, मुख्यमंत्री, एनजीटी अध्यक्ष तथा झारखंड विधानसभा के पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति के अध्यक्ष को भी ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस मौके पर तत्कालीन चांडिल प्रमुख अमला मुर्मू, दुर्योधन गोप, राकेश रंजन महतो, अपर्णा महतो, राजेंद्र लाल महतो, सनत महतो, जयशंकर महतो, मकर मुर्मू आदि मौजूद थे। ग्रामीणों ने बताया कि आंदोलन की रूपरेखा तय किया गया है। इसके तहत प्रदूषण संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन देने के उपरांत एक संगठन का गठन करने पर सहमति बनी, जो केवल प्रदूषण के मुद्दे पर आंदोलन करेगी। संगठन के माध्यम से घर - घर जाकर लोगों को आंदोलन के लिए जागरूक किया जाएगा।

# क्या विपक्षी एकता कायम रहेगी

अति आत्मविश्वास का होना सदैव विनाशकारी और आत्म घातक माना जाता है। ऐसा ही दिल्ली विधानसभा के चुनाव में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। इस चुनाव में आम आदमी पार्टी के नेताओं का व्यवहार निश्चित ही ऐसा होता जा रहा था,जो अति विश्वास को ही परिलक्षित करने वाला ही था। हालांकि किसी भी चुनाव के दो पहलू होते हैं। किसी भी चुनाव क्षेत्र में केवल एक ही उम्मीदवार विजय प्राप्त करता है,शेष पराजित होते हैं। पराजय निश्चित रूप से गलती सुधारने का अवसर प्रदान करती है। आम आदमी पार्टी इस पराजय को अपने भूल सुधार के लिए स्वीकार करेगी, यह होना चाहिए लेकिन आम आदमी पार्टी के नेता ऐसा करने की मानसिकता में दिखाई नहीं देते। इसका कारण यही है कि उनमें राजनीतिक दल की सरकार चलाने का अनुभव नहीं है। आम आदमी पार्टी के नेताओं का अभी भी यह मानना है कि उनकी पार्टी मात्र दो प्रतिशत के अंतर से हारी है, लेकिन उनको पता होना चाहिए कि एक प्रतिशत का अंतर भी राजनीति का दृश्य बदल सकता है। इसलिए यही कहा जा सकता है कि हार तो हार होती है, उसके तर्क का सहारा लेकर मन को दिलासा दी जा सकती है, जीत नहीं मानी जा सकती।

वैसे विपक्ष को इसकी आदत-सी हो गई है कि वह हार को आसानी से स्वीकार नहीं कर पाता। पिछले लोकसभा के चुनाव परिणाम आने के बाद भी ऐसी ही तस्वीर दिखाने का प्रयास किया गया कि विपक्ष ने मानो सरकार बनाने लायक जीत हासिल कर ली हो, लेकिन तस्वीर का असली चेहरा कुछ और था। वर्तमान राजनीतिक उतार-चढ़ाव का अध्ययन किया जाए तो यह कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी राजनीतिक दल सत्ता में आने के लिए एक होने की कवायद कर चुके हैं, लेकिन यह कवायद परवान नहीं प्राप्त कर सकी। लोकसभा चुनाव के समय इंडी गठबंधन बनाकर तमाम भाजपा विरोधी दलों ने कई राज्यों में एकता का दिखावा किया। लेकिन कई राज्यों के विधानसभा चुनाव के समय इंडी गठबंधन के दल एक साथ न होकर बिखरे हुए दिखाई दिए। अब आगे चलकर एकता के प्रयास किए तो जाएंगे, लेकिन वे एक साथ हो जाएंगे, इस बात की संभावना बहुत कम दिखाई देती है।

सीधे अर्थों में कहा जाए तो विपक्षी एकता को कई बार झटके लग चुके हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की हार विपक्ष की एकता के लिए एक और बड़ा झटका माना जा रहा है। कांग्रेस ने जिस प्रकार से आम आदमी पार्टी को सत्ता से बाहर करने का सुनियोजित रणनीति अपनाई, वह चुनाव परिणाम आने के बाद पूरी तरह सामने आ गया। ऐसी स्थिति में अब कांग्रेस और आम आदमी पार्टी एक मंच पर आएंगे, इस बात की संभावना बहुत कम है। हालांकि कांग्रेस की ओर अपनाई गई यह रणनीति कोई नई बात नहीं है। कई दलों को ऐसा झटका मिल चुका है,स्वयं आम आदमी पार्टी ने हरियाणा में ऐसा ही राजनीतिक खेल खेलकर कांग्रेस को सत्ता में आने से रोक दिया था।

जहां तक विपक्षी एकता की बात है तो इसकी जड़ों में मट्ठा डालने का काम खुद इंडी गठबंधन या भाजपा विरोधी राजनीतिक दलों ने किया है। कई राज्यों में एक-दूसरे के विरोध में ताल ठोकने वाले यह दिखावे की एकता वाले राजनीतिक दल आगे भी ऐसी ही नीति का अनुसरण करेंगे, इस बात की गुंजाइश ज्यादा दिखाई देती है। क्योंकि गठबंधन में शामिल होने का दावा करने वाले राजनीतिक दल किसी भी दल से पीछे रहने की मानसिकता में दिखाई नहीं देते। कांग्रेस भी इसी मानसिकता से ग्रसित दिखाई देती है। राज्यों तक प्रभाव रखने वाले क्षेत्रीय राजनीतिक दल कांग्रेस को बेहद कमजोर मानकर व्यवहार कर रहे हैं।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कई बार कांग्रेस को आईना दिखाते हुए व्यवहार किया है। ऐसी स्थिति में पश्चिम बंगाल में कांग्रेस और ममता बनर्जी की पार्टी एक साथ आकर पश्चिम बंगाल का विधानसभा चुनाव लड़ेंगे,दूर की बात दिखती है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने भी कांग्रेस को जमीन दिखाने के प्रयास में खुद के लिए आत्मघाती रास्ता तैयार किया। यह बात सही है कि आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल अपने आपको कांग्रेस से बड़ा मानने लगे थे इसलिए कांग्रेस से किनारा कर चुनाव मैदान में अकेले कूदे और पहली बार सत्ता से दूर हो गए। कहा जाता है कि क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के उभार ने कांग्रेस का बंटाधार करने का काम किया। कहीं-कहीं यह भी सत्य है कि कांग्रेस के अप्रिय व्यवहार के चलते ही इन क्षेत्रीय दलों का गठन हुआ।

### सूडोकु नवताल- 7349

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | | 1 | | 8 | | 2 |
| | 5 | | 8 | | 7 | | | |
| 9 | | | | 6 | | | | |
| | 6 | | 7 | 9 | | 5 | | 3 |
| 5 | | | | 4 | | | | 1 |
| 3 | | 1 | | 8 | 2 | | 7 | |
| | | | | 5 | | | | 6 |
| | | | 4 | | 3 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | 2 | | 1 | 5 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7348 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 3 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 7 | 4 | 2 | 9 |
| 4 | 1 | 2 | 6 | 9 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 1 | 9 | 8 | 3 | 7 | 4 | 2 | 6 | 5 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 |
| 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 |

# अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर दिमागी गंदगी की सड़ांध

**प्रियंका सौरभ**



कुछ लोग ह्यूमर के नाम पर समाज में गंदगी फैला रहे हैं। ऐसा कंटेट प्रसारित कर रहे हैं जो चिंता का विषय है। विवाद बढ़ने के बाद ये अश्लील इंफ्लूएंसर अपनी करतूत पर माफी मांग लेते हैं। सवाल यह है कि क्या इनकी शर्मनाक हरकत पर इनका माफी मांग लेना काफी है या बड़ा एक्शन होना चाहिये? सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया की 'इंडियाज गॉट लैटेंट' पर 'आपत्तिजनक' टिप्पणियों की निंदा की।

ऐसे लोगों को कानूनी तौर पर तो सजा मिलनी ही चाहिए, अगर जनता गंदगी परोसने वाले ऐसे चैनलों और मंचों का बहिष्कार करना शुरू कर दे तो यह उनके लिए सबसे बड़ी सजा होगी। गंदगी परोसने वाले ऐसे सारे कार्यक्रम जो ओटीटी, टीवी आदि पर हैं, सब बंद होना चाहिए। ऐसा वल्गर कंटेंट हमारे देश की संस्कृति को तबाह कर देगी। यह निंदनीय है और सभ्य समाज के लिए गलत भी। ऐसे लोग सनातन धर्म और हिंद संस्कृति का बेड़ागर्क कर रहे हैं। ऐसी घिनौनी मानसिकता वाले लोगों को देखना व सुनना, आज के समाज का भी कसूर है। ऐसे लोगों का सामाजिक बहिष्कार होना चाहिए।

सर्वोच्च न्यायालय ने रणवीर इलाहाबादिया के शब्दों के पीछे छिपे गहरे मुद्दों को उजागर करते हुए इसे 'उनके दिमाग की गंदगी' कहा। इलाहाबादिया के शब्दों की निंदा करते हुए कहा कि उसकी भाषा से माता-पिता और बहनों को शर्म आएगी। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार, इलाहाबादिया की टिप्पणियों की विकृत प्रकृति से 'पूरा समाज शर्मिंदा महसूस करेगा।' यह मामला डिजिटल युग में प्रभावशाली व्यक्तियों और सामग्री निमार्ताओं की जिम्मेदारी के बारे में व्यापक चर्चा को जन्म देता है। वैसे भी सार्वजनिक हस्तियों को अपनी भाषा के प्रयोग के प्रति सचेत रहना चाहिए क्योंकि इससे सामाजिक मूल्यों पर असर पड़ता है।

समाज पर ऐसे युवा प्रतीकों के प्रभाव को कम आंकना मूर्खतापूर्ण होगा, विशेषकर युवा मस्तिष्कों और स्वस्थ समाज की बुनियादी संस्कृति पर। क्या यह काफी बड़ा नहीं है? यह पूछना कि शो का कोई प्रतियोगी किस चीज के लिए कितना शुल्क लेगा, क्या इससे युवाओं की एक पूरी पीढ़ी भ्रष्ट नहीं होगी? तर्कहीन ढंग से और समाज के प्रति किसी जिम्मेदारी के बिना कही गई बातें। क्या आपके बच्चे नहीं हैं और न ही आपको उनकी परवाह है। सच तो यह है कि 'मजाक' के माध्यम से ऐसी अश्लीलता को सामान्य बनाना उसी मानसिकता को बढ़ावा देता है जो वास्तविक अपराधों को बढ़ावा देती है। समाज रातोंरात नहीं तबाह होता -इसकी शुरूआत असहनीय को सहन करने, घृणित को 'सिर्फ हास्य' के रूप में नजरअंदाज करने और धीरे-धीरे नैतिक सीमाओं को खत्म करने से होती है।

कानूनी कार्यवाही का मतलब सिर्फ. व्यक्तियों को दंडित करना नहीं है। इसका उद्देश्य एक मिसाल कायम करना है कि कुछ चीजें स्वीकार्य नहीं हैं, चाहे लोग उन्हें कितना भी हास्यपूर्ण बताने की कोशिश करें। यदि वे सचमुच समाज को बेहतर बनाने के बारे में चिंतित हैं, तो उन्हें यह समझना चाहिए कि सांस्कृतिक पतन से लड़ना भी बड़े अपराधों से निपटने जितना ही महत्त्वपूर्ण है। यदि आप सोचते हैं कि हमें ऐसे घृणित 'मजाक' को नजरअंदाज कर देना चाहिए और केवल 'वास्तविक अपराधों' पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, तो आप यह समझने में विफल हैं कि समाज कैसे काम करता है।

विकृत और अपमानजनक हास्य को सामान्य मानने से नैतिक सीमाएँ कमजोर होती हैं और लोग अस्वीकार्य चीजों के प्रति असंवेदनशील हो जाते हैं। कॉमेडी में बिना किसी परिणाम के कुछ भी कहने की छूट नहीं है। खासकर तब जब यह बहुत ही विचलित करने वाले क्षेत्र में प्रवेश कर जाए। कानून गरिमा को बनाए रखने और बुनियादी शालीनता के क्षरण को रोकने के लिए मौजूद हैं। अगर आप 'यह सिर्फ एक मजाक है' के नाम पर इसका बचाव कर रहे हैं, तो शायद असली मुद्दा यह है कि आप इस तरह की सामग्री के प्रभाव के प्रति बेपरवाह हो गए हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई बहुत जरूरी है। आपका यह तर्क कि हमें 'मजाक के बजाय वास्तविक अपराधों और समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए' मूर्खतापूर्ण और अपरिपक्व दोनों है। हास्य में शक्ति होती है और शक्ति के साथ जिम्मेदारी भी आती है।

'मजाक' कहलाने वाली हर बात हानिरहित नहीं होती। कुछ हास्य हानिकारक व्यवहार को सामान्य बना देता है। यदि कोई मजाक अनादर, असंवेदनशीलता या नैतिक सीमाओं को लांघने पर आधारित है, तो यह सवाल उठाना उचित है कि क्या यह समाज का उत्थान करता है या पतन करता है। आलोचना का मतलब 'घटिया मानसिकता' रखना नहीं है; यह संस्कृति पर विषय-वस्तु के प्रभाव को पहचानने के बारे में है। यदि कॉमेडी पर सवाल नहीं उठाया जा सकता तो फिर वास्तव में संवेदनशील कौन है? अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर ऐसी सामग्री का बचाव करना केवल यह साबित करता है कि समाज में क्या स्वीकार्य है, इसके प्रति लोग कितने असंवेदनशील हो गए हैं। स्वतंत्रता का अभिप्राय है, सही समय पर सही यानी नैतिक कार्य करने की स्वतंत्रता। इसी प्रकार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अभिप्राय है-उचित समय पर उचित बात कहने की स्वतंत्रता। इसके विपरीत कुछ भी, कभी भी कह देने की स्वतंत्रता, स्वच्छंदता है। स्वच्छंदता को ही अराजकता कहा जाता है। अतः स्वतंत्रता एक कानूनी प्रक्रिया है, इसके विपरीत स्वच्छंदता गैरकानूनी है।

अभिव्यक्ति की स्वच्छंदता को प्रश्रय, सोशल मीडिया की गुणवत्ता की जगह मात्रा को अहमियत देने की व्यवस्था ने दिया है। लोग ज्यादा व्यूज के लिए सस्ती लोकप्रियता हासिल करना चाहते हैं। लोग किसी भी तरह से पैसा और शोहरत हासिल करना चाहते हैं और इस तरह की उत्तेजना पैदा करने वाली बातें युवा वर्ग को आकर्षित करती हैं। इसलिए लोग भद्दी भाषा का प्रयोग करते हैं। अगर यूट्यूब, मात्रा की अपेक्षा गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करे तो ऐसे ओछे प्रयास बंद हो जायेंगे।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# शांति की संस्कृति एवं समझ को विकसित करने जरूरत

**ललित गर्ग**

एक शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण समाज के निर्माण, विविध संस्कृतियों, धर्मों और क्षेत्रों के बीच सद्भाव, करुणा और सहयोग की स्थायी भावना की अपेक्षा को आकार देने के लिये हर वर्ष विश्व शांति एवं समझ दिवस 23 फरवरी को विश्व स्तर पर मनाया जाता है। यह अवसर मानवीय सेवा, शांति और सद्भावना के प्रतीक रोटरी इंटरनेशनल की संस्थापक बैठक से जुड़ा है, जो एक अधिक समावेशी और शांतिपूर्ण दुनिया को बढ़ावा देने के लिए दुनिया में सामूहिक जिम्मेदारी का एक मार्मिक अनुस्मारक एवं महा अनुष्ठान है। साल 2025 में इस दिवस का उद्देश्य दुनियाभर में शांति और समझ को बढ़ावा देते हुए शांति की संस्कृति का विकास करना है। यह विषय एक ऐसी दुनिया की दिशा में सक्रिय रूप से काम करने के महत्व पर जोर देता है जहाँ शांति की समझ केवल एक आकांक्षा नहीं बल्कि हमारे दैनिक जीवन, व्यवहार और बातचीत का एक हिस्सा हो। यह दुनिया में संघर्ष को रोकने के लिए विभिन्न संस्कृतियों और दृष्टिकोणों के लिए सहानुभूति और सम्मान को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करता है एवं शांति की संस्कृति को विकसित करने के लिए व्यक्तियों, समुदायों और राष्ट्रों से सामूहिक प्रयास की आवश्यकता को उजागर करता है। दुनिया में प्रेम-भाईचारा और शांति को बनाए रखना एवं हिंसारहित दुनिया निर्मित करना भी इस दिवस का ध्येय है।

रोटरी इंटरनेशनल की यात्रा 1905 में पॉल पी. हैरिस के साथ शुरू हुई, जिन्होंने राजनीति और धर्म की सीमाओं से परे विभिन्न पृष्ठभूमि के पेशेवरों को शामिल करते हुए एक भाईचारे एवं बंधुत्व भावना की कल्पना की थी। यह दृष्टिकोण पहले रोटरी क्लब में साकार हुआ, जिसे आधिकारिक तौर पर 1908 में शामिल किया गया था, जिससे एक ऐसे आंदोलन की शुरूआत हुई जिसने अंततः एक वैश्विक आयाम ग्रहण किया। पहले प्रमुख अमेरिकी शहरों और बाद में दुनियाभर में रोटरी क्लबों की स्थापना ने 1925 तक रोटरी इंटरनेशनल के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त की, आज, 200 से अधिक देशों और भौगोलिक क्षेत्रों में फैले 46,000 से अधिक क्लबों में 1.4 मिलियन से अधिक सदस्यों के साथ, रोटरी इंटरनेशनल मानवीय सेवा में वैश्विक एकजुटता का प्रतीक है।

आज जबकि पूरी दुनिया युद्ध, हिंसा, आतंक एवं क्रूरता से त्रस्त है, इन जटिल एवं विषम परिस्थितियों में दुनिया में शांति की समझ पैदा करना पूरी मानव जाति का कर्तव्य है। समाज में समझ से ही शांति स्थापित की जा सकती है। इसके लिए सामूहिक प्रयास करने की आवश्तकता है। इसके विपरीत यदि, पूरी दुनिया के लोग एक दूसरे को घृणा, द्वेष और नफरत की दृष्टि से देखेंगे तो उसका परिणाम युद्ध औ? विनाश के रूप में सामने आएगा। संघर्ष, अविश्वास, गलतफहमी और विद्रोह समाज को बांटता है और उसे एक अन्नत संघर्ष की खाई में धकेल देता है। अविश्वास, अहंकार एवं महत्वाकांक्षाएं समाज को गलतफहमी, विद्रोह, लड़ाई और संघर्ष की ओर ले जाती है। इसलिए समाज में विश्वास और शांति स्थापित करने के लिए सभी मनुष्यों को एक दूसरे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोगी के रूप में कार्य करना होगा। यह दिवस दुनिया की सबसे गंभीर चुनौतियों से निपटने में सामूहिक कार्रवाई की शक्ति की याद दिलाता है। यह हमें अपने मतभेदों से परे देखने और सभी के लिए शांति, समृद्धि और कल्याण के सामान्य लक्ष्यों की दिशा में मिलकर काम करने के लिए प्रोत्साहित करता है। सामुदायिक सेवा, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और नैतिक मानकों को बढ़ावा देने के माध्यम से, विश्व शांति और समझ दिवस स्थायी शांति प्राप्त करने में सद्भावना के महत्व को रेखांकित करता है।

मनुष्य, पशु, पक्षी, कीड़े, मकोड़े आदि सभी जीना चाहते हैं। कोई मरने की इच्छा नहीं रखता। जब कोई मृत्यु चाहता ही नहीं, तो उस पर उसको थोपना कहां का न्याय है। शांति, सहजीवन एवं अहिंसा में विश्वास रखने वाले लोग किसी प्राणी को सताते नहीं, मारते नहीं, मर्माहत करते नहीं, बल्कि एक दूसरे का सहयोग करते हुए एक उन्नत दुनिया का निर्माण करते हैं। शांति की समझ है स्वयं के साथ सम्पूर्ण मानवता को ऊपर उठाने में, आत्मपतन से बचने में और उससे किसी को बचाने में। अशांति अंधेरा है और शांति उजाला है। आंखें बंद करके अंधेरे को नहीं देखा जा सकता। इसी प्रकार अशांति से शांति को नहीं देखा जा सकता। शांति को देखने के लिए आंखों में अहिंसा, करूणा एवं प्रेम का उजाला आंजने की अपेक्षा है। पृथ्वी, आकाश व सागर सभी अशांत हैं। स्वार्थ और घृणा ने मानव समाज को विखंडित कर दिया है। यूँ तो ह्यविश्व शांतिह्ल का संदेश हर युग और हर दौर में दिया गया है, लेकिन विश्व युद्ध की संभावनाओं के बीच इसकी आज अधिक प्रासंगिकता है। अपनों का साथ स्वर्ग है तो शत्रुओं का साथ नरक। प्रेम व मित्रता की ओर बढ़ना, स्वर्ग की ओर बढ़ना है। वैर व घृणा की ओर कदम बढ़ाना अपने नरक को खड़ा करना है। स्वर्ग में रहना है या फिर नरक में, ये चुनाव हमारा अपना है। लेकिन इस दृष्टि से यह विश्व शांति और समझ दिवस अधिक प्रासंगिक है और हमारी शांति की समझ को व्यापक बनाता है। इजराइल और हमास में युद्ध विराम समझौते के बाद दुनिया चाहती है कि रूस एवं यूक्रेन के बीच लम्बे समय से चल रहा युद्ध भी समाप्त हो, यह शांतिपूर्ण उन्नत विश्व संरचना के लिये नितांत अपेक्षित है। क्योंकि ऐसे युद्धों से युद्धरत देश ही नहीं, समूची दुनिया पीड़ित, परेशान एवं प्रभावित होती है। इस तरह युद्धरत बने रहना खुद में एक असाधारण और अति-संवेदनशील मामला है, जो समूची दुनिया को विनाश एवं विध्वंस की ओर धकेलने देता है। ऐसे युद्धों में वैसे तो जीत किसी की भी नहीं होती, फिर भी इन युद्धों का होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्ट्रों को सदियों तक पीछे धकेल देता, इससे भौतिक हानि के अतिरिक्त मानवता के अपाहिज और विकलांग होने के साथ बड़ी जनहानि का भी बड़ा कारण बनता है। इसी तरह अनेक राष्ट्र आतंकवाद से त्रस्त है। इन विकट एवं विकराल होती स्थितियों के बीच इस साल विश्व शांति और समझ दिवस की 118वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। इन वर्षों के दौरान पूरी दुनिया ने विश्व शांति और सद्भावना को लेकर लंबा रास्ता तया किया है। वहीं दुनिया भर के लोगों में सद्भावना, शांति और समझ विकसित करने के लिए अभी और लंबा रास्ता तय करना है। रोटरी क्लब अपने सदस्यों को, स्थानीय क्लबों के स्तर पर किए गए कार्यों से, स्थानीय और विश्व समुदाय की सेवा करने का अवसर प्रदान करता है। इसका ध्येय है- सत्य, न्याय, लोगों के बीच संबंधों में सुधार और विश्व शांति। उम्मीद है कि इसका नतीजा युद्धों के अंत के रूप में सामने आएगा।

आज कई लोगों का मानना है कि विश्व शांति को सबसे बड़ा खतरा साम्राज्यवादी आर्थिक और राजनीतिक कुचेष्टाओं से है। विकसित देश युद्ध की स्थिति उत्पन्न करते हैं, ताकि उनके सैन्य साजो-समान बिक सकें। यह एक ऐसा कड़वा सच है, जिससे कोई इंकार नहीं कर सकता। आज सैन्य साजो-सामान उद्योग विश्व में बड़े उद्योग के तौर पर उभरा है। हिंसा, आतंक एवं अशांति विश्व की ज्वलन्त समस्याएं हैं। अहिंसा, करूणा एवं शांति ही इन समस्याओं का समाधान है। अहिंसा सव्वभूयखेमंकरी-विश्व के समस्त प्राणियों का कल्याण करने वाली तेजोमयी अहिंसा की ज्योति पर जो राख आ गई, उसे दूर करने के लिए तथा अहिंसा की शक्ति पर लगे जंग को उतार कर उसकी धार को तेज करने के लिए अहिंसक एवं शांतिपूर्ण समाज रचना की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया में विश्वशांति एवं अहिंसा की स्थापना के लिये प्रयत्नशील है, समूची दुनिया भारत की ओर आशाभरी नजरों से देख रही है कि एक बार फिर शांति एवं अहिंसा का उजाला भारत करें। कुछ लोग कह सकते है-एक दिन विश्व शांति और समझ दिवस मना भी लिया तो क्या हुआ? लेकिन ऐसे दिवस की बहुत सार्थकता है, उपयोगिता है, इससे अंतर-वृत्तियां उद्बुद्ध होंगी, अंतरमन से शांति की समझ को अपनाने की आवाज उठेगी और हिंसा, अशांति, तनाव एवं में लिप्त मानवीय वृत्तियों में शांति की समझ आएगी।

# भाषा हमारे अस्तित्व का साधन भी है और साध्य भी

**गिरीश्वर मिश्र**

भाषाई और सांस्कृतिक विविधता के अंतरराष्ट्रीय उत्सव के रूप में इस बार का मातृभाषा-दिवस यूनेस्को के आयोजन का रजत जयंती वर्ष है। इसके पीछे टिकाऊ समाज के निर्माण के लिए विभिन्न भाषाओं के संरक्षण, सहनशीलता और पारस्परिक आदर का संकल्प लिया गया है। अपनी और दूसरों की भाषा को समझना अपनी और दूसरों की संस्कृति को जानने-समझने का मुख्य माध्यम है। भाषा न रहे तो हम अपनी संस्कृति को अगली पीढ़ी तक ठीक से पहुँचाने में चूक जाएँगे। ऐसे में आज विश्व में प्रचलित विभिन्न भाषाओं को सुरक्षित और संवर्धित करना हमारा विशेष दायित्व है।

आशा की जाती है कि मातृभाषाओं का समादर समावेशिकता को बढ़ाएगा। एक विरल नैसर्गिक शक्ति के रूप में भाषा हमें न केवल ज्ञान-सृजन का अवसर देती है बल्कि उस ज्ञान को संजोने और दूसरों से साझा करना भी संभव बनाती है। प्रकृति भी इसे समर्थन देती है। जन्म के समय से ही हर सामान्य बच्चा भाषा अर्जित करने के उपकरण से सज्जित रहता है। नवजात की श्रवण शक्ति अद्भुत होती है। वह स्वाभाविक ध्वनि और शोर में फर्क.करने लगता है। छह माह होने के पहले ही वे कई भाषाएँ सुनते और समझते रहते हैं। तीन वर्ष की आयु में उनका तीन-चार भाषाओं से परिचय स्वाभाविक रूप से होता है। दस वर्ष तक यह प्रक्रिया काफी तेजी से चलती है। भारत के बच्चे स्वाभाविक रूप से बहुभाषिक परिवेश में जन्म लेते हैं और उनकी परवरिश होती है।

सांस्कृतिक स्तर पर भाषा-विकास हमारे लिए अद्भुत अवसर बन जाता है। उसी के सहारे ही हम व्यवहार करते हैं, सोचते हैं, कल्पना करते हैं और उस कल्पना को मूर्त आकार भी देते हैं। लिखित रूप में आने के पहले सभी भाषाएँ वाचिक रूप में ही प्रयुक्त होती थीं । भारत में पीढ़ी-दर-पीढ़ी चले आ रहे इस जीवन-दर्शन का एक बड़ा हिस्सा मौखिक रूप से प्राप्त होता रहा है। वेद 'श्रुति' के नाम से विख्यात हैं। अनुमानतः 2300 ईसा पूर्व लिखित रूप में उन्हें प्रस्तुत किया गया। बाद में, विभिन्न भाषाई और सांस्कृतिक विकास ने भाषा, संस्कृति और कलात्मक रूपों के मामले में इस क्षेत्र को अनोखी रंगत दी। इस प्रकार विभिन्न समूहों के बीच संपर्क और उनके भाषाई और सांस्कृतिक आवाजाही ने इस क्षेत्र में बहुभाषिकता के खास पैटर्न को जन्म दिया। इस स्थिति ने भाषाओं में एकता आई तथा जिसने सामाजिक जीवन के सभी क्षेत्रों को एक सूत्र में पिरोया। एकता में इस विविधता ने भारतीय सांस्कृतिक जीवन को इंद्रधनुषी रूप दिया जिसमें एक खास किस्म का समग्रता बोध है। भारतीय भाषाओं में दृष्टिगत समानता हजारों वर्षों के सघन सांस्कृतिक संपर्क के कारण आई। धर्म, दर्शन, संगीत, भोजन, आदि सब में यह स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त होती है।


भारत सदियों से एक बहुभाषी देश के रूप में आगे बढ़ा है। यहाँ समाज का हर वर्ग, हर क्षेत्र, भाषा, कला-रूप और शैलियाँ, एक बहुरूपदर्शी (कैलिडोस्कोप) के टुकड़ों जैसे हैं। यह अनगिनत धागों की एक जटिल बुनाई की याद दिलाती है जिनमें से हर धागा जीवन के आध्यात्मिक, सामाजिक, आर्थिक या राजनीतिक पहलुओं का प्रतिनिधित्व करता है। परंपराओं और आधुनिक विकास ने भी इसकी बहुमुखी एकता में निरंतर योगदान दिया है। इसका जीता जागता ताजा प्रमाण देश के सभी भागों से आए स्नानार्थियों ने संगम तट पर दिया है। महाकुंभ के अवसर पर प्रयाग में त्रिवेणी संगम पर जुटे कोटि-कोटि भारतीयों को देख कर उनकी अंतरंग सांस्कृतिक एकता और ऊपर की विविधवर्णी छवि के बीच अनोखे सामंजस्य का भाव मूर्त हो उठा। इससे यह सच प्रकट हुआ कि भारतीय समाज हमारे सामने सांस्कृतिक, सामाजिक, भाषाई और धार्मिक प्रथाओं का एक समग्र दृश्य रचता है।

आज भारत में लगभग आठ सौ भाषाएँ दर्ज हैं। बहुतेरे भारतीय कई भाषाएँ बोलते हैं। यह बहुभाषिकता विभिन्न भाषाई समुदायों के बीच न केवल संचार को प्रभावी बनाती है बल्कि साझा पहचान को सबल करती है। बावजूद इसके कि विभिन्न भाषाएँ अलग-अलग लिपियों का उपयोग करती हैं, इनमें से कई लिपियाँ एक ही मूल की हैं, जैसे ब्राह्मी लिपि। यह साझा भाषाई विरासत, धार्मिक और सांस्कृतिक ग्रंथों में संस्कृत भाषा और साहित्य के व्यापक उपयोग के साथ-साथ भारतीय भाषाई क्षेत्र में गहन निरंतरता विकसित करने में योगदान करती है। साझा विषय, पारस्परिक प्रभाव और समान ऐतिहासिक अनुभव इन विविध साहित्यिक परंपराओं को एक साथ बांधते हैं। तमिलह्नकाशी संगम जैसा मेल-मिलाप संवाद के द्वारा भारतीय साहित्य एकता में विविधता की अवधारणा का प्रबल उदाहरण प्रस्तुत करता है।

भाषाओं की बहुलता समृद्धि का स्रोत है जो हजारों वर्षों के प्रवास, परस्पर क्रिया और विभिन्न समूहों के बीच एकीकरण से पली- बढ़ी है। भाषिक विविधता की दृष्टि से भारत आज विश्व में दूसरे नम्बर पर है। भारत के संविधान की वर्तमान व्यवस्था में 22 मुख्य भाषाएँ तथा 6 क्लासिकल भाषाएँ (तमिल, संस्कृत, कन्नड़, तेलुगु, मलयालम और ओडिया) सम्मिलित हैं। देवनागरी में लिखी जाने वाली हिंदी आधिकारिक रूप से राजभाषा है हालाँकि इसके भी लगभग पचास रूप हैं। संविधान में यह विशेष प्रावधान है कि अल्पसंख्यक समुदाय अपनी भाषा, लिपि और संस्कृति को सुरक्षित रख सकेंगे। इन सबके बीच हमें यह भी स्मरण करना होगा कि मातृभाषा अस्मिता और संस्कृति को गढ़ने का कार्य करती है।

## दैनिक पंचांग

**22 फरवरी 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 07.34 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | मेष | 09.04 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | वृष | 10.44 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 12.42 बजे से |
| गुरु | वृष में | कर्क | 14.56 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 17.12 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 19.24 बजे से |
| राहु | मीन में | तुला | 21.35 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृश्चिक | 23.49 ब.से |
| राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक | | धनु | 02.05 बजे से |
| | | मकर | 04.10 बजे से |
| | | कुंभ | 05.57 बजे से |

**शनिवार** 2025 वर्ष का 53 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** फाल्गुन (दक्षिण भारत में माघ)
**पक्ष** कृष्ण **तिथि** नवमी 13.20 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** ज्येष्ठा 17.40 बजे को समाप्त।
**योग** हर्षण 11.56 बजे को समाप्त।
**करण** गर 13.20 बजे तदनन्तर वणिज 01.44 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 23.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 10° 11'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872263
**जूलियन दिन** 2460728.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** शाबान
**तारीख** 23


| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# वकीलों का हंगामा:हजरतगंज गांधी प्रतिमा पर प्रदर्शन-नारेबाजी

## बोले- अधिवक्ता संशोधन बिल वापस ले सरकार





**लखनऊ।** बार एसोसिएशन के वकीलों ने शुक्रवार को हजरतगंज में जमकर हंगामा किया। अधिवक्ता गांधी प्रतिमा पर एकत्र हुए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। विधानसभा जाने वाली सड़क पर बैरिकेडिंग कर वकीलों को रोक दिया गया। अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 का विरोध कर रहे थे। वकीलों का कहना है कि अधिवक्ता संशोधन बिल-2025 वकीलों के अधिकारों का हनन करेगा। उनकी स्वतंत्रता को सीमित कर देगा। उन्होंने सरकार से इस प्रस्ताव को जल्द से जल्द वापस लेने की मांग की है। प्रदर्शन कर रहे वकीलों ने जब विधानसभा की ओर कूच करने की कोशिश की, तो पुलिस ने उन्हें बैरिकेडिंग कर रोक दिया। इस दौरान धक्का-मुक्की भी हुई। हालांकि, पुलिस ने स्थिति संभाल ली और वकीलों को समझाने की कोशिश की। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रदर्शन को देखते हुए सुरक्षा बढ़ाई गई है। शांति भंग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।




इस दौरान वकील और पुलिसकर्मी काफी देर तक आमने-सामने रहे और नारेबाजी चलती रही। लखनऊ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश प्रसाद तिवारी (एडवोकेट), महामंत्री बृजभान सिंह भानु (एडवोकेट), संयुक्त मंत्री आशीष राय (एडवोकेट) समेत सेंट्रल बार एसोसिएशन और अन्य सैकड़ों की संख्या में वकील प्रदर्शन में मौजूद रहे।

### कत्ल के मामले में एक गुनहगार को उम्रकैद की सजा के साथ ही हुआ पचास हजार का जुमार्ना



**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के मझगवां के मलेहटा में 6 दिसम्बर 2022 को अभियुक्तों ने गांव के सुनील को जान से मारने के इरादे से तमंचे, कुल्हाड़ी सहित लाठी से मारकर बेहोशी की हालत में छोड़कर भाग निकले थे ,जबकि इलाज के दौरन भाई फूलचन्द की मौत हो गई थी, मामले की तहरीर मिलने के बाद मझगवां पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम मलेहटा निवासी अनुपम सिंह पुत्र बृजनरेश, अमित सिंह पुत्र बृजनरेश,बृजनरेश पुत्र शिवराज सिंह के खिलाफ अ.सं. 220/2022 धाराझ302,307,504 आईपीसी सहित 3(2)5,3(2)5ए एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था,जबकि आपरेशन कन्विक्शन के तहत हमीरपुर की एससीएसटी अदालत के स्कालर जज ने अभियुक्त अनुपम सिंह को धारा-302,307 आईपीसी के तहत गुनहगार मानते हुये उम्रकैद की सजा के साथ ही पचास हजार रुपये का सुनाया जुमार्ना,वहीं अभियुक्त अमित सिंह सहित बृजनरेश को बेगुनाह मानते हुये मामले से बरी किया गया, जबकि मामले की जांच सीओ प्रमोद कुमार सिंह ने पूरी करने के बाद अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी,वहीं अभियोजन की तरफ से विशेष लोक अभियोजक विजय सिंह ने दमदार पैरवी कर बचाव पक्ष के वकीलों की दलीलों की हवा निकाल दी।

### युवती को खुदकुशी करने को मजबूर करने के दो गुनाहगारों को चार-चार साल की सख्त सजा के साथ ही हुआ पच्चीस हजार रुपये का जुमार्ना



**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के जरिया के ग्राम पवई में 31 मार्च 2021 को 22 वर्षीय युवती से जहेज की मांग करने के साथ ही चिल्लू ने जबरदस्ती बलात्कार की वारदात को अंजाम देने के बाद ही एक राय होकर गला दबाकर मार देने के साथ ही फांसी के फंदे पर लटका देने के मामले में सुनील कुमार पुत्र स्व० मंगल सिंह, किल्लू उर्फ हरिश्चन्द्र पुत्र लल्लू,रावरानी पत्नी स्व० मंगल सिंह निवासी ग्राम पंवई जरिया, के खिलाफ अ०सं०-66/2021धाराझ498ए,304बी, 376,120बी,306 आईपीसी सहित 3/4 दहेज एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था, जबकि आपरेशन कन्विक्शन के तहत हमीरपुर की गैंगस्टर अदालत के स्कालर जज मनोज कुमार शासन ने अभियुक्त सुनील कुमार पुत्र स्व० मंगल सिंह को धारा-498ए,306 आईपीसी के तहत गुनाहगार मानते हुये चार साल की सख्त सजा के साथ ही हुआ पन्द्रह हजार रुपये का जुमार्ना,जबकि वहीं अभियुक्त किल्लू उर्फ हरिश्चन्द्र पुत्र लल्लू को धारा-306 आईपीसी के तहत गुनाहगार मानते हुये चार साल की सख्त सजा के साथ ही हुआ दस हजार रुपये का जुमार्ना, वही अभियुक्त रावरानी पत्नी स्व० मंगल सिंह को बेगुनाह मानते हुये बरी किया गया, मामले की जांच सीओ विवेक यादव ने पूरी करने के बाद अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी, वहीं अभियोजन की तरफ से अदालत में एडीजीसी विशम्भर पाल ने दमदार पैरवी करते हुये बचाव पक्ष के वकीलों की हवा निकाल दी।

## 400 परिवारों को पानी नहीं मिला, 45 का पलायन



**लखनऊ।** नगर निगम जोन- 6 के अम्बरगंज वार्ड में 400 परिवार पानी के लिए परेशान है। पानी की समस्या के चलते 45 परिवार पलायन कर गए हैं। लोगों ने बताया कि कई बार जलकल और नगर निगम में शिकायत करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। मोहल्ले में लगा सबमर्सिबल एक महीने से खराब है। नगर निगम की अनदेखी से नाराज क्षेत्रीय वासियों ने शुक्रवार को हाथ में खाली बाल्टी और वाटर कूलर लेकर विरोध प्रदर्शन किया। जलकल विभाग के खिलाफ मुदार्बाद के नारे लगाए। क्षेत्रीय निवासी नगमा बताया कि 1 महीने से बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। बच्चे सुबह स्कूल जाने से पहले दूसरे मोहल्ले से पानी भरकर लाते हैं। दोपहर में स्कूल से आते हैं। फिर पानी भरने जाते हैं। उन्होंने बताया कि बच्चों का समय खराब होता है। कई बार बच्चे स्कूल जाने के लिए भी लेट हो जाते हैं। बच्चे स्कूल में पढ़ाई करें या उनसे सुबह-शाम हम लोग पानी भरवाएं। समस्या पर कोई सुनवाई नहीं कर रहा है।

# टीचर सेल्फ केयर टीम द्वारा हेल्प डेस्क की स्थापना



**कुशीनगर।** कसया ब्लॉक संसाधन केन्द्र (बीआरसी) पर टीचर सेल्फ केयर टीम (टीएससीटी) हेल्प डेस्क की स्थापना ब्लॉक संयोजक दीपेश कुमार सिंह के सहयोग से जिला संयोजक अखिलेश कुमार यादव के द्वारा किया गया। यह डेस्क सहयोग समाप्त होने तक चलेगा। जिला संयोजक अखिलेश यादव ने बताया कि यह हेल्प डेस्क सहयोग समाप्ति तक शाम 3 बजे से 5 बजे तक चलेगा। जिसमें सभी शिक्षकों को रजिस्ट्रेशन करना व सहयोग करना सिखाया जायेगा। ब्लॉक संसाधन केन्द्र कसया पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षक-शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए जिला संयोजक ने टीएससीटी की स्थापना से लेकर आज तक की प्रगति रिपोर्ट और टीएससीटी में रजिस्ट्रेशन कर सहयोग करने की प्रक्रिया से अवगत कराया। तत्पश्चात कसया के ब्लाक पदाधिकारियों ने खंड शिक्षा अधिकारी विजयपाल नारायण त्रिपाठी से मुलाकात कर विचार क्रान्ति पत्रिका भेंट किया तथा टीएससीटी पर चर्चा परिचर्चा की। बीईओ ने बताया कि हम हर महीने अलर्ट जारी होने के प्रथम दिवस ही अपना सहयोग पूर्ण कर रसीद अपलोड कर देते हैं। उन्होंने टीएससीटी के कार्यो की प्रशंसा भी की। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक भगवंत सिंह, ब्लॉक संयोजक दीपेश सिंह, प्रवक्ता संजय यादव, आईटी सेल प्रभारी वाहिद अली, महेश रजक, सतीश पासवान, हरीन्द्र चौरसिया, अरुण वर्मा, दुर्गेश यादव, दीलीप सिंह, अमला प्रसाद, बैतुल्लाह सिद्दीकी, धनंजय मणि त्रिपाठी, रविंद्र टैगोर, रश्मि जायसवाल, सुभाष वर्मा, अनामिका शाही, प्रियंका पाण्डेय, अतीक अहमद, शिवेन्द्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, शैलेश कुमार आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# वैदिक रीति रिवाज व कलमा के बीच पांच जोड़े शादी के बंधन में बंधे



**कुशीनगर।** फाजिलनगर विकास खंड के नारायनपुर कोठी स्थित चैनपुर में श्रीरामचंद्र मानव कल्याण सेवा संस्थान द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में पांच जोड़े वैदिक रीति रिवाज व कलमा के बीच के शादी के बंधन में बंध गए। सभी जोड़ो को आयोजन समिति द्वारा आभूषण व गृहस्थी का सामान देकर विदा किया।पूर्व निर्धारित के कार्यक्रम के अनुसार क्षेत्र के नारायनपुर कोठी ग्राम सभा के परिसर में गुरुवार की सुबह दस बजे क्षेत्र के विभिन्न जगहों से पांच बारातें ग्राम सभा के पंचायत भवन पर पहुंची। जहां आयोजक मंडल द्वारा सभी बारातियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। इसके बाद सभी जोड़ों को बगल में बने विवाह मंडप में पहुंचाया गया। जहां वैदिक मंत्रोच्चार व महिलाओं द्वारा गाए गए मांगलिक गीत के बीच तीन जोड़ें शादी के बंधन में बंध गए। जबकि दो जोड़ों को मौलवी ने कलमा पढ़कर शादी सम्पन्न कराया। शादी के बाद सभी नव दंपतियों को मंच पर पहुंचाया गया। जहां क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने सभी के मंगल जीवन की कामना की। राकेश संग कबूतरी, शेर अली संग अलीमन खातून, इरफान अहमद संग मुस्कान,लालबचन संग प्रीति, नीरज तिवारी संग काजल एक दूजे के हुए। संचालन सैफुल्लाह अंसारी व मैतूल मस्ताना ने किया। आशीर्वाद देने वालों में पूर्व विधायक गंगासिंह कुशवाहा, प्रभारी निरीक्षक चौराखास विद्याधर कुशवाहा, आयोजन में विकास पाण्डेय, ग्राम प्रधान रामशीष सिंह, नंदलाल विद्रोही, डा.गुलाम मौर्य, रूबी किन्नर, पायल किन्नर आदि शामिल रहे। आयोजन समिति के प्रबंधक संतोष सिंह व सहयोगियों ने इस आयोजन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने तथा सर्वाधिक योगदान देने वाले रुबी किन्नर, पायल किन्नर आदि को सम्मानित किया। शाम को सभी नव दंपत्ति को घर गृहस्थी बसाने का जरूरी सामान देकर विदा किया गया। आयोजन में समिति के प्रबंधक सन्तोष सिंह, संरक्षक आदित्य सिंह कुशवाहा, डा. विपिन श्रीवास्तव, डा.युनूस अली, राजा हुसैनअंसारी, विवेक पाण्डेय, डा. गुड्डू, रजनीकांत पाण्डेय, अजीत कुशवाहा, असरफ अली आदि का विशेष योगदान रहा।

# कैदियों ने जेल में गंगा स्नान किया जेल मंत्री ने संगम के जल में लगवाई डुबकी





**लखनऊ।** जिला कारागार के कैदियों ने शुक्रवार को महाकुंभ के पवित्र संगम जल से स्नान किया। जेल प्रशासन ने इच्छुक कैदियों के लिए विशेष व्यवस्था की। कार्यक्रम में कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने कहा- संगम में 55 करोड़ लोग स्नान कर चुके हैं। कैदियों को पुण्य स्नान से वंचित नहीं किया जा सकता। इसलिए बंदियों के लिए भी संगम का पानी लाकर स्नान के लिए दिया गया है। कारागार मंत्री ने इससे पहले शहर के गोसाईगंज स्थित जिला कारागार में सुबह विशेष स्नान कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर प्रमुख सचिव कारागार अनिल गर्ग और महानिदेशक कारागार पीवी रामाशास्त्री भी उपस्थित थे।मंत्री दारा सिंह ने कहा- यूपी प्रमुख सचिव ने नवरात्र में सभी बंदियों को फल की व्यवस्था की थी। इसकी मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने सराहना की थी। इससे प्रेरणा लेते हुए कैदियों को महाकुंभ स्नान का अवसर देने के लिए संगम से जल लाया गया है। संगम स्नान का पुण्य मिला कार्यक्रम के दौरान जेल परिसर में बड़े बर्तनों और हौद के पानी में त्रिवेणी संगम से लाए गए जल को मिलाया गया। इसके बाद कैदियों ने उस पानी से स्नान किया। इस अवसर पर कैदियों ने कहा- हम बाहर महाकुंभ की चर्चा तो सुन रहे थे। सुनने में आ रहा था कि भव्य महाकुंभ लगा है। दुख था कि संगम में स्नान नहीं कर पाएंगे पर

## संक्षिप्त डायरी

### नाबालिग छात्र से दुष्कर्म करने वाले को बारह साल की सख्त सजा के साथ ही हुआ इक्कीस हजार का जुमार्ना




**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के कुरारा में 12 जून 2017 को अभियुक्त ने वादी के लड़के को बहलाफुसलाकर खेत में ले जाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था, जिसके बाद छंगा निषाद पुत्र टिर्रा निषाद निवासी पारा थाना कुरारा के खिलाफ अ०सं०-132/2017-धाराझ377,504 आईपीसी सहित 6 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था, जबकि आपरेशन कन्विक्शन के तहत 19 फरवरी 2025 को हमीरपुर की पॉक्सो अदालत की स्कालर जज कीर्ति माला सिंह ने अभियुक्त छंगा निषाद को दोषी मानते हुये बारह साल की सख्त सजा के साथ ही किया इक्कीस हजार रुपये का जुमार्ना, जबकि मामले की जांच एस आई गोपाल अवस्थी ने पूरी करने के बाद अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी।

### हमीरपुर की राठ पुलिस ने फरार चल रहे दो अभियुक्तों को चोरी के माल के साथ धर दबोचा




**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर की राठ पुलिस ने अपराधियों की धरपकड के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत मु0अ0सं0 75/2025 धारा 305/317(2) आईपीसी के दो फरार चल रहे 30 वर्षीय अभियुक्त पवन कुमार पुत्र मोहन सिंह अहिरवार सहित 21 वर्षीय अभियुक्त रोहित अनुरागी पुत्र नारायण सिंह को मल्हौवा रोड नहर पुलिया के पास से चोरी के माल सहित गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया,पुलिस ने तलाशी के दौरान अभियक्तों के पास से एक जोडी पीली धातु का टाप्स, वही 3 जोडी सफेद धातु की बिछिया, एक सफेद धातु का कमर का धागा,दो अदद् सफेद धातु का छल्ला, एक जोडी हाथ का चूडा सहित दो जोडी सफेद धातु की पायल बरामद करने मे कामयाबी हासिल की, अभियक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे खासतौर से एस आई विनेश गौतम, महिला एस आई सरिता, महिला एस आई आस्था अवस्थी सहित कांस्टेबल रूपेन्द्र कुमार मौजूद रहे.

### डिप्टी सीएम ने सपा के मुस्लिम विधायक से पूछा



**लखनऊ।** यूपी विधानसभा में बजट सत्र का चौथा दिन है। स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़े सवालों का जवाब देते हुए हेल्थ मिनिस्टर ब्रजेश पाठक ने सपा के मुस्लिम विधायक जमाल खान पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- जमाल भाई ने और सब तो बताया लेकिन खुदा की नियामत कब बंद करेंगे। ये नहीं बताया। उन्होंने कहा कि जब तक जनसंख्या बढ़ाते रहेंगे। ऐसी समस्या आती रहेगी। परिवार नियोजन के साधन को जन-जन तक पहुंचाइए। पाठक ने हाथ जोड़कर कहा कि खुदा की नियामत बंद करें महाराज। सपा विधायक रागिनी सोनकर ने सरकार को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा- यूपी में डबल इंजन की सरकार फेल होती जा रही है। देश को विश्वगुरु बनाने की बात की जा रही है। लेकिन देश पटरी से उतर रहा है। अमीर-अमीर हो रहा है। गरीब-गरीब हो रहा है। 2010-11 की तुलना में मिडिल क्लास की आय कम हुई है। सीएम योगी ने रागिनी के सवाल का जवाब दिया। योगी ने कहा- आपकी पीड़ा को समझ सकता हूं। आपके नेता (अखिलेश यादव) बोलते हैं कि भारत कभी विकसित देश नहीं बन सकता है। आपका बयान सपा के अनुरुप ही है। भारत आज दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। हो सकता है इसमें कुछ लोगों को अच्छा नहीं लग रहा हो। क्योंकि, वह देश के विकास को अच्छा नहीं मानते हैं। वहीं, विधान परिषद में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि शिक्षा मित्रों का वेतन बढ़ाए जाने का कोई इरादा नहीं है। ध्रुव कुमार ने पूछा कि संविदा कर्मी का मानदेय 20000 किए जाने की घोषणा बजट में की गई है। शिक्षा मित्र को भी 20000 मिलेगा या नहीं? इस पर मंत्री ठोस जवाब नहीं दे सके। मनोज कुमार पांडे ने कहा कि रायबरेली के पौराणिक तीर्थ स्थलों को विकसित किया जाए। ऊंचाहार में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी माहे पासी का किला बना है। सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क निर्मित है। विकास नहीं हो पाया है। इसका सौंदर्यीकरण कराया जाए। प्राचीन शिव मंदिर है इस पर पर्यटन मंत्री ने कहा पर्यटन के लिहाज से सभी स्थलों के विकास के लिए लगातार सरकार प्रयास कर रही है। रायबरेली जिले के ऊंचाहार का सवाल है। 17 विभिन्न धार्मिक, पौराणिक स्थलों को शामिल कर विकास करने का संकल्प लिया है। अगले सालों में इन योजनाओं को शामिल किया जाएगा। टूरिस्ट की 12 सर्किट में बांटकर संकल्प लिया है। फिरोजाबाद से सपा विधायक सचिन यादव ने कहा- मेरी विधानसभा एरिया व जनसंख्या के अनुसार सबसे बड़ी है। हाइवे भी नहीं निकलता है। अस्पताल बहुत दूर है। मेरी विधानसभा में तीन ब्लाक आते हैं। कोई उद्योग नहीं है। गरीब व किसान रहते हैं। बीमारी पर प्राइवेट या सरकारी अस्पताल नहीं है। सीएचसी को अपग्रेड कर 100 बिस्तर का अस्पताल बना दिया जाए। सीएम ने इस तरह का आश्वास भी अपने भाषणों में देते रहे हैं। जिस पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा प्रदेश के सभी सीएचसी को अपग्रेड कर 36 बेड का कर दिया गया है।

# रियलमी ने लॉन्च किए रियलमी पी3 प्रो 5जी और रियलमी पीउएक्स 5जी

**मुंबई, एजेंसी।** रियलमी, जो भारतीय युवाओं का सबसे चहेता स्मार्टफोन ब्रांड है, उसने गर्व से रियलमी पी3 सीरीज 5जी पेश किया है। यह खासतौर से भारत के हिसाब से डिजाइन किया गया है रियलमी पी3 प्रो 5जी और रियलमी पी3एक्स 5जी के साथ यह सीरीज भारतीय उपभोक्ताओं को अत्याधुनिक इनोवेशन पेश करने की अवधारणा का प्रदर्शन करती है। बेहतरीन परफ़ॉर्मेंस, ड्यूरेबिलिटी और स्टाइल पर केंद्रित रहते हुए ये स्मार्टफोन मिड-रेंज सेगमेंट में नए मानक स्थापित कर देंगे, जिससे अपने यूज़र्स को सेगमेंट-फर्स्ट इनोवेशन पेश करने की रियलमी की प्रतिबद्धता मजबूत होती है। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, रियलमी के प्रवक्ता ने कहा कि हमें रियलमी पी3 प्रो 5जी और रियलमी पी3एक्स 5जी पेश करते हुए बहुत खुशी हो रही है, ये दोनों डिवाइस हमारे इनोवेशन और यूज़र-केंद्रित डिज़ाइन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। रियलमी पी3 प्रो 5जी, अपने लुभावने रंग बदलने वाली फाइबर और स्नैपड्रैगन 7 जेन 3 चिपसेट के साथ एक अद्वितीय और शानदार अनुभव देता है। रियलमी पी3एक्स 5जी, अपनी विशाल बैटरी और उच्चतम स्तर की वाटरप्रूफ क्षमता के साथ कठिन परिस्थितियों को सहने के लिए बनाया गया है। दोनों डिवाइस बेहतरीन परफ़ॉर्मेंस, शानदार दृश्य और लम्बे समय तक चलने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं, इसीलिए यह हमारे उपयोगकर्ताओं के लिए आदर्श विकल्प हैं।




फ्लिपकार्ट के प्रवक्ता ने कहा कि हम रियलमी पी3 सीरीज 5जी को फ्लिपकार्ट पर लाने के लिए बहुत उत्साहित हैं, यह हमारे ग्राहकों को नए इनोवेशन के साथ-साथ बेहतरीन परफ़ॉर्मेंस देने का वादा करते हैं। रियलमी के साथ, हम डिज़ाइन और टेक्नोलॉजी के मामले में हमेशा कुछ नया करना चाहते हैं, रियलमी पी3 सीरीज 5जी अपनी मनमोहक खूबियों और इनोवेटिव डिज़ाइन के साथ अलग ही पहचान बनाता है। यह लॉन्च हमारे उपयोगकर्ताओं को बेहतरीन स्मार्टफोन्स आकर्षक मूल्य पर देने की हमारी प्रतिबद्धता को दोहराता है, यह सुनिश्चित करते हुए कि वे हमारे प्लेटफॉर्म के माध्यम से सर्वोत्तम टेक्नोलॉजी तक पहुँच सकें।

# महिंद्रा एक्सीलेंस इन थिएटर अवार्ड्स अपने 20वें संस्करण के लिए तैयार

## 20 भारतीय राज्यों से 32 भाषाओं और बोलियों में 367 नाटकों में से चुने गए उत्कृष्ट नाटक



**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय रंगमंच के प्रतिष्ठित पुरस्कार और फेस्टिवल–महिंद्रा एक्सीलेंस इन थिएटर अवार्ड्स –13 से 20 मार्च 2025 तक लौट रहे हैं। महिंद्रा ग्रुप द्वारा स्थापित इस पुरस्कार समारोह के 13 श्रेणियों के लिए नामांकित शीर्ष 10 नाटकों की घोषणा की गई है। ये नाटक नई दिल्ली में प्रस्तुत किए जाएंगे और पुरस्कार वितरण समारोह के साथ इस फेस्टिवल का भव्य समापन होगा। विजेताओं को 20 मार्च 2025 को कमानी ऑडिटोरियम में रंगमंच की प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति में सम्मानित किया जाएगा। बेहतरीन नाटकों के लिए मशहूर, मेटा में अब तक पौराणिक कथाओं, लिंग, पहचान, विद्रोह, दमन, अधिनायकवाद, व्यक्तिगत संघर्षों और रोमांच जैसे विषयों पर नाटक शामिल रहे हैं। अपने 20वें संस्करण में भी नामांकित नाटक सीमाओं को तोड़ते हुए विविध दृष्टिकोणों और कहानियों का सम्मिश्रण प्रस्तुत कर रहे हैं। 2025 संस्करण के लिए इस फेस्टिवल में भारत के 20 राज्यों से 367 प्रविष्टियां प्राप्त हुई, जिनमें दो अंतरराष्ट्रीय प्रविष्टियां भी शामिल हैं। इस बार शॉर्टलिस्ट किए गए नाटक मध्य प्रदेश, कर्नाटक, केरल, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र से हैं। हमेशा की तरह, फेस्टिवल ने समावेशिता और विविधता को अपनाया है, इस बार 32 भारतीय भाषाओं और बोलियों में प्रस्तुतियां आई हैं। अंतिम 10 नामांकनों में हिंदी, मलयालम, बांग्ला, कन्नड़, संस्कृत, बुंदेली और अंग्रेज़ी में नाटक शामिल हैं।

## ऐक्टिव क्लोदिंग ने क्यू3 एफवाय25 में 223 प्रतिशत पीएटी वृद्धि की रिपोर्ट दी

मुंबई, एजेंसी। मोहाली, पंजाब 17 फरवरी, 2025 : ऐक्टिव क्लोथिंग कंपनी लिमिटेड भारत की प्रमुख डिज़ाइन-टू-शेल्फ प्लेटफ़ॉर्म, जो वैश्विक फैशन ब्रांड्स के लिए फ्लैट-निटेड स्वेटर्स, जैकेट्स और सर्कुलर-निटेड ऐपरेल में विशेषज्ञता रखता है, ने अपनी अनऑडिटेड क्यू3 और 9एम एफवाय25 परिणामों की घोषणा की है।

ऐक्टिव क्लोदिंग कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री राजेश मेहरा ने वित्तीय प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कहा, हम क्यू3 और 9एम एफवाय25 के लिए एक मजबूत वित्तीय प्रदर्शन की रिपोर्ट करने के लिए प्रसन्न हैं, जिसमें हमारे क्यू3 पीएटी में 223 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और हमारे 9एम एफवाय25 की राजस्व ने एफवाय24 के पूर्ण वर्ष की राजस्व को पहले ही पार कर लिया है। यह वृद्धि हमारे नवाचार, दक्षता और प्रमुख वैश्विक फैशन ब्रांड्स के साथ संबंधों को मजबूत करने पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने को दर्शाती है।

## लाइफ सेविंग का काम करता है इमरजेंसी विभाग- डॉ. वी. निरंजनी

बैतूल। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की कंसलटंट (एक्सीडेंट एंड इमरजेंसी) डॉ. वी. निरंजनी ने कहा, वर्तमान समय में लोगों में मेडिकल इमरजेंसी के बारे में अवेयरनेस की जरूरत है क्योंकि आमतौर पर देखा जाता है कि लोग किसी भी समस्या के लिए इमरजेंसी विभाग में पहुंच जाते हैं. यहां केवल इमरजेंसी पेशेंट को ही लाना चाहिए जिन्हे तुरंत उपचार की आवश्यकता है. इमरजेंसी विभाग में उच्च प्रशिक्षित स्टाफ और डॉक्टर रहते हैं जिनका फायदा उन्हें मिलना चाहिए जो ज्यादा पीड़ित है और जिन्हे तुरंत उपचार की आवश्यकता है. सबसे पहले तो यह जागरूकता लानी जरूरी है कि कौनसे पेशेंट को इमरजेंसी विभाग में ले जाना चाहिए और किसे ओपीडी में. यदि पेशेंट को सांस लेने में तकलीफ हो रही है, चेस्ट पेन है, स्ट्रोक की समस्या है, लकवे का शिकार हुआ है, ज्यादा बुखार है, चक्कर आकर गिर गया है, एक्सीडेंट हुआ है तो उसे बगैर देरी किए इमरजेंसी विभाग में ले जाना चाहिए. अन्यथा पेशेंट 3-4 दिनों से समस्या से जूझ रहा है और उसे सर्दी, खांसी जैसी सामान्य समस्या है तो इसके लिए ओपीडी में जाना चाहिए. ऐसे में इमरजेंसी विभाग का लोड कम होगा और जो वाकई इमरजेंसी पेशेंट हैं, उन्हें यह सुविधा तत्काल प्रभाव से मिल सकेगी क्योंकि इमरजेंसी विभाग लाइफ सेविंग का काम करता है. मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की कंसलटंट (एक्सीडेंट एंड इमरजेंसी) डॉ. वी. निरंजनी ने आगे कहा, सबसे जरूरी तो यह है कि हर किसी के घर में फर्स्ट एड किट होना ही चाहिए. इसमें कॉटन, क्रेप बैंडेज, बिटाडीन क्रीम, स्प्रे, गौज रोल आदि चीजें होनी चाहिए.

## एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज

मुंबई। एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट लिमिटेड ने पशु विकास दिवस के दौरान कई स्थानों पर एक साथ 'सबसे बड़े पशु विकास प्रशिक्षण' के लिए गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज करा लिया है। इस गतिविधि में देश भर के 6 आयोजन स्थलों पर 517 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कंपनी द्वारा आयोजित पशु विकास दिवस के सातवें संस्करण के तहत यह उपलब्धि हासिल की गई, जो देश का सबसे बड़ा एक दिवसीय पशु देखभाल शिविर था। इन शिविरों का आयोजन एक साथ 16 राज्यों के 500 स्थलों पर किया गया जिसमें लाभार्थियों की संख्या 1,90,000 रही (150,000 पशु एवं 40,000 पशु मालिक)। भारत में तकरीबन 65-70 फीसदी ग्रामीण आबादी अपनी आजीविका के लिए कृषि एवं कृषि से संबंधित गतिविधियों पर निर्भर करती है।

# 117 तक जाएगा एनएचपीसी का शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** हाइड्रो पावर कंपनी एनएचपीसी के शेयर आज गुरुवार को कारोबार के दौरान फोकस में हैं। कंपनी के शेयर आज 4 प्रतिशत से अधिक चढ़कर



77.60 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक पॉजिटिव अपडेट है। दरअसल, ब्रोकरेज फर्म सीएलएसए ने एनएचपीसी को आउटपरफॉर्म से हाई कन्विक्शन आउटपरफॉर्म रेटिंग में अपग्रेड किया है। बता दें कि हाई कन्विक्शन का मतलब ऐसे स्टॉक्स से है जिनमें अपने पोर्टफोलियो का बड़ा हिस्सा लगा सकते हैं। यह इसमें मजबूत डेवलपमेंट कैपासिटी को दिखाता है। सीएलएसए एनएचपीसी में लंबी अवधि के लिए निवेश के रूप में देखता है। उनके मुताबिक, आने वाले सालों में इससे जबरदस्त मुनाफे की उम्मीद है। फर्म का मानना है कि स्टॉक के बेसिक प्रिंसिपल और आगामी परियोजनाएं इसमें पर्याप्त उछाल की स्थिति में हैं।

### क्या है टारगेट प्राइस

हालांकि, सीएलएसए ने हाई कैपिटल एक्सपेंडिचर को ध्यान में रखते हुए कंपनी का टारगेट प्राइस को पहले के 120 रुपये से घटाकर 117 रुपये कर दिया है। सीएलएसए का मानना है कि स्टॉक में अगले चार वर्षों में दोगुना होने की क्षमता है, जिससे यह एक अट्रैक्टिव लॉन्ग टर्म निवेश बन जाएगा। बता दें कि पिछले छह महीनों में एनएचपीसी के शेयर में हालिया 20 प्रतिशत सुधार निवेशकों के लिए स्टॉक जमा करने का एक सस्ता अवसर बना हुआ है। पारबती 2 हाइड्रो परियोजना की शुरुआत से वित्त वर्ष25 में विनियमित इक्विटी में 27 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है, जिससे कंपनी की वित्तीय स्थिति और मजबूत होगी। कम अवधि के विनियमित पंप भंडारण में एनएचपीसी के प्रवेश को विकास की संभावनाओं को बढ़ाने के लिए एक रणनीतिक कदम के रूप में देखा जाता है। ब्रोकरेज को वित्त वर्ष 2024-28 के दौरान विनियमित इक्विटी में 2 गुना वृद्धि का अनुमान है, क्योंकि प्रमुख परियोजनाएं पूरी होने तक पहुंचती हैं, जिससे प्रति शेयर आय (ईपीएस) में वृद्धि होती है।

### एनएचपीसी शेयर की कीमत

पिछले साल एनएचपीसी के शेयरों में 21 फीसदी की गिरावट आई है। हालांकि, दो साल की अवधि में, स्टॉक ने 89 प्रतिशत का प्रभावशाली रिटर्न दिया है। पिछले तीन और पांच वर्षों में, एनएचपीसी ने क्रमश: 153 प्रतिशत और 253 प्रतिशत का मल्टीबैगर रिटर्न दिया है।

### दिसंबर तिमाही के नतीजे

पब्लिक सेक्टर की कंपनी एनएचपीसी का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 47 प्रतिशत घटकर 330.13 करोड़ रुपये रह गया। खर्च बढ़ने से कंपनी के लाभ में कमी आई है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 623.28 करोड़ रुपये रहा था। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में उसका कुल खर्च बढ़कर 2,217.51 करोड़ रुपये रहा है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,733.01 करोड़ रुपये था।

# डीलरशिप के सर्विस सेंटर्स में सर्विस कराना ज्यादा महंगा

- 66 प्रतिशत के मुताबिक सर्विस सेंटर ने ज्यादा पैसे लिए गए



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सबको पता है कि गाड़ी और अपनी सुरक्षा के लिए गाड़ी की सही सर्विसिंग कितनी बहुत जरूरी है। लेकिन डीलरशिप के सर्विस सेंटर्स पर सर्विस कराना अब मुश्किल होता जा रहा है। जारी सर्वे के मुताबिक पिछले 3 वर्षों में जिन कस्टमर्स ने डीलरशिप के सर्विस सेंटर पर अपनी गाड़ी की सर्विस कराई हैं, उनमें से 66 प्रतिशत को लगता है कि उनसे ज्यादा पैसे लिए गए। इनमें से 20 प्रतिशत को सर्विस और कस्टमर केयर की क्वालिटी भी औसत से कम लगी सिर्फ 45 प्रतिशत कस्टमर्स ने सर्वे में ये बताया कि वो डीलरशिप के सर्विस सेंटर्स की सर्विस और कस्टमर केयर से खुश है।

76 प्रतिशत कस्टमर्स ने कहा कि अगर स्पेयर पार्ट्स और लेबर के चार्जेस 40 प्रतिशत तक कम कर दिए जाएं, तो वो डीलरशिप के सर्विस सेंटर्स पर ही सर्विस कराने जाएंगे। दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की टेस्ला अब भारत में आ रही है। सवाल है कि स्टैंडर्डस तय करने की जरूरत है टेस्ला दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी है और उसने भारत में भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# नायसस फाइनेंस की दुबई शाखा संयुक्त अरब अमीरात के बाजार में अपना विस्तार करेगी

**मुंबई, एजेंसी।** नायसस फाइनेंस सर्विसेज को लिमिटेड जो अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर और स्ट्रक्चर्ड फाइनेंस में विशेषज्ञता रखने वाली एक प्रसिद्ध निवेश प्रबंधन फर्म है, ने यह घोषणा की है की दुबई-स्थित फंड सलाहकार, नायसस फाइनेंस इन्वेस्टमेंट कंसल्टेंसी एफजेडसीओ ने नायसस हाई यील्ड ग्रोथ फंड क्लोज्ड-एंडेड आईसी (फंड) और इससे जुड़े प्रोजेक्ट्स के लिए वित्त जुटाने में सहायता के लिए वैश्विक अग्रणी निवेश बैंक होलिहैन लोकी को नियुक्त किया है।

होलिहैन लोकी, अमेरिका, यूरोप, मध्य पूर्व और एशिया-प्रशांत में मजबूत उपस्थिति वाला एक प्रमुख वित्तीय संस्थान, विलय और अधिग्रहण, पूंजी बाजार, वित्तीय पुनर्गठन और वित्तीय और मूल्यांकन सलाहकार में माहिर है। एलएसईजी (पूर्व में रिफाइनिटिव) द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार लेनदेन की संख्या के आधार पर, फर्म को पिछले दस वर्षों से लगातार यू.एस. में नंबर 1 एम एंड ए सलाहकार और लगातार ग्यारह वर्षों तक नंबर 1 वैश्विक पुनर्गठन सलाहकार के रूप में स्थान दिया गया है।

नायसस फाइनेंस हाई यील्ड ग्रोथ फंड एक डीआईएफसी-पंजीकृत श्रेणी 3सी फंड है, जिसे दुबई फाइनेंशियल सर्विसेज अथॉरिटी (डीएफएसए) द्वारा एक योग्य निवेशक संपत्ति फंड के रूप में विनियमित किया जाता है। यह खाड़ी क्षेत्र में उच्च-उपज, स्थिर, किराए पर कमाई वाली संपत्ति प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करता है, जिसका लक्ष्य 20 प्रतिशत से अधिक अमेरिकी डॉलर आईआरआर है। फंड ने पहले ही दुबई की दो प्रमुख संपत्तियों, जुमेराह विलेज सर्कल (जेवीसी) और अल फुरजान में पूंजी लगा दी है, जिसका कुल निवेश मूल्य 55 मिलियन अमेरिकी डॉलर है। नायसस फाइनेंस इन्वेस्टमेंट कंसल्टेंसी एफजेडसीओ, नायसस फाइनेंस की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, फंड के लिए विशेष निवेश सलाहकार के रूप में कार्य करती है।

नायसस फाइनेंस, जो अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश करने वाली प्रमुख वैकल्पिक फंड प्रबंधक कंपनी है, वर्तमान में तीन फंड्स का प्रबंधन कर रही है, जिनमें से एक है निसस हाई यील्ड ग्रोथ फंड क्लोज्ड-एंडेड आईसी, जो डीएफएसए संदर्भ संख्या सी000226 के तहत पंजीकृत है।

# बढ़ती मांग के बीच कैंब्रिज की चेकपॉईंट टेस्ट सीरीज़ का विस्तार हुआ

मुंबई, एजेंसी। कैंब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस एंड एसेसमेंट में इंटरनेशनल एजुकेशन ग्रुप द्वारा कैंब्रिज चेकपॉईंट टेस्ट सीरीज़ का विस्तार किया जा रहा है। ये टेस्ट स्कूलों को प्राईमरी और लोअर सेकंडरी स्टूडेंट्स की लर्निंग की जरूरतों को समझने में मदद करते हैं। पिछले साल अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने लर्नर्स की परफॉर्मेंस का आकलन करने के लिए 101 देशों के 1600 से अधिक स्कूलों ने कैंब्रिज चेकपॉईंट टेस्ट्स का उपयोग किया। कैंब्रिज बढ़ती वैश्विक मांग को पूरा करने के लिए मई और अक्टूबर के अलावा 2026 से मार्च में तीसरी टेस्ट सीरीज़ शुरू कर रहा है।

कैंब्रिज हर सीरीज़ के लिए एक सप्ताह का टाईमटेबल भी पेश कर रहा है, और यह मई सीरीज़ की तारीखें स्कूलों की जरूरतों के अनुरूप आगे बढ़ा रहा है। राखी मुखर्जी, प्रिंसिपल, उत्पल शांघवी ग्लोबल स्कूल एवं पीपीएसआईजेसी ने कहा, ''कैंब्रिज चेकपॉईंट टेस्ट मूल्यांकन के अलावा हमारे लर्नर्स की जरूरतों के बारे में निर्णय लेने के लिए महत्वपूर्ण डेटा और उनकी परफॉर्मेंस का वैश्विक परिप्रेक्ष्य प्रदान करते हैं। इस व्यक्तिगत विश्लेषण द्वारा हम ज्यादा केंद्रित सहयोग प्रदान कर सकेंगे, जिससे हर विद्यार्थी को लर्निंग में मदद मिलेगी। साथ ही, इस परिवर्तन द्वारा हमें एकेडेमिक वर्ष की शुरुआत में ज्यादा प्रभावी योजना बनाने में मदद मिलेगी, जिससे टीचिंग और लर्निंग के लिए संरचनाबद्ध दृष्टिकोण सुनिश्चित होगा। सभी परीक्षाओं का समन्वय एक स्वागतयोग्य कदम है, जिससे हमारे जैसे कैंब्रिज पाथवे स्कूलों के लिए ज्यादा तालमेल और स्पष्टता आ सकेगी।'' रॉड स्मिथ, ग्रुप मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल एजुकेशन, कैंब्रिज ने कहा, ''कैंब्रिज चेकपॉईंट टेस्ट स्कूलों को युवा लर्नर की प्रगति को ट्रैक करने और सहयोग को अनुकूलित करने में मदद करते हैं।

# किआ इंडिया ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में पेश की नई ईवी6, नवाचारों की प्रेरक दुनिया का किया प्रदर्शन

- नई किआ ईवी6 में 5 नए ऑटोनॉमस फीचर्स जोड़े गए हैं, जो इसे और भी सुरक्षित और स्मार्ट बनाते हैं।
- यह इलेक्ट्रिक वाहन 650+ किलोमीटर की रेंज प्रदान करता है, जो इलेक्ट्रिक वाहन तकनीक में किआ की उत्कृष्टता को दिखाता है।

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में किआ इंडिया ने अपनी नई ईवी6 का अनावरण किया। कंपनी ने घोषणा की है कि इस इलेक्ट्रिक वाहन की बुकिंग आज से शुरू हो गई है। यह वाहन किआ की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी यात्रा का एक और महत्वपूर्ण कदम है। नई किआ ईवी6 सुरक्षा के नए मानक स्थापित करती है। यह वाहन कंपनी के एडीएएस 2.0 पैकेज से लैस है, जिसमें 27 उन्नत सुरक्षा और ड्राइवर असिस्टेंस फीचर्स शामिल हैं। पिछले मॉडल की तुलना में इसमें 5 नई सुविधाएं जोड़ी गई हैं, जो इसे और भी बेहतर बनाती हैं। नई किआ ईवी6 में ये उन्नत सुरक्षा फीचर्स दिए गए हैं- इनमें फ्रंट कोलिजन अवॉइडेंस असिस्ट : शहर, पैदल यात्री, साइकिल चालक और जंक्शन टर्निंग के लिए; फॉरवर्ड कोलिजन अवॉइडेंस : जंक्शन क्रॉसिंग और लेन चेंज असिस्ट के साथ, लेन फॉलो असिस्ट: वाहन को लेन में बनाए रखने के लिए, इवेसिव स्टीयरिंग असिस्ट- टक्कर से बचने के लिए शामिल हैं। ये सभी फीचर्स कंपनी के प्रमुख मॉडल ईवी9 से प्रेरित हैं और टक्कर सुरक्षा, संरचनात्मक मजबूती, और यात्रियों की सुरक्षा को और बेहतर बनाते हैं। किआ की फ्लैगशिप इलेक्ट्रिक एसयूवी ईवी9 ऑटोमोटिव इंडस्ट्री में तकनीक और नवाचार के नए मानक स्थापित कर रही है। इस वाहन ने प्रतिष्ठित वर्ल्ड कार ऑफ द ईयर का खिताब जीतने के साथ ही अपनी जगह और मजबूत कर ली है। किआ इंडिया ने ग्लोबल टेक्नोलॉजी, शानदार डिजाइन और टिकाऊ इंजीनियरिंग को अपने उत्पादों के साथ बेहतरीन तरीके से जोड़ा है। हाल ही में लॉन्च की गई किआ सिरोस इसका एक और उदाहरण है। भारत मोबिलिटी एक्सपो 2025 के पैवेलियन में किआ इंडिया ने इमर्सिव डिस्प्ले के जरिए ऑटोमोटिव उत्कृष्टता के भविष्य और टिकाऊ परिवहन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। यह किआ इंडिया की नवाचार और एक बेहतर ट्रांसपोर्ट इकोसिस्टम बनाने की सोच का समर्थन करता है।

## गोदरेज एंटरप्राइज ग्रुप के हैप्पीनेस सर्वे के मुताबिक घरेलू सुरक्षा के उल्लंघन के शिकार 98 प्रतिशत लोगों की खुशी प्रभावित हुई




# गोदरेज एंटरप्राइज ग्रुप के सुरक्षा समाधान व्यवसाय ने सुरक्षा और सही मायने में खुशी के बीच गहरे संबंध को उजागर किया

मुंबई, एजेंसी। सुरक्षा सिर्फ बस प्रतिकूल परिस्थितियों से अपनी रक्षा का नाम नहीं बल्कि यह मन की शांति और स्थायी खुशी का आधार है। गोदरेज एंटरप्राइज ग्रुप के सुरक्षा समाधान व्यवसाय (सिक्योरिटी सॉल्यूशंस बिज़नेस) द्वारा किए गए ताज़ातरीन हैप्पीनेस सर्वे से पता चलता है कि जिन लोगों के घर की सुरक्षा का उल्लंघन हुआ और उनमें से 98 प्रतिशत ने बताया कि इससे उनके समग्र सुरक्षा भाव और खुशी पर सीधा असर पड़ा है। इससे भी ज्यादा चिंताजनक बात यह है कि इनमें से 56 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि ऐसे उल्लंघन का उनके स्वास्थ्य पर बहुत अधिक असर हुआ।

इस सर्वेक्षण में शामिल 35 प्रतिशत उत्तरदाताओं के घर सेंधमारी, डकैती और चोरी जैसी घटनाएं हुईं, इसलिए ये निष्कर्ष सुरक्षा को बेहतर तरीके से अपनाने की तत्काल ज़रूरत को रेखांकित करते हैं। सर्वेक्षण में यह पता लगाने की कोशिश की गई कि लोगों ने सुरक्षा के लिए कैसे तरीके अपनाए। 41 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि उन्होंने होम लॉकर (तिज़ोरी) का विकल्प चुना, 45 प्रतिशत ने निगरानी कैमरों को अधिक सुरक्षित उपाय बताया, 36 प्रतिशत ने सुरक्षा गार्ड की उपस्थिति पर ज़ोर दिया, 29 प्रतिशत ने अलार्म सिस्टम को प्राथमिकता दी, और 20 प्रतिशत ने वीडियो डोर फोन की भूमिका पर रोशनी डाली।

गोदरेज एंटरप्राइज ग्रुप के सिक्योरिटी सॉल्यूशंस बिज़नेस के ईवीपी और बिजनेस हेड, श्री पुष्कर गोखले ने इन निष्कर्षों पर अपनी टिप्पणी में कहा, हमारे सर्वेक्षण के निष्कर्षों में सुरक्षा और खुशी के बीच मजबूत संबंध स्पष्ट है। सुरक्षित वातावरण खुशहाल और अपेक्षाकृत अधिक आत्मविश्वासी समाज को बढ़ावा देता है। सुरक्षा प्रौद्योगिकी को अपनाना सिर्फ चलन भर नहीं है, बल्कि यह बेहतर जीवन से जुड़ी प्रमुख आवश्यकता है। गोदरेज में, हम ऐसे नए-नए उपाय पेश करते रहते हैं जो लोगों को सबसे महत्वपूर्ण चीज़ों की सुरक्षा करने के लिए सशक्त बनाते हैं, ताकि वे खुशहाल, चिंता मुक्त जीवन जी सकें।

सुरक्षा का मतलब सिर्फ शारीरिक सुरक्षा नहीं है। यह सीधे-सीधे भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य से जुड़ी है।

# 'कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद' कार्यक्रम 14

# विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकताओं से मिलेंगे तेजस्वी

**पटना।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव 'कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद' कार्यक्रम के तहत आज पटना में कार्यकताओं से संवाद करेंगे। एसके मेमोरियल हॉल में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिले के 14 विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकताओं से सीधा संवाद करेंगे। तेजस्वी ने 5 महीने पहले 10 सितंबर 2024 को समस्तीपुर से संवाद कार्यक्रम शुरू किया था। अब तक 37 जिलों के 229 विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकताओं के साथ संवाद कर चुके हैं। राजद का दावा है कि संवाद कार्यक्रम अभूतपूर्व और कार्यकताओं के लिए उत्साह से भरा रहा। गांवों की



समस्याओं को तेजस्वी यादव के सामने रखा गया। राज्य के लोग बेरोजगारी, पलायन, मंहगाई, गरीबी, अपराध और भ्रष्टाचार से परेशान हैं। 11 सितंबर 2024 को समस्तीपुर में तेजस्वी यादव ने कहा था, 'हमारी सरकार बनी तो हम 200 यूनिट तक फ्री बिजली देंगे। लोग महंगे बिजली बिल से परेशान हैं। प्रीपेड मीटर की शिकायत कर रहे हैं। देश में सबसे महंगी बिजली बिहार में मिलती है। हम लोग नया



बिहार बनाना चाहते हैं।' 'बिजली का बिल सही नहीं आ रहा है। इसका समाधान हमारी सरकार करेगी। कार्यकर्ता संवाद यात्रा में कार्यकताओं की बातों को हम नोट कर रहे हैं। हमें जनता और बिहार की चिंता है। नीति आयोग की रिपोर्ट देखें तो बिहार में सबसे ज्यादा गरीबी है। प्रति व्यक्ति आय में बिहार काफी पीछे है। पलायन में बिहार आगे है।' दूसरा : वृद्धा और सुरक्षा पेंशन 400 से बढ़ाकर 1500 कर देंगे बेगूसराय में 6 दिसंबर 2024 को तेजस्वी यादव ने कहा, 'हमारी सरकार बनी तो वृद्ध, दिव्यांग और महिला को प्रत्येक महीने 1500 रुपए पेंशन मिलेंगे। 200 यूनिट फ्री मिलेगी बिजली। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बुजुर्गों को लाभ मिलेगा।' दरभंगा में 14 दिसंबर 2025 को तेजस्वी ने महिलाओं के लिए 'माई-बहिन मान योजना' का ऐलान किया था। तेजस्वी यादव ने कहा कि 'महागठबंधन की सरकार बनने के एक महीने में स्कीम लागू की जाएगी। इस योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए मिलेंगे।'

## बच्चे को गोली मारने वाला आरोपी नीतीश मुठभेड़ में घायल

### पुलिस को चकमा देकर भागा था, जवाबी कार्रवाई में लगी बुलेट0





**मुंगेर।** में पुलिस और अपराधी के बीच मुठभेड़ होने का मामला सामने आया है। इसमें आरोपी के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया है। पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने जानकारी देते हुए कहा कि 20 फरवरी की शाम पटना पुलिस ने नीतीश को गिरफ्तार कर धरहरा थाने को सौंपा था। इसके बाद उसकी निशानदेही पर पुलिस टीम हथियार को बरामद करने गई थी। वहां पर टीम को चकमा देकर वह फरार हो गया था। इसके बाद लगातार उसकी खोज की जा रही थी। जवाबी कार्रवाई में फायरिंग करने पर आरोपी को लगी गोली इस बीच शुक्रवार की सुबह चार बजे पुलिस को धरहरा थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव में आरोपी के छिपे होने की सूचना मिली। सूचना मिलने के बाद टीम को रवाना किया गया। इस दौरान आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी और एक गोली पुलिस की गाड़ी में जा लगी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की और एक गोली आरोपी के दाएं पैर में लग गई। इससे वह घायल हो गया। टीम ने फिर उसको पकड़ कर सदर अस्पताल के कैदी वार्ड में भर्ती कराया। एसपी सैयद इमरान मसूद ने आगे कहा कि आरोपी नीतीश कुमार ने 7 जनवरी को एक बच्चे को गोली मारी थी।

## प्रेमिका के घर में घुसा युवक, लोगों ने की पिटाई



**बेतिया।** में प्रेम प्रसंग ने हिंसक मोड़ ले लिया। शिकारपुर थाना क्षेत्र के राजपुर गांव में एक युवक को ग्रामीणों ने बेरहमी से पीट दिया। युवक की पहचान श्याम के रूप में हुई है। घटना बुधवार रात की है। श्याम अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंचा था। इस दौरान वह प्रेमिका के घर में घुस गया। घर के लोगों ने दोनों को रंगे हाथों पकड़ लिया। इसके बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने युवक की पिटाई कर दी। पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि युवक लोगों से छोड़ देने की गुहार लगा रहा है। शिकारपुर थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने कहा कि वायरल वीडियो की जानकारी मिली है। पुलिस पीड़ित युवक से संपर्क कर आगे की कार्रवाई करेगी। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## 2 कच्चे मकान में लगी आग में जरूरी सामान और कागज जलकर राख



**किशनगंज।** के पोठिया प्रखंड के डांगीपारा गांव में दो कच्चे घरों में अचानक आग लग गई। आग लाल मियां और मोहम्मद जमाल के फूस के घरों में लगी। सुबह जब दोनों परिवार खेत में मजदूरी करने गए हुए थे, तब यह घटना हो गई। गांव वालों ने लाल मियां के घर से आग की चिनगारी उठते देखा। उन्होंने तुरंत जिला पार्षद निरंजन राय को सूचना दी। जिला पार्षद ने पोठिया थानाध्यक्ष को जानकारी दी। थाने से अग्निशमन विभाग की पूरी टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय युवाओं और ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक दोनों घरों में रखा सारा सामान जल चुका था। अनाज, कपड़े, बर्तन, नकदी, जरूरी कागजात और बहियार में रखा पुआल पूरी तरह जलकर राख हो गया। स्थानीय युवा बिट्टू राय और पीड़ित परिवारों ने सरकार से मुआवजे की मांग की है। पोठिया के अंचल अधिकारी मोहित राज ने बताया कि राजस्व कर्मी को जांच का निर्देश दिया गया है। जांच के बाद पीड़ित परिवारों को सहायता राशि दी जाएगी। अबतक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

## मैट्रिक परीक्षा में नकल नहीं कराने पर छात्र की हत्या एक स्टूडेंट गंभीर





**पटना।** सासाराम में मैट्रिक परीक्षा में नकल नहीं कराने पर एक छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई। एक और छात्र को गोली लगी है, उसकी हालत भी गंभीर बनी हुई है। 20 फरवरी को मातृभाषा (हिंदी, उर्दू) का पेपर था। अमित कुमार और संजीत कुमार बुढ़न मोड़ स्थित संत अन्ना स्कूल में परीक्षा दे रहे थे। इसी दौरान हॉल में बैठे एक छात्र ने दोनों से नकल कराने को कहा। दोनों ने मना कर दिया। इसके बाद वो छात्र बाहर निकला और अपने साथियों को बुलाकर लाया। अमित और संजीत दोनों ऑटो से परीक्षा देकर घर लौट रहे थे। गोली लगने के बाद दोनों को इलाज के लिए सासाराम ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। इसके बाद प्राइवेट अस्पताल भेज दिया गया। इलाज के दौरान अमित कुमार की मौत हो गई। संजीत कुमार (16) का इलाज जारी है। उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। लोगों ने किया सड़क जाम घटना के बाद मुफस्सिल थाने के सुवारा में ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

## 20 साल से पुल की मांग, सरकार बेपरवाह



**किशनगंज।** के टेढ़ागाछ प्रखंड मुख्यालय से मात्र डेढ़ किलोमीटर दूर हाटगांव पंचायत के गोरिया धार पर काशीबाड़ी घाट में आरसीसी पुल की दशकों पुरानी मांग अभी तक पूरी नहीं हुई है। स्थानीय लोग हर साल बरसात के बाद बांस और लकड़ी से चचरी पुल बनाकर अपना काम चला रहे है। यह रास्ता टेढ़ागाछ मुख्यालय से बैरिया जाने का मुख्य मार्ग है। आश्चर्य की बात है कि घाट के दोनों तरफ पक्की सड़क मौजूद है, लेकिन बीच में पुल नहीं बना है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग से हाटगांव, काशीबाड़ी, पीपरा, खुनियांटोली, चिचोरा और बैरिया जैसे कई गांवों के लोग रोजाना आना-जाना करते है। लकड़ी के अस्थायी पुल से गुजरना उनके लिए जोखिम भरा है। स्थानीय निवासियों ने कई बार जनप्रतिनिधियों से पुल निर्माण की मांग की है। लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं निकला। पुल बन जाने से इस क्षेत्र के हजारों लोगों को सुरक्षित यातायात की सुविधा मिल सकेगी। लेकिन जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण लोगों को अभी भी जोखिम भरा सफर करना पड़ रहा है।

# महाकुंभ से लौट रहे 6 की मौत इसमें एक ही परिवार के 4 लोग

### बेटा ड्राइव कर रहा था, झपकी आने से हादसा





**बिहार।** के भोजपुर में महाकुंभ से लौट रहे 6 लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई। मरने वालों में एक परिवार के 4 लोग (दंपती, बेटा और भतीजी) थे। घटना शुक्रवार सुबह पटना से 40 किमी पहले आराझमोहनिया नेशनल हाईवे पर दुल्हनगंज बाजार स्थित पेट्रोल पंप के पास हुई। यहां कार सड़क किनारे खड़े ट्रक पर पीछे से घुस गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार का एक पहिया 20 फीट दूर पड़ा मिला। सभी शव कार के अंदर फंस गए थे। काफी कोशिश के बाद सभी मृतकों को बाहर निकाला गया। सभी लोग पटना के रहने वाले थे। मृतकों के परिजन ने बताया कि सभी पटना से महाकुंभ स्नान के लिए प्रयागराज गए थे। कार मृतक का बेटा चला रहा था। झपकी लगने



से कार खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गई। मृतकों में 4 महिलाएं और 2 पुरुष थे। मरने वालों में पटना के जक्कनपुर के संजय कुमार (62), पत्नी करुणा देवी (58), बेटा लाल बाबू सिंह (25) और भतीजी प्रियम कुमारी (20) थे। साथ ही पटना के कुम्हरार निवासी आशा किरण (28) और जूही रानी (25) भी थे। जगदीशपुर थाने के रक आफताब खां ने बताया, 'ग्रामीणों से सूचना मिली कि दुल्हनगंज पेट्रोल पंप के पास हादसा हुआ है। मौके पर पहुंचे और देखा कि कंटेनर के पीछे से एक कार अंदर घुसी हुई है। हम लोगों ने सोचा कि कोई तो अंदर जिंदा होगा। तुरंत क्रेन मंगवाकर ट्रक में फंसी कार को पीछे किया। इसके बाद देखा कि सभी की मौत हो गई थी। कार के दो एयर बैग खुले थे।' मृतक संजय कुमार के भाई कौशलेंद्र ने बताया कि 19 फरवरी को पटना से प्रयागराज महाकुंभ के लिए 13 लोग रवाना हुए थे। बलेनो कार में भाई, भाभी, उनकी बेटी, भतीजी समेत 6 लोग थे। एक स्कॉर्पियो में 7 लोग बैठे हुए थे। 'प्रयागराज से पटना लौटने के दौरान भाई संजय कुमार का बेटा लाल बाबू कार ड्राइव कर रहा था।

इसी बीच दुल्हनगंज पेट्रोल पंप के पास लाल बाबू की आंख लग गई, जिससे यह भीषण सड़क हादसा हो गया।

जाते वक्त भी लाल बाबू की आंख झपकी थी, लेकिन हम लोगों ने उसे कुछ देर गाड़ी चलाने से मना किया था। लौटने के दौरान यह हादसा हो गया।'

## संक्षिप्त डायरी

### यूरिया की तस्करी नाकाम किशनगंज में SSB ने एक तस्कर को पकड़ा



**पटना।** भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी की 12वीं वाहिनी की जी कंपनी पलसा ने बड़ी कार्रवाई की है। जवानों ने अवैध रूप से नेपाल ले जाई जा रही 14 बोरी यूरिया के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में तस्करी में इस्तेमाल की जा रही दो मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। पिलटोला बीओपी के एएसआई यशपाल सिंह के नेतृत्व में नाका पार्टी गश्त कर रही थी। इस दौरान दो बाइक सवार यूरिया की बोरियां लेकर नेपाल की तरफ जा रहे थे। जवानों ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन दोनों बाइक की रफ्तार बढ़ाकर भागने लगे। इसके बाद जवानों ने पीछा कर एक व्यक्ति को पकड़ लिया। जबकि दूसरा बाइक छोड़कर फरार हो गया। पकड़े गए तस्कर की पहचान 22 साल के तौसिफ आलम के रूप में हुई है। वह कुतवाभिट्ठा थाना, दिघलबैंक का रहने वाला है। कंपनी कमांडर के अनुसार, आरोपी यूरिया की अवैध तस्करी के लिए इसे नेपाल ले जा रहा था। जब्त यूरिया और बाइक को कानूनी कार्रवाई के बाद कस्टम विभाग को सौंप दिया गया है। फरार हुए दूसरे तस्कर की तलाश जारी है।

### बैंक मैनेजर पर महिला कर्मी ने लगाया छेड़खानी का आरोप




**किशनगंज।** में एसबीआई पश्चिम पाली शाखा के मैनेजर पर एक महिला बैंक कर्मी ने छेड़खानी का आरोप लगाया है। मामले को लेकर महिला कर्मी ने महिला थाना में आवेदन देकर बैंक मैनेजर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार युवती स्टेट बैंक ऑफ इंडिया पश्चिम पाली शाखा में ब्रांच रिलेशनशिप एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत थी। करीब चार महीने पहले पूर्व ब्रांच मैनेजर कौशल कुमार ठाकुर ने अपने चैंबर में महिला कर्मी को बुलाकर अपने मोबाइल पर अश्लील विडियो चला देता था। इसके अलावा 19 सितंबर 2024 को बैंक के लॉकर रूम में पीड़िता खाना खा रही थी उस वक्त मैनेजर कौशल लॉकर रूम में पहुंच गए और पीड़िता के साथ छेड़ छाड़ करते हुए शरीर पर हाथ डालने लगा। मैनेजर से तंग आकर महिला कर्मी 3 महीने से बैंक नहीं जा रही थी। इसके बाद भी मैनेजर मोबाइल से अश्लील बातें करता था।

### ट्रक चालकों व टोल कर्मियों में भिड़ंत



**ठाकुरगंज।** थानाक्षेत्र के जीरनगच्छ स्थित टोला प्लाजा में बुधवार की देर रात्रि ट्रक चालकों व टोल प्लाजा कर्मियों में भिड़ंत हो गई। इसके कारण लगभग आधे घंटे टोल प्लाजा का क्षेत्र रणक्षेत्र में तब्दील रहा है। दोनों पक्षों की लिखित शिकायत पर मामला दर्ज करके ठाकुरगंज थानाध्यक्ष मकसूद आलम अशर्फी अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। टोल प्लाजा के मैनेजर प्रवीण पांडे ने स्थानीय निवासी मन्नान, मुखलेश, इरफान संग दर्जनों अज्ञात लोगो पर मामला दर्ज कराया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि नामजद लोगो संग अज्ञात दर्जनों लोगों ने देर रात्रि टोल प्लाजा आकर मारपीट की घटना को अंजाम देते हुए लगभग साढ़े चार लाख रुपये हथियार के बल पर लूट लिए। दूसरी ओर ट्रक चालक मो रसूल ने टोल प्लाजा कर्मियों द्वारा अवैध वसूली का विरोध करने पर उनके साथ मारपीट करते हुए झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हुए जान से मारने नीयत से मारने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामला दर्ज करके पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### दीवारों पर चित्र व संदेश लिखकर बच्चों को सिखा रहे शिक्षक




**पटना।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोथरा के शिक्षकों ने बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाने की नई पहल शुरू की है। इसके लिए स्कूल की दीवारों पर चित्रकारी और संदेश लिखवाए गए हैं। इस तरीके से पढ़ाई का बच्चों पर अच्छा असर दिख रहा है। वे सीखने के लिए उत्साहित नजर आ रहे हैं। विद्यालय प्रधान कन्हैया लाल शर्मा ने बताया कि यह स्कूल ग्रामीण क्षेत्र में स्थित है। यहां के बच्चे पांचवीं कक्षा तक पहुंचने के बाद भी अक्षर और अंकों की सही पहचान नहीं कर पाते थे। वे बस अगली कक्षा में बढ़ते जाते थे। इसे देखते हुए शिक्षकों ने स्लेट-कॉपी की जगह खेल-खेल में पढ़ाने का फैसला किया। सबसे पहले स्कूल की दीवारों पर विभिन्न विषयों से जुड़े चित्र बनवाए गए। हर अंक, अक्षर और शब्द को दीवारों पर लिखवाया गया। प्रधानाध्यापक कन्हैया लाल शर्मा ने बताया कि दीवारों पर लिखे जाने वाले संदेशों के लिए विद्यार्थियों से राय ली जाती है। सभी छात्रों को एक विषय पर संदेश लिखने के लिए कहा जाता है। बाद में सबसे श्रेष्ठ संदेश को दीवार पर पेंट कराया जाता है। जरूरत पड़ने पर शिक्षक भी इसमें सहयोग करते हैं। इस प्रक्रिया से बच्चे समाज की समस्याओं के प्रति जागरूक हो रहे हैं। साथ ही उनकी रचनात्मकता भी निखर रही है। बच्चे इस तरीके को लेकर उत्साहित हैं। वे इस कक्षा के लिए बेसब्री से इंतजार करते हैं। शिक्षकों और बच्चों के इस प्रयास की शिक्षा समिति अध्यक्ष मो. इशहाक आलम ने सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों की यह क्रिएटिविटी भविष्य में उनके लिए फायदेमंद साबित होगी।



## 'भारत के एडिसन' जीडी नायडू की बायोपिक की घोषणा, माधवन निभाएंगे मुख्य भूमिका

**निर्देशक कृष्णकुमार रामकुमार 'भारत के एडिसन' के नाम से मशहूर वैज्ञानिक जीडी नायडू की बायोपिक बनाएंगे। निर्माताओं ने फिल्म का टाइटल जारी कर दिया है। टाइटल 'जी.डी.एन' रखा गया है, जिसमें अभिनेता आर. माधवन मुख्य भूमिका में दिखेंगे।**

वैज्ञानिक पर आधारित बायोपिक का भारत में शेड्यूल मंगलवार से शुरू हो चुका है, जिसमें आर माधवन के साथ अभिनेता प्रियामणि, जयराम और योगी बाबू भी शामिल होंगे। फिल्म में संगीत गोविंद वसंता ने दिया है। अभिनेता माधवन ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के टाइटल की घोषणा करते हुए एक पोस्टर शेयर किया। उन्होंने लिखा, आप सभी के आशीर्वाद और शुभकामनाओं की जरूरत है। जानकारी के अनुसार, फिल्म की पूरी शूटिंग कोयंबटूर में की जाएगी, जो वैज्ञानिक का जन्मस्थान है। खास बातचीत में फिल्म के कार्यकारी निर्माता मुरलीधरन सुब्रमण्यम ने बताया था, फिल्म का लगभग 95 प्रतिशत हिस्सा कोयंबटूर में शूट किया जाएगा और बाकी पांच प्रतिशत विदेश में शूट किया जाएगा। पांच प्रतिशत का एक छोटा हिस्सा, जो विदेश में शूट किया जाना था, वह पिछले साल ही पूरा हो चुका है। बाकी हिस्से की शूटिंग जारी है। मुरलीधरन ने कहा, निर्देशक और उनकी टीम ने वैज्ञानिक के जीवन पर तीन से पांच साल से भी अधिक समय तक रिसर्च किया है। टीम का उद्देश्य था कि जीडी नायडू, विज्ञान और समाज में उनके योगदान का कोई भी हिस्सा ना छूटे।

'रॉकेट्री- द नंबी इफेक्ट' को साल 2022 में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए मिले राष्ट्रीय पुरस्कार के बाद वर्गीज मूलन पिक्चर्स और ट्राइकलर फिल्म्स इस प्रोजेक्ट के लिए फिर से साथ आ रहे हैं। 'रॉकेट्री- द नंबी इफेक्ट' में नंबी नारायणन की भूमिका निभाने वाले माधवन अब जीडी नायडू की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण वर्गीज मूलन पिक्चर्स के वर्गीज मूलन और विजय मूलन तथा ट्राइकलर फिल्म्स के आर. माधवन और सरिता माधवन करने के लिए तैयार हैं। अरविंद कमलानाथन फिल्म के सिनेमैटोग्राफर और क्रिएटिव प्रोड्यूसर के रूप में काम करेंगे।

# मिसेज के बाद साइंस बेस्ड मूवी करेंगी सान्या



सान्या मल्होत्रा की फिल्म मिसेज हाल ही में सा रिलीज हुई। यह मलयालम फिल्म द ग्रेट इंडियन किचन की रीमेक है। इसे आरती कड़व ने डायरेक्ट किया। फिल्म में सान्या ने एक ऐसी हाउसवाइफ का किरदार निभाया, जो अपने जीवन में बड़ा मुकाम हासिल करना चाहती है लेकिन परिवार उसे सिर्फ किचन तक सीमित रखना चाहता है। यह सोच इरादतन नहीं, बल्कि पितृसत्तात्मक मानसिकता के कारण बनी रहती है। आरती ने इसी सोच को फिल्म में दिखाया है।

### फिल्म को मिली जबरदस्त तारीफ

आरती कहती हैं... फिल्म को उम्मीद से ज्यादा प्यार मिला। मैंने इसे जिम्मेदारी से बनाया था। मुझे लगा था कि लोग इस विषय पर चर्चा करेंगे लेकिन इतनी तारीफ मिलेगी, यह सोचा नहीं था। कई दर्शकों ने अपनी मां और बहनों की जिंदगी से जुड़ी कहानियां साझा कीं, जो फिल्म के किरदार से मेल खाती थीं। यह जानकर दुख भी हुआ कि समाज में अब भी ऐसी दकियानूसी सोच बनी हुई हैं।

### थिएटर में रिलीज का इरादा नहीं था

आरती ने बताया कि फिल्म को थिएटर में लाने का कोई इरादा नहीं था। इसलिए डायरेक्ट ओटीटी पर रिलीज करना सही फैसला रहा। आगे साइंस फिक्शन जॉनर की फिल्म भी लाऊंगी। पहले कार्गो नाम की फिल्म बनाई थी। ऐसी फिल्मों के लिए बड़े बजट की जरूरत होती है। सान्या को दो साइंस फिक्शन कहानियां सुनाई हैं। मुमकिन है कि जल्द ही सान्या की कोई साइंस फिक्शन फिल्म आए।

### नॉर्थ इंडियन दर्शकों के लिए फिल्म में किए गए थे बदलाव

मूल फिल्म मलयाली दर्शकों के लिए बनी थी। हिंदी वर्जन में इसे नॉर्थ इंडियन दर्शकों के हिसाब से बदला गया। साउथ वर्जन में सबरीमाला विवाद को दिखाया गया था, जहां महिलाओं को घर में बंद कर दिया गया था। हिंदी वर्जन में इसे करवा चौथ से जोड़ा गया। मूल फिल्म में घर में मेड नहीं थी लेकिन हिंदी वर्जन में मेड का किरदार जोड़ा गया।



### फिल्में बदलाव ला सकती हैं...

आरती का मानना है कि फिल्मों से बदलाव की शुरुआत होती है। जब किसी मुद्दे पर बातचीत होती है, तो पॉलिसी लेवल पर भी बदलाव का माहौल बनता है। हालांकि यह प्रयास पर्याप्त नहीं होते लेकिन जरूरी होते हैं।

### फेंचाइज बनाने की प्लानिंग नहीं है...

आरती ने कहा कि मिसेज में कामकाजी महिलाओं से जुड़े कई जरूरी मुद्दे हैं। इसे फेंचाइज बनाना प्राथमिकता नहीं है। सान्या इस फिल्म के मुद्दे से इतनी जुड़ गई थीं कि शूटिंग के बाद भी उन्हें इससे बाहर आने में महीना भर लगा था।



## कौशलजीस वर्सेस कौशल के लिए अजय देवगन ने शुभकामनाएं दी

बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन ने हाल ही में सोशल मीडिया पर आगामी फिल्म कौशलजीस वर्सेस कौशल के लिए शुभकामनाएं दी। फिल्म के ट्रेलर को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर करते हुए, सिंघम अभिनेता ने लिखा, पीढ़ियां आपस में टकरा सकती हैं, लेकिन प्यार हमेशा एक रास्ता खोज लेता है। कौशलजीस वर्सेस कौशल में परिवार, प्यार और हंसी के मजेदार दिल को छू लेने वाले सफर के लिए तैयार हो जाइए। इस शुक्रवार 21 फरवरी को केवल जिओ हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग होगी। सोमवार को आगामी पारिवारिक ड्रामा कौशलजीस वर्सेस कौशल के निर्माताओं ने इसका ट्रेलर जारी किया। फिल्म के ट्रेलर में दिल को छू लेने वाली कहानी की झलक मिलती है।

फिल्म को सीमा देसाई और ज्योति देशपांडे द्वारा निर्देशित किया गया है। फिल्म की कहानी 27 साल के युग कौशल की जिंदगी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो कन्नौज में अपने छोटे शहर की जड़ों को पीछे छोड़कर दिल्ली चला जाता है। निर्देशक सीमा देसाई ने एक बयान में कहा, कौशलजीस वर्सेस कौशल की कहानी जो जटिल होते हुए भी खूबसूरत है। यह परिवार के बारे में है। हम अक्सर युवा जोड़ों की प्रेम कहानियां देखते हैं, लेकिन उन लोगों का क्या जो दशकों से साथ हैं? यह फिल्म शादी पर एक हल्की-फुल्की लेकिन मार्मिक नजर डालती है और पूछती है, क्या होगा अगर वर्षों के संघर्ष के बाद भी प्यार खत्म न हो। मुझे भरोसा है कि दर्शक प्यारे किरदारों से जुड़ेंगे, हंसेंगे, रोएंगे और अपने परिवार की झलक स्क्रीन पर देखेंगे। यह दिल से दिलों के लिए बनाई गई एक अच्छी फिल्म है। कौशलजीस वर्सेस कौशल में शीबा चड्ढा, पावेल गुलाटी, ईशा तलवार, बृजेंद्र काला और ग्रुशा कपूर भी हैं। यह फिल्म 21 फरवरी को जिओ हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

# शिवाजी महाराज की जीवन यात्रा को पर्दे पर दिखाना मेरे लिए बेहद खास है



आज छत्रपति शिवाजी महाराज की 395वीं जयंती है। इस मौके पर ऋषभ शेट्टी की अपकमिंग फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराज के मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है। इस नए पोस्टर में वीर शिवाजी बने ऋषभ शेट्टी देवी मां की विशाल मूर्ति के सामने खड़े नजर आ रहे हैं।

### ऋषभ शेट्टी ही बनेंगे शिवाजी महाराज

बॉलीवुड से लेकर मराठी सिनेमा तक कई सारे सितारे शिवाजी महाराज के किरदार में नजर आ चुके हैं। अब छत्रपति शिवाजी महाराज पर बन रही आगामी फिल्म द प्राइड ऑफ भारत- छत्रपति शिवाजी महाराज में ऋषभ शेट्टी शिवाजी महाराज का किरदार निभाते नजर आने वाले हैं।

### ऋषभ शेट्टी ने कही ऐसी बात

पोस्टर रिलीज के मौके पर ऋषभ शेट्टी ने कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर हम सभी गर्व महसूस करते हैं। वे केवल एक योद्धा नहीं थे बल्कि स्वराज्य की आत्मा थे। उन्हें हमेशा धैर्य, बुद्धि और भक्ति का प्रतीक माना जाता है। उनकी जीवन यात्रा को पर्दे पर दिखाना वाकई मेरे लिए बेहद खास है। मैं आशा करता हूं कि उनकी विरासत को मैं अच्छे तरीके से पर्दे पर दिखा सकूं। सभी भारतीयों को उनकी अमर वीरता का एहसास दिला सकूं।

### फिल्म में नजर आएंगे ये सितारे

स्वराज्य का सपना देखने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर इस फिल्म की टीम के बारे में भी मेकर्स ने बताया है। फिल्म की कहानी सिद्धार्थ - गरिमा ने लिखी है। फिल्म को संगीत प्रीतम ने दिया है। गानों ने बोल प्रसून जोशी ने लिखे हैं। वहीं, सिनेमेटोग्राफी रवि वर्मन ने की है। गणेश हेगड़े ने कोरियोग्राफी की है। फिल्म के कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा हैं।

### इस दिन रिलीज होगी फिल्म

यह फिल्म 21 जनवरी 2027 में हिंदी समेत छह अन्य भाषाओं में रिलीज होगी। यह फिल्म भारत और विदेशों में भी शिवाजी के स्वराज्य का सपना दिखाने वाली है।



# शबाना आजमी ने बताई डब्बा कार्टेल का हिस्सा बनने की वजह

एक्सेल एंटरटेनमेंट की नई सीरीज 'डब्बा कार्टेल' के ट्रेलर लांच इवेंट पर शबाना आजमी की अदाओं ने लोगों का खूब मनोरंजन किया। महबूब स्टूडियो में इस कार्यक्रम का आयोजन शानदार तरीके से हुआ। लोगों में काफी उत्साह रहा लेकिन, आदतन प्रोग्राम अपने समय से ही शुरू हुआ। जनता बेसब्री से ट्रेलर का इंतजार करी दिखी। महबूब स्टूडियो में जब बारी इस ट्रेलर लॉन्च की आई तो मामला बहुत ही रोचक हो गया है। आहिस्ता आहिस्ता किरदारों पर से परदा हटा और जब बारी शबाना आजमी की आई तो फिर तो माहौल बदलना ही थी। इवेंट में मीडिया के साथ सवाल जवाब के समय शबाना आज़मी ये कहा कि इस सीरीज की पूरी कास्टिंग घर का मामला था। शिबानी अख्तर ने क्रिएट किया ये प्रोजेक्ट और मुझे हुक्म दिया, एक्टिंग करने के लिए। बहू को कैसे मना कर सकती थी और बेटा तो प्रोड्यूसर ही है। साथ ही उन्होंने एक कन्फेशन ये भी किया की जब इस सीरीज की कास्टिंग चल रही थी तो वह नहीं चाहती थीं कि अभिनेत्री ज्योतिका को इसमें कास्ट किया जाए। इवेंट के दौरान ही शबाना आजमी ने इसके लिए ज्योतिका से माफी भी मांगी और कहा कि अच्छा हुआ शिबानी ने उनकी नहीं सुनी और दोनों ने साथ काम किया। सीरीज के निर्देशक हितेश भाटिया ने इस मौके पर बताया कि शुरू में तो वह काफी परेशान थे लेकिन जब सारे लोग साथ आ गए तो उनकी घबराहट भरोसे में बदल गई। ज्योतिका के मुताबिक उन्हें ये प्रोजेक्ट इसलिए काफी पसंद आया क्योंकि इसमें महिलाओं की अहम भूमिका है। वह कहती हैं, ङ्कइस सीरीज में सिर्फ किरदार ही नहीं, बल्कि पूरी टीम में भी महिलाओं की बहुत भागीदारी रही। हमारे क्रू में लगभग 60-70ब महिलाएं थीं, जो हर विभाग में शानदार काम कर रही थीं। यह देखकर बहुत गर्व महसूस हुआ। अभिनेता आदर्श रावल के साथ फिल्म 'बमफाड़' से हिंदी सिनेमा में अपना करियर शुरू करने वाली साउथ सिनेमा की अभिनेत्री शालिनी पांडे ने भी ज्योतिका की बात का समर्थन किया और कहा कि यह शो महिलाओं के दम पर आगे बढ़ा है। उन्होंने उलाहना दिया कि शानदार अभिनेता गजराज राव के साथ उनका एक भी सीन नहीं है। वहीं, गजराज राव ने कहा, आमतौर पर मैं सिर्फ अपने डायलॉग्स याद करता हूं, लेकिन इस बार सबसे ज्यादा मेहनत फार्मास्युटिकल्स के नाम याद करने में करनी पड़ी। और, अब तो मुझे इतने नाम याद हो गए हैं कि मेडिकल इंडस्ट्री में भी एंट्री ले सकता हूं! नेटफ्लिक्स की नई सीरीज 'डब्बा कार्टेल' 28 फरवरी को रिलीज होगी।

## सनम तेरी कसम की री-रिलीज की सफलता पर भावुक हुए हर्षवर्धन राणे



हर्षवर्धन राणे अपनी रोमांटिक ड्रामा फिल्म सनम तेरी कसम की सफलता का जश्न मना रहे हैं। यह फिल्म सभी रिकॉर्ड तोड़ रही है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है। आज भी अभिनेता ने एक इमोशनल नोट शेयर किया और सभी प्रशंसकों को उनके प्यार के लिए धन्यवाद दिया। अभिनेता ने पोस्टर साझा कर लिखा- एक प्रेम कहानी जो लंबे समय तक नहीं चलनी थी। हर्षवर्धन ने आगे लिखा- फिर भी हम यहां हैं, 10 दिन बाद, अभी भी हर पल ऐसा महसूस कर रहे हैं जैसे यह पहली बार हो। अभिनेता ने आगे लिखा- किसी ऐसे व्यक्ति को टैग करें जो इसे दोबारा देखने की योजना बना रहा है। सनम तेरी कसम अब तब बॉक्स ऑफिस पर 36.01 करोड़ रुपये की कमाई की।

## इजराइल गये हजारों भारतीयों से मजदूरी

हैदराबाद । भारत से सिविल इंजीनियरिंग कंस्ट्रक्शन सेरेमिक टाइल्स एक्सपर्ट और फर्नीचर इत्यादि काम के लिए जो कारीगर इजराइल गए थे। वहां पर उनसे मजदूरी का काम लिया जा रहा है।अच्छी सैलरी देने का लालच देकर इन्हें इजराइल ले जाया गया था। वहां पर इनसे मजदूर वाला काम कराया जा रहा है। बहुत कम मजदूरी दी जा रही है। जो सुविधाएं दी जानी चाहिए थी वह भी नहीं दी जा रही है। तेल अबीब स्थित इजराइल तेलंगाना संगठन के अध्यक्ष सोमा रवि ने हमास युद्ध के बीच भारत से जिन कामगारों को इजराइल ले जाया गया था। उनसे मजदूरी वाला काम लिया जा रहा है।अभी तक भारत से 10000 से ज्यादा कामगार इजराइल गए हैं। इनमें 2000 से अधिक तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के कामगार हैं।जो इजराइल जाने के बाद से परेशान हैं। जिस काम के लिए इन्हें बुलाया गया था। उसके स्थान पर इनसे मजदूरी कराई जा रही है।

## धर्मेंद्र प्रधान ने सीएम स्टालिन को याद दिलाया पीएम मोदी का बयान, तमिल भाषा शाश्वत है

नई दिल्ली । ट्राई लैंग्वेज विवाद पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन को पत्र लिखा। उन्होंने राज्य में हो रहे नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (एनईपी) के विरोध की आलोचना की। केंद्रीय मंत्री ने अपने पत्र में किसी भी भाषा को थोपने का सवाल नहीं है। लेकिन विदेशी भाषाओं पर अत्यधिक निर्भरता खुद की भाषा को सीमित करती है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) इसे ही ठीक करने का प्रयास कर रही है। एनईपी भाषा की स्वतंत्रता को कायम रखती है और यह सुनिश्चित करती है कि छात्रा अपनी पसंद की भाषा सीखना जारी रखें। केंद्रीय मंत्री प्रधान ने अपने पत्र में मई 2022 में चेन्नई में पीएम मोदी के तमिल भाषा शाश्वत है के बयान का जिक्र कर लिखा कि मोदी सरकार तमिल संस्कृति और भाषा को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने और लोकप्रिय बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मैं अपील करता हूं कि शिक्षा का राजनीतिकरण न करें।

## रेलवे का एक्स को नोटिस, रेलवे स्टेशन भगदड़ वाले वीडियो लिंक हटाएं

नई दिल्ली । नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 15 फरवरी को हुई भगदड़ में 18 लोगों की मौत हुई थी। मामले में अब तक जांच रिपोर्ट नहीं आई है, लेकिन रेलवे ने एक आदेश जारी किया है। रिपोर्ट के अनुसार रेल मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स को नोटिस जारी कर 288 वीडियो लिंक हटाने का निर्देश दिया है। रेल मंत्रालय ने 17 फरवरी को यह नोटिस भेजकर घटना से जुड़े सभी वीडियो लिंक हटाने का निर्देश दिया था। रेलवे ने तर्क देकर कहा कि इस तरह के वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर होने से कानून-व्यवस्था की स्थिति पैदा हो सकती है। दरअसल दिसंबर में प्रत्यक्ष रूप से वीडियो हटाने का अधिकार मिलने के बाद कंटेंट को लेकर यह मंत्रालय की पहली बड़ी कार्रवाई है। हालांकि इस तरह का यह दूसरा मामला है। इससे पहले जनवरी में ही यूट्यूब और इंस्टाग्राम को भेजे गए नोटिस में भ्रामक और संवेदनशील-भड़काऊ जानकारी वाले कंटेंट को लेकर सख्ती दिखाई गई थी।

## संभल हिंसा मामले में एक महिला को 1 लाख के मुचलके पर रिहाई मिली

संभल ।संभल हिंसा के दौरान हुई पत्थरबाजी के आरोप में जेल में बंद एक महिला को रिहा किया है। कोर्ट ने साक्ष्य ना होने के अभाव में 1 लाख रुपये के मुचलके पर रिहा किया है। जबकि, इसके अलावा जेल में बंद 79 आरोपियों में से किसी और की जमानत नहीं मिली है। दरअसल, 24 नवंबर 2024 की हिंसा में शामिल चार महिलाओं सहित 80 आरोपियों को संभल पुलिस गिरफ्तार कर जेल में डाल चुकी है। इसमें चार महिलाओं को पत्थरबाजी के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया था। जेल में बंद आरोपी फरहाना की जमानत के लिए वकीलों के द्वारा पैरवी की जा रही थी। बीते दिन चंदौसी स्थित सीजेएम कोर्ट ने फरहाना के खिलाफ साक्ष्य न होने के अभाव में एक लाख रुपये के मुचलके पर रिहा करने का आदेश जारी कर दिया। वकील गनी अनवर ने बताया कि हिंसा के मामले में फरहाना को गिरफ्तार किया गया था।इसके बाद हमारी ओर से महिला के निर्दोष होने की जानकारी देकर प्रार्थना पत्र पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को दिया गया था।मामले में पुलिस और प्रशासन की तरफ से निष्पक्ष जांच करने का आश्वासन मिला था।जांच पूरी होने के साथ ही महिला के खिलाफ कोई साक्ष्य नहीं मिले, जिसपर प्रशासनिक स्तर पर महिला को रिहा किया गया।

## बच्ची का यौन शोषण कर प्रिंसिपल, लो 20 रुपये... मुंह बंद रखना

**-बच्ची की दादी ने प्रिंसिपल की कर दी चप्पल से पिटाई**

जमुई । बिहार के जमुई के एक सरकारी स्कूल से शर्मसार कर करने वाली खबर आई है।यहां एक स्कूल के प्रिंसिपल पर दूसरी कक्षा की छात्रा को गलत तरह से छूने का आरोप लगा है। जमुई में सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल शमशेर आलम ने एक छात्रा को 20 रुपये का लालच देकर उसके साथ यौन शोषण किया। बच्ची के अनुसार आरोपी ने कहा कि ये लो 20 रुपये, अपना मुंह बंद रखना। इसके बाद बच्ची सदमे में आई और स्कूल जाना बंद किया। इसके बाद बच्ची के परिजनों ने जब स्कूल न जाने की वजह जानने की कोशिश की तब बच्ची ने रोते हुए मम्मी से स्कूल के प्रिंसिपल की पूरी करतूत बता दी। ये मामला नवीन प्राथमिक मकतब, खपरिया विद्यालय का है। घटना का जानकारी के बाद स्कूल परिसर में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और सभी प्रिंसिपल का विरोध करने लगे।इतना ही नहीं बच्ची की दादी का गुस्सा को आलम की करतूत को लेकर सातवें आसमान पर था।उन्होंने शमशेर आलम की चप्पल से पिटाई कर दी। घटना को लेकर ग्रामीणों में काफी गुस्सा है।उन्होंने थाने में लिखित शिकायत की है।बच्ची के साथ अश्लील हरकत और छेड़खानी के मामले में पुलिस ने आलम को गिरफ्तार कर जमुई जेल भेज दिया।

# दिल्ली में नई सरकार के सामने हैं ढेरों चुनौतियां, बिगड़ा है बजट

**-सीएम रेखा ने ली कैबिनेट बैठक, वादों को पूरा करने बनाई रणनीति**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में बीजेपी की नई सरकार ने शपथ लेने के कुछ घंटों बाद ही अपनी पहली कैबिनेट बैठक की। दिल्ली सीएम बनी रेखा गुप्ता की सरकार के सामने ढेरों चुनौतियां हैं। इस बैठक में प्रदूषण, यमुना सफाई, पब्लिक ट्रांसपोर्ट, सड़कें और पानी जैसी बुनियादी समस्याओं पर बातचीत हुई। साथ ही चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा करने की रणनीति भी बनाई गई। सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती दिल्ली का खस्ताहाल बजट है।

दिल्ली में मुफ्त बिजली, पानी और महिलाओं के लिए बस यात्रा जैसी योजनाओं पर पहले से ही भारी खर्च हो रहा है। डीटीसी और दिल्ली जल बोर्ड को भी बड़ी धनराशि अनुदान के रूप में दी जाती है। पिछली आम आदमी पार्टी की सरकार ने कई खर्चों को पूरा करने के लिए 10 हजार करोड़ रुपए का कर्ज भी लिया था। वित्त विभाग ने इसके दीर्घकालिक प्रभावों को लेकर आपत्ति जताई थी, लेकिन फिर भी यह कर्ज लिया गया। एक अधिकारी के मुताबिक मौजूदा योजनाओं और नए चुनावी वादों को पूरा करने के लिए सरकार को सालाना कम से कम 24 हजार करोड़ रुपए की जरूरत होगी। वित्त विभाग ने कई बार राज्य सरकार को खराब होती वित्तीय स्थिति से अवगत कराया था। जल बोर्ड के खातों के विशेष ऑडिट की घोषणा के अलावा वित्त विभाग ने करीब 38 लाख महिलाओं को प्रति माह एक हजार रुपए की वित्तीय सहायता देने के सरकार के फैसले पर भी आपत्ति जताई थी। हालांकि दिल्ली का राजस्व टैक्स और गैर-टैक्स स्रोतों से सालाना 9-10 फीसदी की दर से बढ़ रहा है, लेकिन अधिकारियों का मानना है कि केवल केंद्र सरकार का अनुदान ही नए खर्चों को पूरा कर सकता है।

दिल्ली की हवा को स्वच्छ बनाना नई सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकताओं में से एक है। सर्दियों से पहले ही इस पर काम शुरू करना होगा, क्योंकि सर्दियों में प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है। 2023 तक दिल्ली में पीएम2.5 और पीएम10 के स्तर में लगातार गिरावट आई, लेकिन 2024 में यह ट्रेंड टूट गया। 2024 में पीएम10 की वार्षिक औसत सांद्रता राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानक से 3.5 गुना और डब्ल्यूएचओ की गाइडलाइन से 14 गुना ज्यादा थी। शहर में स्थानीय और क्षेत्रीय स्तर पर प्रदूषण को कम करने के लिए बड़े कदम उठाने होंगे। दिल्ली को शहर और आसपास के क्षेत्रों में रीयल-टाइम या दैनिक स्रोत-विभाजन अध्ययन की जरूरत है।

बीजेपी सरकान ने यमुना के पानी को इतना साफ करने का लक्ष्य रखा है कि तीन साल में कोई भी इसमें बिना किसी बीमारी के डुबकी लगा सके। पीएम नरेंद्र मोदी ने खुद यमुना की सफाई का वादा किया है, इसलिए यह एक बड़ी चुनौती है। अब केंद्र और हरियाणा दोनों राज्यों में बीजेपी की सरकारें हैं, इसलिए नई दिल्ली सरकार संसाधनों की कमी या अपस्ट्रीम प्रदूषण को बहाना नहीं बना सकती है। नई कैबिनेट के शपथ लेने से पहले ही, केंद्र ने दिल्ली एलजी वीके सक्सेना के जरिए से जो पहले एक उच्चस्तरीय यमुना समिति का नेतृत्व करते थे, कचरा हटाने के लिए फ्लोटिंग क्रेन और ट्रैमिल मशीनों को तैनात करने जैसे कदम उठाए हैं।

एमसीडी ओखला, गाजीपुर और भलस्वा में तीन बड़े लैंडफिल को समतल करने के लिए संघर्ष कर रही है, जहां 160 लाख टन से जयादा पुराना कचरा पड़ा हुआ है और 3,000-3,500 टन ताजा कचरा रोजाना डाला जाता है। 2019 में एनजीटी ने कचरे के ढेर से पैदा हुई गंदगी पर गंभीर चिंता व्यक्त की थी। एमसीडी ने 2020 में तीन लैंडफिल पर बायोमाइनिंग कार्यों का पहला चरण शुरू किया। केंद्रीय शहरी मामलों के मंत्रालय ने स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के तहत इस उद्देश्य के लिए 1,395.6 करोड़ रुपए आवंटित किए। भलस्वा को छोड़कर ओखला और गाजीपुर में पुराने कचरे के टारगेट को पूरा नहीं किया जा सका है। एमसीडी की स्थायी समिति के गठन न होने के कारण बायोमाइनिंग के दूसरे चरण की प्रक्रिया अटक गई है। सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद ही स्थायी समिति की शक्ति नगर आयुक्त को सौंपी ताकि 18 महीनों में लैंडफिल पर 80 लाख टन पुराने कचरे को हटाने के लिए नए सिरे से निविदाएं जारी की जा सकें।

दिल्ली के तीन अस्पताल रघुबीर नगर में गुरु गोबिंद सिंह अस्पताल, मंगोलपुरी में संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल और मोती नगर में आचार्य श्री भिक्षु अस्पताल शहर के स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे में 16,186 बेड जोड़ सकते हैं, लेकिन इन परियोजनाओं का काम धन की कमी के चलते नहीं हो सका है। इन अस्पतालों को अगले तीन सालों में पूरा करने के लिए अनुमानित 10,250 करोड़ रुपए की जरुरत है। दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली सरकार को निर्देश दिया कि वह 2024-25 वित्तीय वर्ष में इन सुविधाओं को पूरा करना सुनिश्चित करे।

## भाजपा का आरोप, राहुल गांधी और कांग्रेस की जांच होनी चाहिए, क्या 21 मिलियन डॉलर के लाभार्थी

नई दिल्ली । अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत को मतदान के लिए 21 मिलियन डॉलर भेजने के बयान पर देश में हंगामा मचा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने निशाना साधकर राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की जांच की बात कही है। बीजेपी प्रवक्ता भंडारी ने कहा, डोनाल्ड ट्रंप ने दूसरी बार कहा है कि भारत में मतदान के लिए 21 मिलियन डॉलर खर्च किए गए हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने इसे किक बैक स्कीम (रिश्वत योजना) कहा। यह पता लगाने के लिए जांच जरूरी है कि क्या राहुल गांधी और कांग्रेस इकोसिस्टम इस किकबैक स्कीम का लाभार्थी था! इसके अलावा बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने भी लिखा, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने मतदान के लिए भारत को 21 मिलियन डॉलर भेजने की बात कहने के एक दिन बाद, इस आरोप को फिर से दोहराया है। यही नहीं, वह इससे बांग्लादेश को भेजे गए 29 मिलियन डॉलर से भ्रमित नहीं कर रहे हैं।इस बार, ट्रंप ने अपने बयान में रिश्वत का भी उल्लेख किया है। अनिवार्य रूप से, इस पैसे का उपयोग डीप स्टेट एसेट्स को बनाए रखने के लिए भी किया जाता है जो इसतरह के खुलासों को बचाने और पलटने का काम करते हैं।हम अब भारत में भी यही पैटर्न होते हुए देख रहे हैं। बता दें कि ट्रंप ने कहा था, भारत में मतदान के लिए 21 मिलियन डालर।हम भारत में मतदान की परवाह क्यों कर रहे हैं? हमारे पास पहले से ही बहुत सी समस्याएं हैं। हम अपनी समस्याओं को सुलझाना चाहते है। क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि इतना सारा पैसा भारत जा रहा है?

## मायावती का पलटवार, हमे ज्ञान देने की वजाय अपने गिरेबान में झांकें राहुल गांधी





**लखनऊ (एजेंसी)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कांग्रेस को भाजपा की बी टीम बता दिया है। सोशल मीडिया पोस्ट में बसपा सुप्रीमो ने सांसद राहुल गांधी को अपने गिरेबान में झांकने की नसीहत दे डाली है।

उन्होंने लिखा, कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में इस बार बीजेपी की बी टीम बनकर चुनाव लड़ा, यह एक आम चर्चा है, इसकारण दिल्ली में बीजेपी सत्ता में आ गई है। वरना दिल्ली चुनाव में कांग्रेस का इतना बुरा हाल नहीं होता कि यह पार्टी अपने ज्यादातर उम्मीदवारों की जमानत भी न बचा सके। इसके बाद कांग्रेस के सर्वेसर्वा राहुल गांधी को किसी भी मामले में दूसरों पर और खासकर बीएसपी की प्रमुख पर उंगली उठाने से पहले अपने गिरेबान में भी जरूर झांक लेना चाहिए। मायावती ने लिखा, साथ ही, दिल्ली में बनी नई भाजपा सरकार को यहां चुनाव में खासकर जनहित और विकास संबंधी किए गए अपने तमाम वादों को समय से पूरा करने की चुनौती है, वरना आगे चलकर पार्टी का भी हाल कहीं कांग्रेस जैसा बुरा न हो जाए।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि हम चाहते थे कि मायावती हमारे साथ मिलकर चुनाव लड़ें। अगर तीनों पार्टियां एक साथ चुनाव लड़तीं, तब यूपी में भाजपा कभी नहीं जीत पाती। कांशीराम ने नींव रखी। बहनजी ने काम किया। यह मैं भी मानता हूं। मेरा सवाल है बहन जी (मायावती) आज तक कोई चुनाव ठीक से क्यों नहीं लड़ीं? हम चाहते थे कि लोकसभा में बहन जी भाजपा के विरोध में हमारे साथ चुनाव लड़ें। लेकिन, मायावती किसी कारण से नहीं लड़ीं। इस बात का हमें काफी दुख है।

# मंदिरों की अर्थव्यवस्था और सनातन धर्म के लिए नया सवेरा बना आईटीसीएक्स

एजेंसी


**भोपाल :** आध्यात्मिक नगरी तिरुपति में आयोजित इंटरनेशनल टेम्पल्स कन्वेंशन एंड एक्सपो ने भारत के सबसे बड़े और प्रभावशाली मंदिर प्रबंधन सम्मेलन के रूप में अपनी विशेष पहचान बनाई। इस अनूठे आयोजन में देशभर के 1500 से अधिक मंदिरों,प्रतिष्ठित राजनीतिक नेताओं और हिंदू, सिख, बौद्ध व जैन धर्म के पूजनीय धर्मगुरुओं ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' विजन को मजबूती देते हुए, यह आयोजन एक अहम मंच के रूप में सिद्ध हुआ, जहां मंदिरों के प्रबंधन, स्थायी विकास और तकनीकी समावेशन को नई दिशा मिली। सनातन धर्म की शाश्वत मान्यताओं को और मजबूत करते हुए, यहां मंदिरों की स्वायत्तता, स्मार्ट टेंपल मिशन और वैश्विक श्रेष्ठ प्रथाओं पर गहन मंथन हुआ। इस भव्य आयोजन के माध्यम से, आईटीसीएक्स 2025 ने यह साबित कर दिया कि मंदिर सिर्फ आस्था के केंद्र नहीं, बल्कि धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक प्रगति के सशक्त मंच भी हैं। आईटीसीएक्स और टेम्पल कनेक्ट के संस्थापक गिरीश कुलकर्णी और आईटीसीएक्स अध्यक्ष एवं महाराष्ट्र



विधान परिषद के मुख्य सचेतक प्रसाद लाड की परिकल्पना से जन्मा यह मंच मंदिर नेतृत्व को एक नई दिशा देने में अहम भूमिका निभा रहा है। हिंदू समाज के शक्ति केंद्र के रूप में मंदिरों की पुनर्रचना का यह प्रयास अब एक व्यापक आंदोलन बन चुका है। भारत की मंदिर अर्थव्यवस्था, जो 4-5 लाख करोड़ रुपए के मूल्य की है और किसी भी बड़े वैश्विक उद्योग के बराबर मानी जाती है, को लेकर हुई चचाओं में इस बात पर जोर दिया गया कि मंदिरों को पेशेवर संस्थानों की तरह संचालित किया जाए, ताकि आम श्रद्धालु द्वारा दिए गए दान का उपयोग चिकित्सा सहायता, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और लंगरों के माध्यम से बड़े पैमाने पर सामुदायिक कल्याण में किया जा सके। मात्र अपने दूसरे संस्करण में ही आईटीसीएक्स ने मंदिर प्रबंधन के क्षेत्र में एक क्राँतिकारी भूमिका स्थापित कर ली है। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सराहना पत्र में कहा, आईटीसीएक्स मंदिरों की वैश्विक एकता का प्रतीक है और 'वसुधैव कुटुंबकम' के रूप में पूरी पृथ्वी को एक परिवार के रूप में देखने की भावना की वास्तविक अभिव्यक्ति भी है। 21वीं सदी ज्ञान-आधारित समाजों की सदी है, और इस दृष्टि से टेम्पल कनेक्ट द्वारा मंदिरों की धरोहर को प्रलेखित, डिजिटाइज और साझा करने का प्रयास और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। आईटीसीएक्स 2025 के पहले दिन तीन मुख्यमंत्री, यानि महाराष्ट्र के देवेंद्र फडणवीस, आंध्र प्रदेश के एन. चंद्रबाबू नायडू और गोवा के प्रमोद सावंत पहली बार एक मंच पर आए। उनके साथ केंद्रीय मंत्री एवं नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपाद नाईक भी उपस्थित रहे। दूसरे दिन बीजेपी तमिलनाडु के प्रदेश अध्यक्ष श्री के. अन्नामलाई और विश्व हिंदू परिषद के महासचिव मिलिंद परांडे ने हिंदू मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त कराने के विचार को मजबूती दी। समापन सत्र के दौरान आंध्र प्रदेश के मानव संसाधन विकास मंत्री नारा लोकेश ने कहा, अब समय आ गया है कि हम आईटीसीएक्स जैसे वैश्विक स्तर के सम्मेलन को एक साथ मिलकर और भी अधिक व्यापक बनाएँ, जहां विचारों का आदान-प्रदान और श्रेष्ठ परंपराओं पर विमर्श हो। हम ऐसे दौर में हैं, जहाँ स्पाइडरमैन, सुपरमैन और एवेंजर्स की चर्चा होती है, लेकिन हमें अपनी संस्कृति को भी बचाना होगा, क्योंकि यही सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। इस भव्य आयोजन ने विभिन्न पीढ़ियों एवं क्षेत्रों के विचारकों, आध्यात्मिक विभूतियों और समाज में बदलाव लाने वाले व्यक्तित्वों को एकजुट किया, जो अपने-अपने मंदिर पारिस्थितिकी तंत्र में सामाजिक और आर्थिक सुधारों के प्रति समर्पित हैं।

# 1984 सिख विरोधी दंगा मामले में सज्जन कुमार की हुई सुनवाई

**-कोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला, पीड़ित पक्ष मांग रहा मौत की सजा**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में 1984 सिख विरोधी दंगा मामले में कोर्ट ने कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार के खिलाफ सजा पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। पीड़ित पक्ष ने सज्जन कुमार को मौत की सजा देने की मांग की है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 1 फरवरी को सज्जन कुमार को दोषी करार दिया था। उन पर 1984 में दंगों के दौरान सरस्वती विहार में जसवंत सिंह और उसके बेटे तरुणदीप सिंह की हत्या का दोषी पाया है। वह पहले से ही दिल्ली कैंट मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं।

इससे पहले दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में जज कावेरी बावेजा ने शुक्रवार को बचाव पक्ष को दो दिन में लिखित दलीलें पेश करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि हम 25 फरवरी दोपहर 2 बजे के बाद सज्जन कुमार की सजा पर फैसला सुनाएंगे।

वरिष्ठ वकील एचएस फुल्का 1984 के दंगा पीड़ितों के लिए ऑनलाइन पेश हुए और अपनी लिखित दलीलें पेश कीं और मृत्युदंड की मांग की। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अनिल कुमार शर्मा भी ऑनलाइन पेश हुए।

बता दें दिल्ली कैंट की पालम कॉलोनी में पांच सिखों की हत्या के बाद गुरुद्वारा जला दिया गया था। इस मामले में सज्जन कुमार को दोषी पाया गया है। दिल्ली हाईकोर्ट ने 17 दिसंबर, 2018 को सज्जन को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। सितंबर, 2023 को राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली के सुल्तानपुरी में तीन सिखों की हत्या मामले में सज्जन कुमार को बरी कर दिया था। दंगे में सीबीआई की एक अहम गवाह चाम कौर ने आरोप लगाया था कि सज्जन कुमार भीड़ को भड़का रहे थे। वहीं 1 नवंबर 1984 को सरस्वती विहार में सरदार जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह की हत्या हुई थी। दंगाइयों ने लोहे के सरियों और लाठियों से हमला किया था। इसके बाद दोनों सिखों को जिंदा जला दिया गया था। इस मामले में सज्जन कुमार को 12 फरवरी, 2025 को दोषी ठहराया गया है।

## 22 रेलवे स्टेशन से हुई करोड़ों की कमाई बैंक तक नहीं पहुंची, कैश लिफ्टर ने की करोड़ों की हैराफेरी

**-रेलवे ने जांच शुरू कर एफआईआर दर्ज करवाया**



**धनबाद(एजेंसी)।** धनबाद रेल मंडल के 22 रेलवे स्टेशन से बैंकों में जमा कराने भेजी गई करोड़ों की रकम रास्ते में ही गायब हुई। कैश ले जाने वाली कंपनी के लिफ्टरों ने ही रेलवे की करोड़ों की राशि की हेराफेरी की। इसमें स्टेट बैंक की अधिकृत एजेंसी राइटर सेफ गार्ड लिमिटेड (डब्ल्यूएसजी) के एजेंट शामिल थे।

मामला सामने आने के बाद रेलवे ने जांच शुरू की। रेलवे का वित्त विभाग हेराफेरी की जांच में जुड़ा है। सीनियर डीसीएम अमरेश कुमार ने बताया कि 22 में से 14 स्टेशन से जुड़े मामले में प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है। अन्य आठ स्टेशन के लिए एफआईआर की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जल्द ही एफआईआर दर्ज होगी। धनबाद रेल मंडल के 22 स्टेशन के टिकट आय की राशि में हुई हेराफेरी को लेकर वित्त विभाग आंकड़े खंगाल रहा है। वर्ष 2020 से 2024 तक के वित्तीय वर्ष का आकलन हो रहा है।

रेलवे की प्रारंभिक जांच में साल 2023 व 2024 में ही साढ़े सात-आठ करोड़ की हेराफेरी की बात सामने आई है। 2020 से अब तक की जांच पूरी होने पर हेराफेरी की रकम 25 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। धनबाद मंडल के रेलवे स्टेशनों से बैंक तक पैसा पहुंचाने वाले लिफ्टरों को एसबीआई की ओर से अधिकृत एजेंट के तौर पर आई कार्ड व विशेष नंबर जारी किए थे। साथ ही उन्हें स्क्रैच कार्ड भी दिया गया था। पूर्व मध्य रेल ने साल 2016 में स्टेट बैंक आफ इंडिया के साथ समझौता किया था। इसके तहत छोटे स्टेशन से प्राप्त होने वाली आय की रकम बैंकों में उनके एजेंट कैश लिफ्टर को सौंपा जाता है। कैश लिफ्टर वाणिज्य पर्यवेक्षक से ट्रेजरी रेमिटेंस नोट की तीन प्रतियों के साथ बैंक में रुपये जमा कराने ले जाते हैं। दो प्रति बैंक को तथा तीसरी बैंक की मुहर के साथ रेलवे के वाणिज्य पर्यवेक्षक को लौटा दी जाती है। जांच में पाया गया कि कैश लिफ्टर ने रुपये ले लिये पर बैंक में पूरी राशि जमा नहीं करते थे।

# गर्व महसूस करने वाला पल, अमेरिका को तोप निर्यात करेगी भारतीय कंपनी केएसएसएल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अभी तक यहीं सुनने को मिलाता था कि भारत अमेरिका से या किसी और देश से हथियार खरीद रहा है। लेकिन, अब अमेरिका भारत से हथियार खरीदेगा। आपको इस बात पर भरोसा नहीं हो रहा होगा, लेकिन ये सच है। दरअसल भारत से आधुनिक तोप खरीदने के लिए अमेरिकी कंपनी एएम जनरल मोटर्स ने भारत फोर्ज लिमिटेड की सहायक कंपनी कल्याणी स्ट्रैटेजिक सिस्टम्स लिमिटेड (केएसएसएल) के साथ समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत भारत में निर्मित उन्नत तोपों की आपूर्ति अमेरिका को होगी। यह पहली बार है जब किसी भारतीय कंपनी ने अमेरिका को तोपों की आपूर्ति के लिए समझौता किया है। एएम जनरल दुनिया का एक प्रमुख सैन्य वाहन निर्माता है। फिलिपींस को ब्रह्मोस मिसाइल बेचने के बाद अब अमेरिकी कंपनी के साथ हुआ यह करार डिफेंस मैन्युफेक्चरिंग में भारत की बढती ताकत को दिखाता है। कल्याणी स्ट्रैटेजिक सिस्टम्स लिमिटेड समझौते के तहत भारत में निर्मित 105एमएम और 155 एमएम कैलिबर की माउंटेड, टोव्ड और अल्ट्रा-लाइट गन सिस्टम की आपूर्ति एएम जनरल को करेगा। केएसएसएल स्वदेशी हथियार प्रणालियों, ऑफ-रोड प्रोटेक्टेड मोबिलिटी सॉल्यूशंस और उच्च-तकनीकी सैन्य उत्पादों के डिजाइन और विकास में विशेषज्ञता रखती है।

फोर्ज की तोपें पूरी तरह से इलेक्ट्रिक ड्राइव सिस्टम से चलती हैं। यह सिस्टम तोपों को विश्वसनीय बनाने के साथ साथ काफी ज्यादा घातक बनाता हैं। तोप को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि इसके रखरखाव में काफी कम खर्च हो, इस वजह से ये पसंदीदा तोप बन गया है। यह समझौता भारत और अमेरिका के बीच रक्षा औद्योगिक सहयोग को बढ़ाने के व्यापक प्रयास का हिस्सा माना जा रहा है, जो हाल ही में द्विपक्षीय रक्षा चर्चाओं के बाद हुआ है।

भारत फोर्ज लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर बाबा कल्याणी ने कहा, +अमेरिका को भारत में निर्मित महत्वपूर्ण रक्षा प्रणालियों की आपूर्ति करना एक महत्वपूर्ण कदम है। हम गर्व महसूस कर रहे हैं कि हम पहली भारतीय कंपनी हैं जो अमेरिका को तोपों की आपूर्ति करेगी। यह हमारी क्षमताओं का प्रमाण है और हमारी विश्व स्तरीय तोप समाधान प्रदाता बनने की मिशन में एक महत्वपूर्ण प्रगति है। वहीं एएम जनरल के कार्यकारी उपाध्यक्ष, जॉन चाडबोर्न ने कहा कि यह समझौता पत्र हमारे दीर्घकालिक सहयोग में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**